सुप्रभात
रांची, रविवार
16.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, एकादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 271



12 सारा खान ने शेयर की सिडनी ट्रिप की वीडियो

16 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:12 बजे
17 अप्रैल का सेहरी भोर 4:08 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## न्यूज डायरी

### नाबालिग का शव मिला दुष्कर्म कर हत्या की आशंका

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र में 10 साल की बच्ची का शव संदेहास्पद स्थिति में मिला है। शव उसके घर से करीब 100 मीटर दूर पड़ा था। आशंका है कि दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या कर शव को वहां फेंक दिया गया है।

### 1 जुलाई से अमरनाथ यात्रा

**जम्मू।** 62 दिनी श्रीअमरनाथ यात्रा इस वर्ष एक जुलाई से शुरू हो कर 31 अगस्त तक चलेगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि परेशानी मुक्त तीर्थ यात्रा को ले कर प्रशासन तैयार है।

### संजय की डिस्चार्ज याचिका

**रांची।** मिड डे मील में100 करोड़ के घोटाले के आरोपी संजय कुमार तिवारी की ओर से ईडी कोर्ट में शनिवार को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गयी।

### केजरीवाल से आज पूछताछ

**नयी दिल्ली।** 17 को दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। सीबीआई ने शराब घोटाले में शुक्रवार को सीएम केजरीवाल को समन भेज कर पूछताछ के लिए रविवार को बुलाया है।

# राज्य में भीषण गर्मी का कहर

## गोड्डा 43, पाकुड़-देवघर का पारा 42 पार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यभर में बढ़ती गर्मी से लोग परेशान हैं। शनिवार को राज्य के कुछ जिलों का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। गोड्डा जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री पहुंच गया। डालटनगंज में 41.6 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 41.3 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में 39.1 डिग्री सेल्सियस और रांची में 37.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आनेवाले दो तीन दिनों के दौरान तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि की संभावना है। आने वाले पांच दिनों तक तापमान में अधिक वृद्धि की संभावना नहीं व्यक्त की गयी है। विभाग ने बढ़ती गर्मी को देख पहले ही चेतावनी जारी की है। आमजनों को सचेत व सतर्क रहने की सलाह दी गयी है।

### 19 और 20 अप्रैल को बारिश के आसार



इस बीच राहत भरी भी खबर आ रही है। विभाग का पूवार्नुमान है कि 19 और 20 अप्रैल को झारखंड के दक्षिणी भागों में गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इधर 16 से 18 अप्रैल तक झारखंड के कई इलाकों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। ऐसे में लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। वहीं, 19 अप्रैल को कुछ राज्य के दक्षिणी जिलों में बारिश और थंडरिंग की संभावना है। इन जिलों में पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां शामिल है। वहीं, 20 अप्रैल को भी इन जिलों में बारिश की संभावना है। 21 अप्रैल को बादल छाये रहने की संभावना व्यक्त की गयी है।

## राहत : सीएम की पहल पर अतिरिक्त बिजली खरीद का प्रस्ताव भेजा

■ जेबीवीएनएल ने सेंट्रल पूल को को भेजा 600 मेगावाट का डिमांड

**रांची।** झारखंड में भीषण गर्मी के बिजली की बढ़ती मांग पर किल्लत के कारण लोड शेडिंग की जा रही है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो राज्य में 300 से 400 मेगावाट तक बिजली की कमी है। यह गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ने से हुई है। बिजली संकट दूर करने की सीएम हेमंत सोरेन की पहल पर जेबीवीएनएल ने सेंट्रल पावर एक्सचेंज से अतिरिक्त बिजली खरीदने की तैयारी शुरू कर दी है। जेबीवीएनएल ने अतिरिक्त 600 मेगावाट बिजली की मांग की है। इसके लिए प्रस्ताव भी सेंट्रल पावर एक्सचेंज को भेज दिया है। जेबीवीएनएल को आश्वास्त किया गया है कि जैसे-जैसे बिजली की आपूर्ति रहेगी, वैसे ही अतिरिक्त बिजली उपलब्ध करा दी जायेगी। शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन ने उर्जा सचिव के साथ बिजली संकट के संबध में बैठक की थी। सीएम ने कहा था कि अतिरि्त बिजली खरीदें पर किसी भी हाल में बिजली कटौती नहीं करें। (शेष पेज 11 पर)

# अतीक व अशरफ की गोली मारकर हत्या

## प्रयागराज में मेडिकल कॉलेज के पास पुलिस वाहन पर फायरिंग



**प्रयागराज (एजेंसी)।** माफिया सरगना अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की देर रात गोली मार कर हत्या कर दी गयी। यह हमला उस समय हुआ जब अतीक अहमद को मेडिकल के लिए पुलिस ले जा रही थी। अपराधियों ने पुलिस की गाड़ी पर ही हमला कर दोनों की हत्या कर दी। अपराधियों ने पुलिस की गाड़ियों पर अंधाधुंध फायरिंग की जिसमें दोनों भाइयों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार तीन हमलावरों ने बाद में पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। जानकारी के अनुसार प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल के पास पुलिस वाहन पर ये हमला हुआ। पुलिस कई वाहनों के काफिले में उस वक्त दोनों को जांच के लिए मेडिकल कॉलेज ले जा रही थी। इसी दौरान तीन-चार हमलावर अचानक बीच में पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने हमलावरों को मौके से दबोच लिया है। इस पूरे हमले को बकायदा मीडिया और पुलिस के सामने अंजाम दिया गया है। दोनों आरोपियों पर जब फायरिंग हुई, पूरी वारदात कैमरे में भी कैद हुई है। (शेष पेज 11 पर)

# परिवहन सचिव के खिलाफ जारी हुआ गिरफ्तारी वारंट

■ हाइकोर्ट ने एसएसपी से कहा, 17 को पेश करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अवमानना मामले में राज्य के परिवहन सचिव के श्रीनिवासन की गिरफ्तारी का जमानतीय वारंट जारी किया है। जस्टिस एस चंद्रशेखर की अदालत ने रांची के एसएसपी को निर्देश दिया है कि वारंट की तामिला करते हुए सचिव को 17 अप्रैल को दोपहर 1.15 बजे कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करें। झारखंड हाईकोर्ट ने सुनील कुमार पासवान द्वारा मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआइ) की नियमित बहाली के मामले में दायर अवमानना याचिका मामले की सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की कोर्ट से बार-बार मिले निर्देश के बावजूद परिवहन सचिव ने जवाब नहीं दिया। इससे नाराज कोर्ट ने प्रतिवादी परिवहन सचिव के खिलाफ जमानतीय गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट द्वारा परिवहन सचिव को जारी गिरफ्तारी वारंट को कोर्ट में सशरीर उपस्थित में बदलने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने नहीं माना। सुनवाई 17 को होगी। यह मामला तत्कालीन परिवहन सचिव के रविकुमार का है।

## झारखंड का बढ़ा गौरव

# गुमला को पीएम आवार्ड

**खबर मन्त्र संवाददाता**



■ 21 को मोदी के हाथों अवार्ड लेंगे डीसी सुशांत गौरव
■ अवार्ड लेनेवाला राज्य का पहला जिला

**गुमला।** हर वर्ष सिविल सर्विस डे पर दिये जाने वाले अतिप्रतिष्ठित पीएम अवार्ड के लिए गुमला जिले का आधिकारिक रूप से चयन हुआ है। लोक प्रशासन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री के हाथों मिलने वाला यह अवार्ड गुमला को मिलने की सूचना पर झारखंड समेत पूरे जिले की टीम एवं लोगों में हर्ष का माहौल है। चयन की आधिकारिक सूचना मिलने पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने बधाई दी है। 21 अप्रैल को नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन सभागार में पीएम मोदी के हाथों उपायुक्त सुशांत गौरव अवार्ड ग्रहण करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

# आर्मी लैंड स्कैम : आरोपियों से चार दिन पूछताछ करेगी इडी

■ इडी ने मांगी थी पांच दिनों की रिमांड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन घोटाले मामले में सीआइ समेत सात लोगों से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) चार दिनों तक पूछताछ करेगी। इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने इसकी इजाजत दे दी है। इडी ने सभी आरोपितों की पांच दिनों की रिमांड कोर्ट से मांगी गयी थी, कोर्ट ने सिर्फ चार दिनों की रिमांड ही मंजूर की। ऐसे में अब माना जा रहा है कि इनसे पूछताछ के बाद आईएएस छवि रंजन को भी पूछताछ के लिए इडी बुलायेगी। (शेष पेज 11 पर)

### सात लोग किये गये हैं गिरफ्तार

इडी ने 13 अप्रैल को आर्मी लैंड स्कैम मामले में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। जिनमें कारोबारी प्रदीप बागची, सीआइ भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मो सद्दाम शामिल हैं। गिरफ्तार सातों आरोपियों को इडी ने कड़ी सुरक्षा में शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया था। जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

झारखण्ड सरकार

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :
• शरीर में पानी की कमी
• उल्टी, तेज बुखार
• कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
• हृदयाघात, मस्तिष्कघात
• कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
• साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
• तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
• बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें



इनका नियमित सेवन करें :-
नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है
• गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
• घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
• लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
• ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
• लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव
हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

PRNO 295189 (Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 23-24

## पंकज मिश्रा की जान बचाने को बाबूलाल की हेमंत से गुहार

**रांची।** राज्य पूर्व और पहले सीएम तथा भाजपा विधायक दल ने नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य के सीएम हेमंत सोरेने से पंकज मिश्रा की जान बचाने की गुहार लगायी है। सोशल मीडिया पर इसके लिए अपील भी की है। बाबूलाल के मुताबिक साहिबगंज महाघोटाला मामले में ईडी केस में पंकज जेल में अभी बंद हैं। सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज के बारे में उनके करीबियों ने जानकारी दी है कि उनकी तबियत ज्यादा ही खराब है। उन्हें जो इलाज मिलना चाहिये, उसका अभाव दिख रहा है। ओवर डोज पेन कीलर लेने के चलते कुछ दिनों पहले से उनकी परेशानी काफी बढ़ गई थी। किसी की भी जान बचाना सबसे जरूरी है। बाबूलाल ने मुख्यमंत्री से अनुरोध करते यह भी कहा है कि पंकज को राज्य से बाहर किसी बड़े चिकित्सा संस्थान में ले जाया जाना चाहिये।

## सीएम ने दी पोइला बोइशाख की बधाई

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ट्वीटर के माध्यम से राज्य की समस्त जनता को बांग्ला नववर्ष पोइला बोइशाख की बधाई और शुभकामनाएं दी है। पोइला बोइशाख राज्य वासियों के जीवन में सुख -समृद्धि और शांति लाए , यही ईश्वर से कामना करता हूं।

## झारखंड के 17 जिले कोरोना की चपेट में

# 5 दिन में मरीजों की संख्या दोगुनी

### सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 151 पहुंची, रिम्स में 15 साल का संक्रमित बच्चा भर्ती

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। एक के बाद झारखंड के 17 जिलों में कोरोना ने पांव फैला दिया है। महज 5 दिन में यहां कोरोना मरीजों की संख्या दोगुनी हो गयी है। 10 अप्रैल को राज्य में कोरोना मरीजों की संख्या 75 थी, जो 15 अप्रैल को बढ़कर 151 पर पहुंच गया है। वहीं राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स में एक कोरोना मरीज (बच्चा) भर्ती है। जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने बताया कि संक्रमित बच्चे को आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया गया है। पीडियाट्रिक विभाग के डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है।

**इन जिलों में कोरोना के इतने सक्रिय मरीज :** बोकारो में कोरोना के 3, चतरा में 1, देवघर में 16, दुमका में 2, पूर्वी सिंहभूम में 24, गढ़वा में 1, गिरिडीह में 3, गोड्डा में 1, गुमला में 1, हाजरीबाग में 8, खूंटी में 1, कोडरमा में 7, लातेहार में 7, लोहरदगा में 8, रामगढ़ में 5, रांची में 59 और पश्चिमी सिंहभूम नेम 4 सक्रिय मरीज हैं।

**देश में बीते 24 घंटे में मिले 10,753 नये मरीज :** बताते चलें कि देश में भी कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना के 10,753 नये मामले सामने आये, जबकि सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 53,720 हो गयी। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे जारी अपडेट आंकड़ों के मुताबिक, भारत में बीते 24 घंटे में कोविड-19 से 27 मरीजों ने दम तोड़ दिया। इसके बाद देश में मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,31,091 पर पहुंच गयी है।

## छवि रंजन ने सेना की जमीन बेचकर कटवाई झारखंड की नाक : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से आईएएस छवि रंजन को जेल भेजने की मांग की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि झारखंड में अब जो हो रहा है, उसे लूट नहीं डकैती की श्रेणी में गिना जाये। देश की सुरक्षा में लगी सेना तक की जमीन बेचवाने वाले चार्जशीटेड रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन के नेतृत्व में सत्ता संरक्षित गिरोह सरकारी जमीन भी बेचने की फिराक में था। इस पूरी डकैती के मास्टरमाइंड सरकारी पेड़ तक को बेच खाने वाले छवि रंजन हैं। उन्होंने कहा कि सेना की जमीन हेराफेरी कर देश से गद्दारी जैसा काम करने वाले ऐसे अफसर पर मुख्यमंत्री कठोर कार्रवाई करें। उन्हें जेल भेजकर नौकरी से बर्खास्त करने का प्रस्ताव केंद्र को भेजें।

**लूटपाट वाली सरकार के एक-एक पापों का होगा हिसाब :** बाबूलाल ने कहा कि ताज्जुब है कि ये अफसर पहले से ही ईडी के सवाल-जवाब का फिल्मी तर्ज पर रिहलसल कर ऐसे तैयार बैठा था, मानो उसे पता चल रहा था कि आगे क्या-क्या होने वाला है और बचना कैसे है। भाजपा की लड़ाई इसी सत्ता संरक्षित डकैती से है। जब भाजपा ने इसका पुरजोर विरोध सचिवालय घेराव के माध्यम से किया तो सरकार के इशारे पर मुकदमा कर भाजपा कार्यकताओं को डराने की कोशिशें हो रही है। ये लूटपाट वाली सरकार इस गलतफहमी में न रहे। इनके एक-एक पापों का हिसाब होगा। जल्द ही ऐसे सारे लोगों का होटवार जेल नया पता होगा।

**पूर्व डीसी के कार्यकाल में हुई गड़बड़ियों की जांच की मांग :** बाबूलाल ने यह भी कहा कि चर्चा है कि छवि रंजन ने रांची डीसी रहते जितने भी जमीन घोटाले किये हैं, उसमें मुख्यमंत्री साझेदार और राजदार भी हैं। उन्होंने भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से भी छवि रंजन के कार्यकाल में हुई गड़बड़ियों की जांच कराने की मांग की।

## खेलकूद में रांची जिला पुलिस प्रथम

**रांची।** पुलिस लाइन में शनिवार को दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में रांची जिला बल 70 अंक के साथ पहले स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर सिमडेगा, तीसरे स्थान पर लोहरदगा, चौथे स्थान पर गुमला और पांचवें स्थान पर खूंटी जिला बल रहा। रांची जिला बल फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, कबड्डी पुरुष, कबड्डी महिला, हैंडबाल और वालीबॉल में पहले स्थान पर रहा।

200 मीटर दौड़ में रांची के कृष्णा उरांव पहले स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में गुमला के संदीप उरांव पहले स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में सिमडेगा के संतोष प्रधान,1500 मीटर दौड़ में सिमडेगा के संतोष प्रधान, 5000 मीटर दौड़ में गुमला के दीपक कुमार पहले स्थान पर रहे। इसके अलावा 10000 मीटर पैदल में लोहरदगा के धमेंद्र महतो, खूंटी के करण भगत लंबी कूद और ट्रिपल ऊंची कूद में पहले स्थान पर रहे। डीआइजी अनूप बिरथरे, एसएसपी किशोर कौशल ने विजेताओं के बीच पुरस्कार बांटे।


**कार्यालयः– जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू।**
जेलहाता रोड, डालटनगंज, पलामू
पत्रांक.................. पलामू /दिनांक..................

**Corrigendum PR.no.-291201**

1. सरकार के संयुक्त सचिव,के पत्रांक–22/निदे0/औषधि/जनऔषधि–14–10/2016–186(D) दिनांक–31.01.2023 के आलोक में जिला स्वास्थ्य समिति,पलामू द्वारा आमंत्रित निविदा सं0–01/2023 में निविदा की धारा–2.2.2 के (II) के (B) को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
निविदा का संशोधित अंश–
B. *05 Points for applicant already possessing drug license*
2. जिला स्वास्थ्य समिति,पलामू द्वारा आमंत्रित निविदा सं0–01/2023 अंतर्गत निम्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जन औषधि केन्द्र खोले जाने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है।
I. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,चैनपुर। II. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,मनातू।
III. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,पाँकी. IV. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,लेस्लीगंज।
V. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,पाटन। VI. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,विश्रामपुर।
VII. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,हुसैनाबाद। VIII. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,हरिहरगंज।
IX. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,छत्तरपुर।
शेष शर्तें यथावत रहेंगी।
PR 295217 District(23-24)D
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।



**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी (अभियंत्रण शाखा)**

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 29/2023-24 PR No-294833 (District) 2023-24 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा में महत्वपूर्ण तिथियों को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

| क्र. | | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे | 17.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि | 20.04.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। | 23.04.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि | 21.04.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक | 24.04.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 24.04.2023 अपराह्ण 01:00 बजे | 25.04.2023 अपराह्ण 01:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगे।
ह०/–जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी
PR 295197 (District)23-24*D



**Govt. of Jharkhand Office of the Director**
**Ranchi Institute of Neuro-Psychiatry & Allied Sciences (RINPAS)**
Kanke, Ranchi – 834006 (Ph.:2450303, 2450813, 2450188)
www.rinpas.nic.in, Directorrinpas@gmail.com & Director-rinpas@jharkhandmail.gov.in

**Walk in Interview**
**Advertisement No. DIR/26/01/2022-2023/ Walk-in-Interview Junior Engineer (Civil)**

In reference to the above mention advertisement, the shortlisted candidates as mentioned in the attached sheet, Sl. No. 01 to Sl. No. 75 are invited for walk in interview on 19/04/2023 and Sl. No. 76 to Sl. No 146 are invited for walk-in-interview on 20/04/2023 at 11.00 AM in the Director Office, RINPAS, Kanke, Ranchi.

The candidate must come with hard copy of all relevant documents in original and two sets of self attested copies on the day of Interview. See the details in RINPAS website.

No T.A. and D.A. will be admissible.

Letter no. 990 dt 13-04-2023
Sd/- Director RINPAS, Kanke, Ranchi
PR 295159 RINPAS(23-24)D



**कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा (अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना
(P.R No.- 293259)
आम सूचना

निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र–2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछडी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रकियात्मक कार्रवाई से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (P.R No.- 293259) के क्रम में पूर्व में निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :–
ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 25.04.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 10.05.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 17.05.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।
ह0/– जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा।
PR.NO.295218 Lohardaga(23-24):D



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR**

E-Procurement Notice (2nd Call)
Very Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-29/2022-23 Dated : 14-04-2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | 17.04.2023 / 12.30 P.M. |
| 3 | Last date / Time for receipt of Bid | 22.04.2023 / 05.00 P.M. |
| 4 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | 24.04.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 5 | Date & time of Opening of Tender | 25.04.2023 / 04.00 P.M. |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 7 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 9 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 10 | Detailed survey, designing and drawing, construction of 71469 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23. | |

| SL. No. | Group No. | Name of Block | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | SVS/CLUSTER-29 | Panki | 2 | 14 | 82 | 837.15 | 8.38 | 10000.00 | 9 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

SAVE WATER FOR COMING GENERATIONS
Executive Engineer DW&S Division, Medininagar
PR 295196 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D


# भाजपा प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला, कहा सचिवालय घेराव मामले की न्यायिक जांच हो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सचिवालय घेराव कार्यक्रम की न्यायिक जांच कराने का आग्रह किया है। इस मामले में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को उनसे मिलकर ज्ञापन भी सौंपा है। इसमें पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा और बालमुकुंद सहाय भी शामिल थे। पार्टी ने राज्यपाल को जानकारी देते कहा कि 11 अप्रैल को रांची में पार्टी की ओर से सचिवालय घेराव कार्यक्रम को बाधित करने का काम राज्य सरकार ने किया। बावजूद इसके प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम पूरी तरह से लोकतांत्रिक रहा। लोकतंत्र में सत्ता की विफलताओं नाकामियों को उजागर करना विपक्ष का धर्म है। इसका पालन लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा ने किया है। कार्यक्रम में शामिल हजारों भाजपा कार्यकताओं एवं आम जनता ने धैर्य एवं संयम का परिचय दिया। कहीं भी कोई तोड़-फोड़, हिंसा नहीं की। ऐसे में पुलिसिया धौंस, फर्जी मुकदमों, संगीन अपराध की कानूनी धाराओं के आधार पर हेमंत सरकार अपने कुकृत्यों पर पर्दा डालना चाहती है। पार्टी ने आग्रह करते कहा कि 11 अप्रैल को भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुई पुलिसिया कार्रवाई, लाठीचार्ज, नेताओं, कार्यकताओं पर हुए फर्जी मुकदमों की न्यायिक जांच कराई जाये. दोषियों पर सख्त कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दें।

### जनविरोधी है हेमंत सरकार

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से कहा कि प्रदेश भाजपा लगातार सरकार की विफलताओं, नाकामियों को उजागर करती रही है। पार्टी ने राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की भावनाओं के अनुरूप हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही झामुमो, कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों, वादा खिलाफी को सड़क से सदन तक लगातार उजागर किया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के द्वारा राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के गंभीर मामले आए दिन उजागर हो रहे हैं। राज्य के लिए शर्मनाक स्थिति यह है कि भ्रष्टाचार के मामले में स्वयं मुख्यमंत्री, उनके परिजन, सहयोगी के साथ कई वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता भी उजागर हुई है।

### राज्य का विकास नहीं करना चाहती सरकार

राज्य सरकार की नियत में ही खोट है, यह सरकार राज्य का विकास नहीं करना चाहती बल्कि अपने परिजनों और चहेतों को केवल खनिज संसाधनों और राज्य के खजाने को लूटने की छूट देना चाहती है। राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति का परिणाम है कि राज्य के अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक समुदाय के बीच दूरियां बढ़ रही है। प्रदेश भाजपा ने कई सांगठनिक कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य सरकार की नाकामियों एवम जन विरोधी नीतियों को उजागर किया है। पार्टी द्वारा राज्य के सभी 264 प्रखंडों एवं 24जिलों की सांगठनिक इकाइयों ने अपने-अपने प्रखंडों,जिलों में जोरदार प्रदर्शन आयोजित किए। इसके बाद पार्टी ने प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन की घोषणा की थी। 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव जब किया गया तो राज्य सरकार ने तानाशाही की और फर्जी मुकदमे किये। हिटलरशाही सोच की पराकाष्ठा कर दी है।


**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सरायकेला–खरसावाँ।**
शुद्धि पत्र
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, सरायकेला–खरसावाँ द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या PR 294936 Fish (23-24)#D में आवश्यक शर्ते के लिए दिए गये बेवसाईट www.seraikella.nic.in को www.seraikela.nic.in पढा जाए।
शेष यथावत रहेगा।
जिला मत्स्य पदाधिकारी सरायकेला–खरसावाँ।
PR 295211 Fish(23-24)D



**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची**
e- Tender No. 1325 Date 15.4.2023
अति अल्पकालीन ई– निविदा
जिला अस्पताल,राँची के लिए Technical & Others Staff के आपूर्ति हेतु निबंधित बाह्य स्त्रोत एजेन्सी से दिनांक 3.5.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से तकनीकि विवरण /स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि website http://jharkhandtenders.gov.in पर दिनांक 17.4.2023 से देखा जा सकता है। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्धि पत्र website http://jharkhandtenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,राँची
PR 295200 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D



**कार्यालय:जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार**
द्वितीय तल्ला, समाहरणालय परिसर, लातेहार
ईमेल–latehar.mdm@gmail.com/mdmltr@yahoo.in
अति अल्पकालीन निविदा संख्या–एम0डी0एम0–01/2023
(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग, लातेहार)
:–आवश्यक सूचना :–
लातेहार जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 22.04.2023 के अपराह्न 2:00 बजे तक जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निहित शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन अपराह्न 04:00 बजे अपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्तें लातेहार जिला के अधिकृत Website :- www.latehar.nic.in एवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।
जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार।
PR 295169 (Human Resource Developement) 23-24 (D)


# झारखंड के ब्यूरोक्रेट्स व जमीन कारोबारी पर इडी का चाबुक

## 11 महीनों से इडी सुर्खियों में, ब्यूरोक्रेट्स समेत 15 जेल में

### 50 से अधिक लोग पहुंचे है इडी कार्यालय के दरवाजे पर

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड में इडी ब्यूरोक्रेट्स समेत घपला करनेवाले लोगों पर दनादन चाबुक चला रही है। इडी के आंकड़ों पर गौर करें तो इडी ने 11 महीने के दौरान जहां पांच बड़े मामलों की जांच कर रही है, वहीं दूसरी तरफ झारखंड के तीन ब्यूरोक्रेट्स को सलाखों के पीछे भेज दिया है। इससे ब्यूरोक्रेटस में हड़कंप मच गया है। इडी अबतक 15 लोगों को मनी लाउंड्रिंग के मामले में जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**चाबुक नंबर एकः मनरेगा घोटाला मामले में आइएएस पूजा सिंघल :** इडी ने 2009-10 में हुए मनरेगा घोटाला मामले चाबुक सबसे पहले निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को निशाना बनाया और उन्हें व उनके पति अभिषेक के सीए सुमन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूजा सिंघल और उनके करीबी के यहां से 19 करोड़ रूपए जब्त किए गए थे।

**चाबुक नंबर दोः अवैध खनन मामले में सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत तीन गिरफ्तार :** प्रवर्तन निदेशालय एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में 19 जुलाई 2022 को सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि? पंकज मिश्रा समेत तीन को गिरफ्तार किया। चार अगस्त 2022 को इडी ने बच्चू यादव, 25 अगस्त 2022 को कारोबारी प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था। इस मामले में दो आरोपी दाहू यादव व उसके भाई सुनील यादव अब भी इडी की गिरफ्त से दूर हैं।

**चाबुक नंबर तीनः मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पच्चिम बंगाल के चर्चित कारोबारी अमित अग्रवाल आए जद में :** 50 लाख रिश्वत के मामले में पच्चिम बंगाल के चर्चित कारोबारी अमित अग्रवाल को इडी ने सात अक्टूबर 2022 को कोलकाता से गिरफ्तार किया था। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत तो जरूर मिली और वे अभी जमानत पर बाहर हैं। लेकिन, उन्हें विदेश जाने की अनुमति नहीं मिली है।

**चाबुक नंबर चारः ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम पर बरपा कहर :** मनी लांड्रिंग मामले में बीते 23 फरवरी को इडी ने ग्रामीण विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम पर कहर बरपा। 11 अप्रैल को इडी ने वीरेंद्र राम के करीबी आलोक रंजन को गिरफ्तार किया था। इडी छापेमारी में वीरेंद्र राम के ठिकानों से 125 करोड़ से अधिक की चल-अचल संपत्ति जब्त किया था।

**चाबुक नंबर पांचः आर्मी लैंड स्कैम मामले में इडी ने सीआइ समेत सात को लगी हथकड़ी :** रांची के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन घोटाले के मामले प्रवर्तन निदेशालय( इडी) ने 13 अप्रैल 2023 की देर रात सीआइ समेत सात लोगों को हथकड़ी लगा दी गई। सलाखों के पीछे भेजे गए आरोपियों में आसनसोल के कारोबारी प्रदीप बागची, सीआइ भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। इडी ने रांची समेत 22 जगहों पर छापेमारी हुई थी।

# डॉ गिरधारी राम गौंझू की पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक गोष्ठी, डहर पत्रिका का विमोचन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ द्वारा पद्मश्री डॉ. गिरिधारी राम गौंझू गिरिराज की द्वितीय पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी स्मृति में सांस्कृतिक गोष्ठी सह डहर पत्रिका के स्मृति विशेषांक का लोकार्पण किया गया। पुरानी विधानसभा के विधायक क्लब में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डॉ. महुआ माजी, पद्मश्री मधू मंसूरी हंसमुख, विधायक नवीन जायसवाल, संस्था के अध्यक्ष डॉ. रामप्रसाद, साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी, सरस्वती गौंझू, एचईसी के पूर्व महाप्रबंधक हेमंत कुमार गुप्ता ने डॉ. गौंझू की स्मृति में प्रकाशित डहर विशेषांक का लोकार्पण किया। वहीं उपस्थित लेखक-रचनाकारों व शोधार्थी छात्र-छात्राओं ने डॉ. गौंझू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने संस्मरण प्रस्तुत किये।

**बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे डॉ गौंझू : महुआ माजी :** डॉ. महुआ माजी ने कहा कि डॉ. गौंझू विलक्षण प्रतिभा के धनी एवं सादगी के प्रतिमूर्ति थे। वे कहानीकार, शोधकर्ता, नाटककार, कवि, लेखक, समीक्षक, अनुवादक, संपादक, रंगकर्मी व कुशल तैराक भी थे। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि डॉ. गौंझू के व्यक्तिव में झारखंड की सांस्कृतिक छाप झलकती थी। वे एक चलते-फिरते इनसाईक्लोपीडिया थे. मौके पर झारखंड राज्य खुला (ओपन) विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. त्रिवेणी नाथ साहू ने कहा कि नागपुरी भाषा की जड़ों को सुदृढ़ करने और इस मुकाम तक पहुंचाने में डॉ गौंझू के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।



## कोविड महामारी ने ले ली थी डॉ गौंझू की जान

डॉ. गौंझू की धर्मपत्नी सरस्वती गौंझू, महाबीर नायक, डॉ सुखदेव साहू, सबिता केशरी, सागर कुमार, डॉ. अजय नाथ शाहदेव, विक्की मिंज, महेश्वर शारंगी, कृष्ण जीवन पौराणिक, राकेश रमण, सुंदर सुब्रमणियम, रामकुमार नायक, श्रवण कुमार गिरी, अजय कुमार प्रतिज्ञा ने भी उनकी जीवन शैली पर प्रकाश डाला। रांची विवि के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में विभागाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने झारखंड के सभी क्षेत्रीय भाषाओं के विकास के लिए पुरजोर प्रयास किया. डॉ. बिसेश्वर प्रसाद केशरी एवं पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा के घनिष्ठ तिकड़ी के आखिरी कड़ी को कोरोना महामारी ने 15 अप्रैल 2021 को चीर निंद्रा में सुला दिया था। इस अवसर पर उनके परिजन सहित साहित्य जगत के प्रतिनिधि भी शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार पीयूष, डॉ सच्ची कुमारी, स्नेह प्रतीक, सुमति कुमारी, अर्चना आईंद ने योगदान दिया।

### राजधानी में फिर साइबर अपराधियों का आतंक

# रांची में बुजुर्ग के खाते से उड़ाये पैसे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में एक बार फिर साइबर अपराधियों का आतंक सामने आ गया है। साइबर अपराधी बुजुर्गों को अपना निशाना बना रहे हैं। इस बार एक 66 वर्षीय बुजुर्ग को साइबर अपराधियों ने ठगी का शिकार बनाया है। मामले को लेकर रांची के मोरहाबादी निवासी कन्हैया प्रसाद अग्रवाल ने बरियातू थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

**क्या है मामला :** साइबर अपराधी हर दिन अपनी नई-नई चाल और तकनीक से आम लोगों की गाढ़ी कमाई को उड़ा रहे हैं। ताजा मामला रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के रहने वाले 66 वर्षीय बुजुर्ग कन्हैया प्रसाद अग्रवाल का है। साइबर अपराधियों ने कन्हैया प्रसाद अग्रवाल के खाते से 55,746 रुपए उड़ा लिए। ठगी की जानकारी कन्हैया प्रसाद को तब मिली, जब उन्होंने अपने खाते को अपडेट करवाया। इसके बाद उन्होंने सीधा रांची के बरियातू थाना पहुंच कर अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।



**कैसे की गई ठगी :** कन्हैया प्रसाद ने बरियातू थाना में दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि वह ओल्ड मार्केट रोड मोरहाबादी में रहते हैं। दो दिन पूर्व उनके मोबाइल पर चेन्नई स्थित इंडियन बैंक से फोन आया। जिसमें उनसे पूछा गया कि उनके खाते से 1700 ट्रांसफर हुए हैं, क्या वो आपने किया है। यह सुनकर कन्हैया प्रसाद हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने खाते से कोई पैसे ट्रांसफर नहीं किए हैं। बैंक के द्वारा उन्हें जानकारी दी गई कि उनके खाते से लगातार पैसे गायब किए जा रहे हैं। ऐसे में आप तुरंत साइबर हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करें।

### जांच में जुटी पुलिस

वहीं दूसरी तरफ साइबर पुलिस की सहायता से बरियातू थाना की टीम साइबर अपराधियों के ठगी का ये कौन सा तरीका है यह समझने की कोशिश कर रही है। कन्हैया प्रसाद को न ही कोई ओटीपी आया और न ही उन्होंने बैंक से संबंधित कोई जानकारी किसी से शेयर की, फिर भी उनके खाते से रकम गायब हो गई। बरियातू थाना के प्रभारी प्रयाग दास ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है. साइबर क्राइम ब्रांच से भी मदद ली जा रही है।

### जानकारी शेयर किये बगैर ही खाते से उड़ाये रुपये

बैंक के द्वारा दिए गए सूचना पर आनन-फानन में कन्हैया प्रसाद में अपने एटीएम सहित तमाम दूसरे बैंकिंग माध्यम को ब्लॉक करवाना शुरू किया, लेकिन इसी बीच उनके खाते थे 10 रुपए ,4990 रुपए, 45400 रुपए, 1000 रुपए, 1100 रुपए और 1700 रुपए की निकासी अलग-अलग तारीख में हो गई। सबसे आ>र्यजनक बात यह थी कि कन्हैया प्रसाद के पास जितने बैंकों के खाते थे निकासी सबसे हो रही थी। कन्हैया प्रसाद ने अपने आवेदन में बताया है कि उन्होंने अपने बैंक ऑफ बड़ौदा, आईसीआईसीआई बैंक का यूपीआई भी फ्रिज करवा दिया है। कन्हैया प्रसाद को यह समझ में नहीं आया कि आखिर जब उन्होंने अपनी निजी जानकारी बैंक संबंधित किसी से भी साझा नहीं की तब उनके खाते से पैसे कैसे निकल गए।

# एसके मिश्रा के हाथों में डीएवी हेहल की कमान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एसआरडीएवी पूंदाग के प्राचार्य रहे एसके मिश्रा को डीएवी हेहल का नया प्राचार्य बनाया गया है। डीएवी ग्रुप ने उनपर भरोसा करते हुए उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। शनिवार को श्री मिश्रा ने डीएवी हेहल में प्राचार्य के पद योगदान भी कर दिया। उन्हें डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-बी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी और हेहल के प्राचार्य रहे एम के सिन्हा ने प्रभार सौपा। इस अवसर पर आजीवन सदस्य डीएवी कॉलेज प्रबन्धन समिति नई दिल्ली एसएल गुप्ता एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एके अमरेश उपस्थित थे। श्री गुप्ता एवं श्री सिन्हा ने नवनियुक्त प्राचार्य श्री मिश्रा को पुष्प गुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया एवं मंत्रोच्चार के साथ श्री मिश्रा को प्राचार्य की कुर्सी पर बैठाया। प्राचार्य का पद संभालने के बाद श्री मिश्रा ने श्री सिन्हा एवं श्री गुप्ता का आशीर्वाद लिया और कहा कि मैं डीएवी के झंडा को हमेशा ऊंचा रखूंगा एवं विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहूंगा। पद्मश्री से सम्मानित आर्यरत्न डॉ पूनम सूरी और प्रधान डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति नई दिल्ली एवं निदेशक(पी एस-1) डॉ जेपी सूर का भी आभार व्यक्त किया। कहा कि आप सभी पदाधिकारियों ने इतने बड़े विद्यालय की जिम्मेदारी देकर मुझ पर जो विश्वास दिखाया है, मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मैं बच्चों एवं अभिभावकों की हर समस्या का समाधान करूंगा। श्री मिश्रा को डीएवी हेहल का प्राचार्य बनने पर प्रेम प्रकाश आर्य वाइस चेयरमैन(एलएमसी)डीएवी हेहल के ,बरियातू के प्राचार्य वीके पाण्डेय, गांधी नगर के एसके सिन्हा, नीरजा सहाय की किरण यादव समेत सभी एलएमसी के सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बताते चलें कि एस के मिश्रा एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग से स्थानन्तरित होकर डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल आए हैं एवं एमके सिन्हा को डीएवी हेहल से स्थानांतरित करते हुए डीएवी कपिलदेव की जिम्मेदारी दी गयी है। फिलहाल उनके पास इस स्कूल का भी प्रभार था।



## एचइसी के लगभग 1650 कैजुअल कर्मियों को नहीं मिला वेतन, मुख्यालय किया जाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मियों ने शनिवार को एचइसी मुख्यालय को जाम करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। इस बार एचईसी में काम करने वाले कैजुअल कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। बीते दिनों लगभग 150 दिनों तक चले आंदोलन के बाद एचईसी के परमानेंट स्टाफ को दो महीने का वेतन मिल गया, लेकिन 1650 के करीब कैजुअल स्टाफ को वेतन अब तक नहीं मिला है। जिसके विरोध में ठेका श्रमिकों ने एचइसी मुख्यालय को जाम कर दिया। उनका कहना है कि कंपनी के लिए वे भी काम करते हैं। ऐसे में समय पर उन्हें भी वेतन मिलना चाहिए।

**150 दिनों तक चला था आंदोलन :** एचईसी के स्थायी कर्मचारियों ने वेतन भुगतान की मांग को लेकर लगभग 150 दिनों तक आंदोलन किया था। उन्हें वेतन मिल सके इसके लिए रांची सांसद संजय सेठ समेत कई प्रमुख लोगों ने प्रयास किया था। जिसके बाद तीन अप्रैल से स्थायी कर्मचारियों को वेतन दे दिया गया। उन्हें दो महीने का वेतन दिया गया। वेतन मिलने के बाद टिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महासिचव राणा संग्राम सिंह ने कहा है कि कामगारों को अब दोगुना उत्साह से काम करने की जरूरत है। कर्मचारियों की ओर से चल रहा आंदोलन वेतन देने की सहमति के बाद एक अप्रैल से समाप्त कर दिया गया था।

## हत्या के दो मामले में सम्राट गिरोह का सरगना बरी

**रांची।** अदालत ने शनिवार को सम्राट गिरोह के सरगना जयनाथ साहू को हत्या के दो अलग-अलग केस में बरी कर दिया है। सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त एमसी वर्मा और अपर न्याययुक्त की कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में उसे बरी कर दिया है। जयनाथ साहू की ओर से अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने पक्ष रखा। गौरतलब हो कि जयनाथ साहू पर धूपेश्वर सिंह की हत्या और फरीद मल्लिक की हत्या के प्रयास का आरोप था। दोनों मामले रांची के लापुंग थाना से जुड़ा है। वर्ष 2000 और 2004 में जयनाथ साहू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में पांच गवाह पेश किये गये। लेकिन यह साबित नहीं कर पाये कि जयनाथ साहू ने धूपेश्वर सिंह की हत्या करवायी थी। साथ ही फरीद मल्लिक की हत्या करने के लिए गोली चलवाया था।

# बढ़ती गर्मी के कारण सरकार से स्कूलों की समय सारणी में बदलाव की मांग

### सुबह 7 से 11 बजे तक स्कूल चलाने की मांग, डीसी को ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार से विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग की है। संघ के प्रधान सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन कुमार एवं प्रदेश सचिव साधु उरांव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से बहुत गर्मी पड़ रही है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं में सेहत की समस्या उत्पन्न हो गई है। अत्यधिक गर्मी के कारण बहुत से बच्चे बेहोश हो जा रहे हैं और कई लू लगने के कारण बिमार पड़ जा रहे हैं। आने वाले दिनों में गर्मी में और इजाफा होने की संभावना है, ऐसा होने पर छात्र-छात्राओं के जान को खतरा हो सकता है। इसे देखते हुए छात्रहित में समय में परिवर्तन किया जाय और पूर्व वर्षों की भांति विद्यालय संचालन का समय 6:30 से 11:30 तक किया जाये। वहीं, दूसरी ओर भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी रांची डीसी को ज्ञापन सौंपकर समय में परिवर्तन की मांग की है। सौंपे ज्ञापन में जिला महासचिव कृष्ण शर्मा, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद और सोशल मीडिया प्रभारी अजय ज्ञानी ने कहा है कि दो-तीन दिनों से राजधानी रांची में भी तापमान 41 डिग्री तक पहुंच गया है। भीषण गर्मी उच्चतम तापमान में और बढ़ोतरी की आशंका है। पदाधिकारियों ने कहा है कि सुबह 11 बजे से तापमान ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसे में रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में नौनिहालों के लू की चपेट में आने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने जून तक विद्यालय का संचलन प्रातः 7 से 11 बजे तक चलाने की मांग की है।



### शनिवार को जिले में अधिकतम तापमान

| | | | |
|---|---|---|---|
| बोकारो | 39.1, | लातेहार | 39.7 |
| चतरा | 38.7 | लोहरदगा | 36.6 |
| देवघर | 41.5 | पाकुड़ | 41.9 |
| गढ़वा | 41.3 | पलामू | 41.2 |
| गिरिडीह | 39.9 | रामगढ़ | 39.5 |
| गोड्डा | 42.9 | रांची | 37.4 |
| गुमला | 37.8 | साहिबगंज | 40.0 |
| हजारीबाग | 37.7 | सिमडेगा | 38.5 |
| खूंटी | 37.9 | प. सिंहभूम | 38.8 |



## एक नजर में

### रिम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में सुजाता और प्रियेश का चयन

**रांची।** रिम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में इंफेक्शन कंट्रोल नर्स (एनसीडीसी/ एचएआई/ एएमआर) के लिए निकाले गए विज्ञापन को लेकर शुक्रवार को साक्षात्कार लिया गया। इसके बाद चयन समिति ने सुजाता कुमारी को पद के लिए योग्य पाया। वहीं साबित्री कुमारी को वेटिंग लिस्ट-1 और रुखसार फातिमा को वेटिंग लिस्ट-2 में रखा गया है। चयनित अभ्यर्थी को 15 दिन के अंदर ज्वाइन करने का निर्देश दिया गया है। वहीं माइक्रोबायोलॉजी विभाग में ही फील्ड वर्कर (एनसीडीसी/ एनवीएचएसपी) प्रोजेक्ट के लिए साक्षात्कार के बाद प्रियेश कुमार ठाकुर का चयन किया गया है। वहीं रोहित निशांत लकड़ा को वेटिंग लिस्ट-1 और शैफुल हैदर को वेटिंग लिस्ट-2 में रखा गया है।

### सम्मानित किये गये गोल्ड मेडल विजेता विद्यार्थी

**रांची।** नीरजा सहाय डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रार्थना सभा प्रांगण में नेशनल साईंस ओलिम्पियड के विजेता विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने एन एस ओ,आई ई ओ,आई एम ओ के द्वितीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साईंस ओलिम्पियड फाउंडेशन की ओर से कुल 39 बच्चों को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र,गोल्ड मेडल एवं कुछ बच्चों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गयी इनमें अदिति सिंह, शिवम तिग्गा, आयुष नारायण देव, ओम शिवम, समीक्षा राज, आरुषि, आदर्श पटेल, अदिति सिंह, अमर भोई सरीखे बच्चे शामिल हैं। छात्र- छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्या किरण यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं संयोजक शिक्षिका तनुश्री चक्रवर्ती को शुभकामनाएं अग्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

### लोअर बाजार थाने के समीप दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

**रांची।** भारतीय एकता कमेटी और नौजवान मोहर्रम कमेटी सहीदिया सितारा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को लोअर बाजार थाना के समीप दावत-ए- इफ्तार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न धर्म समुदाय के गणमान्य लोग तथा मुहल्ले के लोग शरीक हुए। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक तौर पर देश, राज्य समाज की खुशहाली व विकास के लिए दुआएं मांगी साथ ही एकता व भाईचारगी के साथ जीने का संकल्प लिया।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक रक्त संग्रह करें : डॉ बीपी सिंह

**रांची।** झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक डॉ भुवनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शानिवार को बैठक हुई। इसमें डीजीएचएस सपोर्टेड रक्त केंद्रों की समीक्षा की गयी। समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 320924 यूनिट रक्त संग्रह किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। कहा गया कि यह अब तक विभिन्न वित्तीय वर्षों में किए गए रक्त संग्रह में सर्वाधिक है। समीक्षा बैठक के दौरान डॉ भुवनेश प्रताप सिंह ने सभी रक्त केंद्र पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि संबंधित जिला उपायुक्त से वार्ता कर स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक रक्त संग्रह करें। वैसे निजी अस्पताल जो सरकारी अथवा निजी रक्त केंद्र से रक्त लेते हैं, लेकिन उनके द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन नहीं किया जाता है, वैसे निजी अस्पतालों को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए संबंधित रक्त केंद्र के पदाधिकारी बैठक करें। स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के आयोजन के क्रम में मंत्री, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को विशेष रूप से आमंत्रित करें। इससे संबंधित वीडियो यूट्यूब पर अपलोड करने का भी निर्देश दिया।

# झारखंड में नक्सलियों के बाद संगठित अपराधी गिरोह पुलिस के रडार पर

**सत्येन्द्र**

**रांची।** नक्सलियों के बाद अब झारखंड पुलिस के निशाने पर संगठित अपराधिक गिरोह के सरगाना है। उनपर कार्रवाई के लिए झारखंड पुलिस ने स्पेशल टीम बनाई है। ज्ञात हो कि झारखंड से नक्सलियों के सफाया के लिए चलाये गये अभियान के बदौलत नक्सल फ्रंट पर लगातार कामयाबी हासिल करने वाली झारखंड पुलिस के लिए अगला टारगेट झारखंड में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह हैं। झारखंड के नए डीजीपी अजय सिंह संगठित आपराधिक गिरोहों को नेस्तनाबूद करने लिए खुद भी एक्टिव हैं। यही वजह है कि झारखंड में सक्रिय बड़े आपराधिक गिरोहों पर नकेल कसने के लिए पुलिस एक बेहतरीन प्लान पर काम करना शुरू कर चुकी है। इसके तहत झारखंड से बाहर रहकर राज्य में अपराधिक कृत्यों को अंजाम देनेवाले अपराधियों की गिरफ्तारी का कमान स्पेशल टीम को सौपा है। इसके तहत कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है। जानकारी के अनुसार स्पेशल टीम के कई अफसर मिशन को मुकम्मल बनाने के लिए कई राज्यों में कूच भी कर चुके हैं।

झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर या तो जेल में रह कर अपने गिरोह का संचालन कर रहे हैं, या फिर झारखंड के बाहर से, कुछ अपराधी तो देश के बाहर से भी झारखंड में अपने गैंग को ऑपरेट कर रहे हैं। लेकिन अब ऐसे गैंग्स के लिए मुश्किलों भरा समय आ चुका है। क्योंकि झारखंड पुलिस संगठित अपराधिक गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए गठित स्पेशल सेल का कमान आईपीएस रैंक के अधिकारी को सौपा गया है। वहीं इसका मॉनिटरिंग पुलिस मुख्यालय से आईजी रैंक के अधिकारी कर रहे है।

**पुलिस के राडार पर है प्रमुख गैंग :** झारखंड में फिलहाल आठ से दस संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, जिनमे से अधिकांश के गैंग लीडर जेल में बंद हैं, कुछ फरार हैं जबकि कुछ के गैंगवार में मारे जाने के बाद भी उनके गिरोह को उनके परिवार के सदस्य या फिर उनके बेहद करीबी रहे गिरोह का संचालन कर रहे हैं। जो प्रमुख गैंगस्टर सलाखों के पीछे हैं उनमें प्रमुख रूप से डॉन अखिलेश सिंह, सुजीत सिन्हा, अमन साव, अमन सिंह और अनिल शर्मा शामिल हैं। ये सभी राज्य के अलग अलग जेलों में बंद हैं। वहीं, कुख्यात गैंगस्टर भोला पांडेय और सुशील श्रीवास्तव दोनो ही गैंगवार में मारे गए हैं, लेकिन दोनों के ही गैंग राज्य में बेहद सक्रिय हैं। इस समय भोला पांडेय गिरोह का संचालन, विकास पांडेय कर रहा है। वहीं सुशील श्रीवास्तव गैंग को उसका बेटा अमन श्रीवास्तव संभाल रहा है। इसके अलावा राज्य में कुछ ऐसे भी गिरोह है जिनके सरगाना और पुलिस के बीच लगातार आंख मिचौली चल रही है, उनमें प्रमुख नाम डब्ल्यू सिंह उर्फ गौतम सिंह का है। डब्लू सिंह को पलामू के आतंक के रूप में जाना जाता है। ये सभी गैंग्स झारखंड पुलिस के स्पेशल सेल के रडार पर हैं। दूसरा प्रमुख नाम गैंग्स ऑफ वासेपुर के प्रिंस खान है, प्रिंस खान फिलहाल दुबई में है और वहीं से अपने गैंग को ऑपरेट कर रहा है।

**स्पेशल सेल गिरोह के सदस्यों की जुट रही है जानकारी :** स्पेशल सेल के अफसर सभी गैंग्स मेंबर, उनके करीबियों, उनको पनाह देने वाले, उनके जमानतदार, की अकूत संपत्ति का निवेश करने वाले तक की सूची तैयार कर रही है, साथ ही किस गैंग के कौन से सदस्य जेल में है, कौन जमानत पर है और कौन फरार है इसकी भी सूची तैयार की गई है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में कुख्यात गैंग को लेकर जो सूचना एकत्र की गई है, उसके अनुसार जेल में बंद जमशेदपुर के डॉन अखिलेश सिंह के गिरोह में 47 सदस्य हैं, जिनमें से 23 जमानत पर हैं और 09 फरार चल रहे हैं।

पलामू के गैंगस्टर डब्ल्यू सिंह के गिरोह में 30 सक्रिय सदस्य हैं, जिनमें से 15 फरार हैं, 05 जमानत पर और बाकी जेल में हैं. सुजीत सिन्हा के गिरोह में कई सक्रिय सदस्य हैं। दरअसल यह गिरोह नए-नए अपराधियों को मौका देता है। अमन सिंह गिरोह में 56 सक्रिय सदस्य हैं जिनमें से 11 जमानत पर हैं और 05 फरार चल रहे हैं। भोला पांडे गिरोह में 39 सक्रिय सदस्य हैं, जिनमें 30 जमानत पर हैं और 6 फरार चल रहे हैं। अमन श्रीवास्तव गिरोह में 38 सदस्य हैं जिनमें से 29 जमानत पर हैं और 6 फरार चल रहे हैं। अमन साव गिरोह में 70 सक्रिय सदस्य हैं जिनमें से 46 जमानत पर है, जबकि पांच फरार है। प्रिंस खान गिरोह में 34 से ज्यादा अपराधी हैं, इनमें से 10 जमानत पर हैं बाकी 10 से ज्यादा जेल में, जबकि बाकी फरार हैं।



### क्या कहते हैं आईजी अभियान

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वेणुकान्त होमकर के अनुसार संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया है। स्पेशल सेल राज्य के बाहर छिपे कुख्यात अपराधियों पर भी करवाई कर रहा है।अपराधियों के धर पकड़ के लिए एटीएस की भी मदद ली जा रही है, साथ ही सीआईडी से भी इस मामले भरपूर मदद मिल रही है। स्पेशल टीम के इनपुट पर कई अपराधियों को दबोचा भी गया है।

### जेलकर्मियों से साठगांठ की हो रही है जांच

अपराधियों के लिए गठित स्पेशल टीम अमन साहू, अमन सिंह का जेलकर्मियों से क्या संबंध रहा है। इसकी जांच कर रही है। जांच के बाद इससे जुड़े अपराधियों एवं जेल कर्मियों के खिलाफ सीआईडी के डीआईजी डॉ एम तामिल वाणन ने रिपोर्ट तैयार कर एटीएस के एसपी सुरेन्द्र झा को कार्रवाई के लिए सौप दिया है। इसके अलावा टीम ने अमन साहु, अमन सिंह, अमन श्रीवास्तव, भोला पांडेय गिरोह से जुड़े अपराधियों की चल-अचल संपति की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद टीम नक्सलियों एवं आतंकवादियों के खिलाफ यूएपीए के तहत जिस तरह की कार्रवाई होती है, वैसी ही कार्रवाई इन अपराधिकों के साथ भी पुलिस करेगी।

# जेएसएलपीएस के कमड़े सिलाई-कढ़ाई सेंटर में भूत!

सुधीर



**रांची।** जेएसएलपीएस के कमड़े स्थित सिलाई-कढ़ाई सेंटर में भूत! जी हां। भूत ऐसा कि सिलाई कढ़ाई सीखने कोडरमा से आयी बच्चियों को डरा रहा है। भूत के डर से इस सेंटर की दो लड़कियां वर्षा और सपना बेहोश हो गयीं। उन्हें-बार -बार दौरे आ रहे थे।

बताते चलें कि जेएसएलपीएस की ओर से कई तरह के रोजगारपरक कोर्स आयोजित किए जाते हैं। इनमें एक सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण भी है। इसके लिए मध्य प्रदेश स्थित भोपाल के एक एनजीओ इ हेरेज टेक्नोलॉजी को जिम्मेवारी दी गई है। इसके संचालक अपूर्व मालवीय बताये जा रहे हैं। इस संस्था के द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित जरूरतमंद लड़कियों को प्रशिक्षण के लिए लाया जाता है और उन्हें 3 महीने की ट्रेनिंग देकर सर्टिफिकेट दिए जाते हैं।

**भूत..भूत... चिल्लाने लगी :** इसी क्रम में कोडरमा जिले के अलखडीहा समेत अन्य गांवों से आई लड़कियों पर शुक्रवार की देर रात भूत सवार हो गया। वह भूत..भूत... चिल्लाने लगी। उनके चिल्लाने की आबाज से आसपास के क्षेत्रों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद पड़ोस में ही रहने वाले और मकान मालिक रविंद्र तिवारी ने सभी बच्चियों को अपने घर ले जाकर रखा। उनके घर जाने के बाद भी बच्चियां बार-बार बेहोश हो रही थी। परंतु उनके इलाज के लिए संबंधित संस्था की ओर से रात को न तो किसी डॉक्टर को बुलाया गया और न ही इन बच्चियों के लिए कोई अलग से हेल्थ या मेडिटेशन की व्यवस्था की गई। नतीजा देर रात तक बच्चियां चिल्लाती रहीं। सुबह होते ही इनमें से अधिकांश बच्चियां अपने घर को चली गई।

**सुबह में भी आ गया भूत :** जिन दो बच्चियों को भूत ने पकड़ा था। उनमें से एक की स्थिति सुबह में भी खराब थी। हमारे खबर मंत्र संवादाता के पहुंचने पर बर्षा भारती, जिसे रात को भूत ने पकड़ लिया था, ने बताया कि उसे आए यहां 12 दिन हुए हैं। इन 12 दिनों के भीतर उसे किसी दिन भी इस जगह पर अच्छा नहीं लगा। बीते रात तो हद हो गई और उसे भूत ने पकड़ लिया। इसके बाद क्या हुआ उसे पता नहीं। लेकिन उसके सहयोगियों का कहना था कि वह बेहोशी की हालत में भी बचाओ.. बचाओ.. पकड़ो.. मारो.. इसे नहीं छोड़ेंगे.. आदि चिल्ला रही थी। वहीं दूसरी लड़की ने बताया कि उसे लग रहा था कि कोई आदमी उसे पकड़ने आ रहा है। अब जान मार देगा। इसके बाद वह बेहोश हो गई।

**एक कमरे रहती हैं 90 बच्चियां :** बताते चलें कि कमड़े स्थित एक कमरे में इन बच्चियों के रहने की व्यवस्था की गई है। इस कमरे में 90 बच्चियां रहती हैं। बताया जा रहा है कि गर्मी के कारण बच्चियां बेहोश हो रही थी। हालांकि कारणों का पता लगाने के लिए जेएसएलपीएस की ओर से 5 सदस्य जांच कमेटी बनाई गई है। उसे जांच कर जल्द ही रिपोर्ट देने को कहा गया है।

**रातू थाना भी पहुंचा :** बच्चियों के बीच मची अफरा-तफरी के बाद किसी ने रातू थाना को इस मामले की जानकारी दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद करीब आधे घंटे बाद रातू पुलिस पहुंची, बगैर कोई संज्ञान लिए ही वहां से वापस चली गयी। जेसे ही उसे स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्चियां बेहोश हो जा रही है, तो संबंधित पदाधिकारी ने कहा कि अधिक गर्मी के कारण उनकी यह स्थिति हुई है। परंतु उन्होंने न तो बच्चियों को दिखाने के लिए संबंधित एजेंसी को का सुझाव दिया और न ही किसी डॉक्टर को इसकी सूचना देकर मानवता का धर्म निभाया।

> घटना की जानकारी मिलते ही कमेटी बनाकर मामले की जांच कराई जा रही है। कमेटी के सदस्यों से हर पहलू पर जांच करने को कहा गया है। किस कारण या बेहोश हो रही थी। इसका पता लगते ही संबंधित दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **सूरज कुमार सीईओ जेएसएलपीएस, झारखंड।**

## हाइकोर्ट से दाहू यादव को नहीं मिली राहत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले से जुड़े पंकज मिश्रा के सहयोगी राजेश यादव उर्फ दाहु यादव की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने अपना आदेश सुनाया है। कोर्ट ने दाहू यादव की याचिका को खारिज कर दिया। 13 अप्रैल को हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। दाहू यादव एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है। दरअसल, दाहू यादव ने ईडी कोर्ट द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट एवं कुर्की करने के लिए जारी वारंट को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी कोर्ट ने 30 अप्रैल को दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया है। कई बार समन के बाद भी दोनों ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे, जिसके बाद सबसे पहले उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया, फिर इश्तेहार की कार्रवाई हुई और बाद में उनकी संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया गया है।




### आखिरी अशरे की हर रात प्रत्येक मुसलमान तिलावत व इबादत और अल्लाह से दुआ मांगने का एहतेमाम करे : डॉ तलहा नदवी



**रांची।** बहुत हक खूबी के साथ दो अशरे गुजर गये। इन दो अशरों का सारांश अंतिम अशरा है। अशरा कहते हैं दस दिन को। यानी, रमजान के आखिरी दस दिनों के बीच एक अहम रात होती है, जिसे शब-ए- कद्र कहा जाता है। चूंकि यह निश्चित नहीं कि आखिरी अशरे का कौन-सा रात शब-ए-कद्र है, इसलिए हर मुसलमान को इसकी तलाश रहती है। मक्का मस्जिद के खतीब मौलाना डॉ तलहा नदवी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि हर मुसलमान को चाहिए कि वे इस रात तिलावत, इबादत में गुजारें। अल्लाह पाक से अपने गुनाहों की माफी के लिए दुआएं मांगें। लेकिन, हमारे समाज में इस आखिरी अशरे में ज्यादातर लोग ईद की तैयारी में लग जाते हैं। और, इसमें कमी हो जाती है, जो अच्छी बात नहीं है। ईद की तैयारी पूरे जोश से करनी चाहिए, आप ईद की तैयारी दिन में करें, और रात में इबादत करें। मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) शबे कद्र की तलाश में मस्जिद में समय गुजारते थे। यानी, एतिकाफ करते थे। जबकि, हमारे नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) बख्शे बख्शाए थे। इस अशरे में दुआएं करते, अल्लाह का जिक्र करते।

### शब-ए-कद्र में कसरत से करें कुरआन की तिलावत : मोहम्मद मुजम्मिल



**रांची।** शबे कद्र की बहुत बड़ी फजीलतें हैं। शबे कद्र की रात को तलाश करनी चाहिए। शब-ए-कद्र को कीमती बनाएं। इसे यूं ही सो कर नहीं गुजारना है। हजारों महीने से बढ़कर शब-ए-कद्र की रात होती है। हिंदपीढ़ी रांची के मोमिनीन मोहम्मद मुजम्मिल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हजरत सलमान (रजि) कहते हैं कि नबी करीम सल्लल्लाहो वसल्लम ने शाबान की आखिरी तारीख में हम लोगों को फरमाया कि तुम्हारे ऊपर एक महीना आ रहा है, जो बहुत बड़ा महीना है, बहुत मुबारक वाला महीना है। इस महीने की कद्र करें। इसमें एक रात शब-ए-कद्र की होगी, जो हजारों महीनों से बढ़कर है। अल्लाह ने उसके रोजे को फर्ज फरमाया। इस महीने में अमल का सवाब बढ़ा दिया जाता है। इस महीने में किसी नेकी के साथ अल्लाह का कुरब हासिल करें, फर्ज अदा करें, उसी तरह से, जैसे गैर रमजान में 70 फर्ज अदा किया। शब-ए-कद्र में रातों में उठ कर अल्लाह से माफी मांगनी चाहिए। गुनाहों से तौबा करनी चाहिए। शब-ए-कद्र की बहुत फजीलत है। शब-ए-कद्र की रात को ऐसे ही ना गुजारें, बल्कि इसे कीमती बनाते हुए अल्लाह से अपनी गुनाहों की माफी मांगें। शब-ए-कद्र की रात में ज्यादा से ज्यादा नमाज अदा करें, कुरान की तिलावत करें।

## स्पीड न्यूज

### वैश्य मोर्चा के केंद्रीय समिति की बैठक आज

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को होटल अप्सरा, सर्कुलर रोड़ स्थित होटल अप्सरा में 12.30 बजे से होगी। इसमें ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण सहित अन्य मुद्दों पर भावी रणनीति पर विचार किये जायेंगे।

### श्रद्धानंद प्राइमरी स्कूल में गया प्रसाद की जयंती मनी

**रांची।** श्रद्धानंद प्राइमरी विद्यालय में गया प्रसाद चौधरी की 108वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। मेरिट, साइंस ओलंपियाड और अटेंडेस में बेहतर करनेवाले बच्चे पुरस्कृत किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रमोहन चौधरी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्वोच्च अंक पाने वाले बच्चे के अभिभावक सुर्दशन मांझी और आरती देवी शामिल थीं। चंद्रमोहन चौधरी ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर श्रद्धानंद सेवाश्रम के अध्यक्ष चंद्रमोहन चौधरी, विद्यालय की प्राचार्या ललिता चौधरी आदि उपस्थित थे।

### पटेल बीएड कॉलेज में मनी बाबा साहेब की जयंती

**रांची।** खूंटी के लोधमा स्थित पटेल बीएड कॉलेज में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनायी गयी। प्राचार्या डॉ अनुराधा कुमारी और सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। प्राचार्या ने बाबा साहेब की उपलब्धियों व उनकी सादगी पर चर्चा की। मौके पर विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। आभा कुमारी को प्रथम, मुक्ता कुजूर को द्वितीय और अर्चना दीपिका कुजूर को तृतीय स्थान मिला।

# पोइला बैशाख पर उत्सव का आगाज

## यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी ने किया है दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी की ओर से शनिवार को पोइला बैशाख पर दो दिवसीय उत्सव का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन भारत सेवाश्रम के स्वामी भूतेशानंद महाराज ने किया। ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन के साथ स्वामी जी कार्यक्रम का उद्घाटन किए साथ में शंख ध्वनि और उल्लू ध्वनि हुआ। स्वामी जी के साथ उपाध्यक्ष स्वराट चौधरी, गौतम भप्ताचार्य, सचिव सेतांक सेन, सह सचिव भास्कर गुप्त, कोषाध्यक्ष राम चटर्जी उपस्थित थे। क्लब की ओर से महाराज जी को पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह सम्मानित किया गया।

वहीं, शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में समूह नृत्य और समूह गान का समावेश देखने को मिला। रांची के सभी बांग्ला संगठनों का आह्वान किया गया है। इस कार्यक्रम में सभी संगठन बहुत उत्साह के साथ इस रंगारंग कार्यक्रम में नृत्य और संगीत के साथ हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में 120 कलाकारों ने हिस्सा लिया।

समूह नृत्य में तृषा तानिया एंड ग्रुप निर्देशिका तृषा तानिया, सुमेधा एंड ग्रुप निर्देशिका सुमेधा सेनगुप्ता और रूपादे एंड ग्रुप निर्देशिका रूपादे ने हिस्सा लिया।

समूह नृत्य में यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी निर्देशिका अनिमा घोष, जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र निर्देशिका लिली मुखर्जी, बोंगीयो सांस्कृतिक परिषद निदेशक सजल, देशप्रिय क्लब एंड लाइब्रेरी निर्देशिका सुदेशना चौधरी, बिहान निर्देशिका लिपि राय, अपरूपा चौधरी एंड ग्रुप निर्देशिका अपरूपा चौधरी, मजलिस निर्देशिका अपराजिता भट्टाचार्य और वैतालिक निर्देशिका प्रोणति लाहिड़ी ने हिस्सा लिया। इसके अलावा इस रंगारंग कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकार सुदिप्ता चौधरी, डॉ पम्पा सेन विश्वास, पारोमिता चौधरी, नीता भट्टाचार्य, पिकलू नंदी, अंजलि चक्रवर्ती, कृष्णा सेनगुप्ता, चंद्र बोस, चैताली सरकार, रूमा चटर्जी, मौसमी मलिक, सुमिता सेन गुप्ता, राजनंदिनी, बड़ी नंदी, आयुष स्मिता, अरनव सिन्हा, वेदांशी राय, निशिका कच्छप, अमृता चटर्जी, मौसमी मित्र, अमृता डे, शर्मिष्ठा शाह, शुभाशीष चटर्जी, शाइनी दत्ता, श्रीजीत गांगुली, कविता दास, अनिंदिता दत्त गोस्वामी, चंदना माहिती, शकुंतला देवांशी, अनुश्री मामूनी, सृष्टि सुपर्णा सेनगुप्ता, लिपि राय, मौसमी मित्र, महाश्वेता दत्त, शारदा घोष, सोमा चक्रवर्ती, मधुमिता साहु, सुप्रिया राय, तूसीता मित्र, दिव्या, अनुराग, अनुष्का, पल्लवी इत्यादि कलाकार भाग लिए। इस कार्यक्रम में रवींद्र संगीत ,लोक संगीत, आधुनिक संगीत का समावेश देखने और सुनने को मिला।

**संगीत के कुछ बोल :** एशो हे बैशाख एशो एशो.....फगुनीरो मोहनाय..., श्याम - सुंदर.....आलोकेर एई झरना धाराई....एक जन छवि आंके एक मने...., तोलो छिन्न बिना बांधो नतून तारे आदि संगीत पर सभी पांव के थिरकने लगे थे।

डॉ पंपा सेन विश्वास ने बताया कि पोएला बैशाख में मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम को सार्थक बनाने के लिए क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अभिजीत भ्भट्टाचार्य, विश्वजीत भट्टाचार्य, सुष्मिता बोस, सुरोजित माझी, तरुण कुंडू, विश्वजीत नंदी, अमित घोष अमिताभ मलिक, कौशिक भट्टाचार्य, डॉ शुभ चटर्जी, रजनी सेन, डॉ शिप्रा भट्टाचार्य और पोली इत्यादि सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने गये व्यक्ति से पुलिस ने कहा- एफिडेविट करा कर लाओ

### चुटिया के मंडा मेले में पॉकेटमारों की चांदी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को चुटिया थाना क्षेत्र के लोअर चुटिया एरिया में आयोजित मंडा मेले में पॉकेटमारों की चांदी रही। पॉकेटमारों ने महिलाओं के गले से चेन, पायल तो लिया ही, साथ ही साथ लोगों के बटुआ पर भी हाथ साफ कर गए। मंडा मेले में हुए पीड़ित जब चुटिया थाना में एफआइआर दर्ज कराने के लिए गए तो पुलिस ने कहा कि पहले एफिडेविट करा कर लाओ। जब पीड़ित ने एफिडेविट कराने से इनकार कर दिया और थाना प्रभारी से मिलने की बात कही तो कहा गया कि पहले परमिशन लो। पर, पीड़ित सीधे थानेदार के कक्ष में जाकर अपनी पीड़ा बताई तो थानेदार ने पुलिस को कहा कि आवेदन लेकर आवेदन की कॉपी दें। जब पीड़ित ने पूछा कि इस पर कार्रवाई होगी तो कहा गया कि कुछ संदिग्धों का पता चला है, उसके बाद ही कुछ कह पाएगा।

दरअसल पीड़ित विनय कुमार पेशे से पत्रकार है और कवरेज के दौरान उसका पर्स मार लिया गया। उसने वहां मौजूद व्यवस्थापक से भी इसकी शिकायत की, लेकिन व्यवस्थापक भी कुछ न कर पाया। ऐसे में विनय वहां मौजूद पुलिसकर्मी के पास शिकायत लेकर गया तो कहा गया कि कितने का ध्यान रखें। इसके बाद विनय चुटिया थाना पहुंचा, जहां पर उसका आवेदन लिया गया। विनय के पर्स में आधार कार्ड, 36 सौ रूपए नकद, दो एटीएम कार्ड मौजूद थे। पुलिस आवेदन लेकर छानबीन कर रही है।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आज कई प्रतियोगिताएं

**रांची।** सामाजिक संस्था मारवाड़ी ब्राह्मण सभा की ओर से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रथम चरण में रविवार को मारवाड़ी ब्राह्मण भवन बंशीधर अडुकिया में समाज के बच्चों के विभिन्न उम्र वर्गो को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह जानकारी मारवाड़ी ब्राह्मण सभा मीडिया प्रभारी राहुल शर्मा ने दी। **महोत्सव के कार्यक्रम :** प्रातः 10-11 बजे तक- चित्रांकन प्रतियोगिता, दोपहरः 12-1बजे तक- फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, दोपहरः 2-3 बजे तक- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, दोपहर 3-4 बजे तक- भाषण प्रतियोगिता और सांय 4-5 बजे तक - कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता होगी।

## महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रखंड अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौपा




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस द्वारा कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने महानगर के 18 प्रखंडों के अध्यक्ष एवम सभी प्रखंडों के मंडल अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र दिया। कुमार राजा ने कहा कि नियुक्ति पत्र मिलने के बाद आप सभी संगठन को मजबूत करने में योगदान देगें। इस मौके पर रांची महानगर कांग्रेस कमिटी प्रभारी जवाहर लाल महथा, केके शुक्ला, मदन मोहन शर्मा, रविन्द्र सिंह, केशव महतो कमलेश एवं आभा सिन्हा विशेष रूप से उपस्थिति थी। कार्यक्रम में महानगर प्रभारी जवाहर लाल महथा ने कहा कि रांची महानगर के सभी प्रखण्ड अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों को हर्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद आप सभी अपने दायित्वों को निभाते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।

## खबर एक नजर में

### श्री चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तालाब में भक्तों व श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद और भोग का वितरण



रांची। श्री चैती दुर्गा मंदिर,भुतहा तलाब में शनिवार को भक्तों व श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के इस कार्य में रामनवमी श्रृंगार समिति के संरक्षक बिंदुल वर्मा, अध्यक्ष रिंकू वर्मा, कार्यकारणी अध्यक्ष शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय वर्मा एवं बहुत से सदस्य उपस्थित थे। हर शनिवार की तरह इस शनिवार को भी भक्तों के बीच भोग का वितरण किया गया। भोग के रुप में लोगो ने खिचड़ी, आचार, बुंदिया, चीप्स, आलू और चोखा ग्रहण कर तृप्त नजर आए। महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने यह जानकारी दी। बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर उपस्थित लोगो में महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह,संजय सिंह (लल्लू सिंह), राहुल सिंह, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी,करण सिंह, मोहित रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक आदि शामिल थे।

### रातू प्रखंड के सुंडिल गांव में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम



**रांची।** झालसा के निर्देशानुलार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के द्वारा शनिवार को रातू प्रखण्ड के सुंडिल गांव में जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रवीण कुमार श्रीवास्तावा, स्वीकृति विनया, पीएलवी नितू देवी, पुष्पलता देवी, बेबी देवी, पम्मी देवी, सुनीता देवी एवं राजा वर्मा, उपस्थित थे। डालसा टीम के पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए कहा। इसके अलावा डालसा के अधिवक्ता, प्रीवण कुमार श्रीवास्तवा व स्वीकृति विनया ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने हेतु उपाय के संबंध में जानकारी दी गयी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से नि:शुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तनवीर अंसारी एवं नितु देवी ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। जागरुकता कार्यक्रम के तहत यह भी बताया गया कि 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

# साईं नाथ विवि ने प्रोजेक्ट 'नमामि गंगे' के साथ किया एमओयू

## जल शक्ति मंत्रालय के प्रोजेक्ट के साथ दिल्ली के होटल ताज एंबेसडर में हुआ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ एसपी अग्रवाल ने जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ नयी दिल्ली स्थित होटल ताज एंबेसडर में आयोजित समारोह में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित 'नमामि गंगे' प्रोजेक्ट के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया।

आयोजित कार्यक्रम का विषय यंग माइंड्स को प्रज्वलित करना, नदियों का कायाकल्प था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अग्रवाल ने मंत्री महोदय को नमामि गंगे परियोजना के उदेश्यों को साकार करने के संबंध में बताते हुए कहा कि नदियों के किनारे बसे शहरों एवं गांवों से निकलने वाले कूड़ा-करकट से लेकर करोड़ों लीटर सीवरेज ने नदियों को दूषित कर दिया है, जिसे स्वच्छ एवं निर्मल बनाये रखने की जरूरत है। कुलपति ने केंद्रीय पेयजल मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे प्रयासों, जैसे जल है तो कल है, जल बचाओ अभियान, हर घर नल जल, हर-हर गंगे, जल बचाओ-पृथ्वी बचाओ एवं वर्षा जल संचयन अभियानों पर विश्वविद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने और किये जा रहे कार्यो से अवगत कराया, जिसकी मंत्री श्री शेखावत ने सराहना की। साथ ही, कुलपति डॉ अग्रवाल ने कहा कि पानी के संरक्षण, संचयन और पुनर्चक्रण के लिए विश्वविद्यालय अपने प्रयासों को निरंतर बनाये रखेगा।

ज्ञात हो कि कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, जी अशोक कुमार, महानिदेशक, एनएमसीजी, अर्चना वर्मा, अतिरिक्त सचिव और प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय जल मिशन, डॉ टीजी सीताराम, अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, डीपी मथुरिया, कार्यकारी निदेशक, एनएमसीजी आदि उपस्थित थे।

# श्री श्याम मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 58वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। सूरत (गुजरात) निवासी सुशील बंसल, रश्मि बंसल, सरस बंसल, जोयता बंसल व विशेष बंसल ने परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। यजमान सुशील बंसल ने भंडारे का प्रसाद मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को अर्पित किया।

मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनोली की अगुवाई में खाटू नरेश से भोग स्वीकार करने के लिए भोग भजन का गायन कर के देवी-देवताओं का मनुहार किया गया। भोग लगे प्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित करके महाप्रसाद बनाकर बंसल परिवार ने मंदिर के आचार्य को भंडारे का प्रसाद खिलाकर दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का वितरण शुरू होने के पहले ही मंदिर और हरमू रोड खाटू नरेश के जयकारों से गूंजने लगा। भक्तों की लंबी लंबी कतारें लग गयी। भंडारे में केसरिया जलेबी, वेजिटेबल पुलाव, वेजिटेबल पकौड़ी तथा आलू, चना व कद्दू की मिश्रित सब्जी का प्रसाद बनाया गया था। अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में मंदिर में ही भंडारे का प्रसाद बनाया जाता है। इस कारण भंडारे का भक्तों में विशेष महत्व हो जाता है। श्री गणेश जी के जयकारों के साथ भंडारे का वितरण प्रारंभ हुआ। लगभग 3100 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया। वरुथिनी एकादशी के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रात्रि 9:30 बजे एकादशी कीर्तन होगा। विशेष भव्य श्रृंगार होंगे।

स्पीड न्यूज

## इटकी से युवक लापता, सनहा दर्ज



**इटकी।** इटकी में राजमिस्त्री के रूप में कार्य करने आया असफान अंसारी नामक एक युवक गत 12 अप्रैल से लापता है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से चान्हो थाना के नौदी सिलागांई निवासी असफान वर्तमान में अस्थायी रूप से मांडर के कनभिठा गांव में रहता था। असफान अंसारी जोड़ाई का कार्य करने इटकी आया था और अब तक घर वापस नहीं आया है। युवक का मोबाइल फोन भी बंद है। खोजबीन के बाद युवक के पिता अजीमुद्दीन अंसारी ने इस संबंध में थाना में एक सन्हा दर्ज कराया है।

## बेड़ो : 21 पड़हा राजा पेरो उरांव का निधन शोक की लहर



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के चिन्द्री टंगरा टोली गांव निवासी 91 वर्षीय 21पड़हा राजा पेरो उरांव का शुक्रवार की रात लगभग 1.30 बजे रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। स्वजनों ने बताया कि इन्हें 12 अप्रैल को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था। इनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। वही समाज सेवियों ने गहरा शोक प्रकट करते हुए इसे समाज के लिए अपूरणीय क्षति बतलाया है। पड़हा राजा अपने पीछे पत्नी पोको कुजुरए आठ बच्चों से भरा पूरा परिवार बंधना कुजुर जीतू कुजुरए महादेव कुजुरएराम कुजुरएलक्ष्मण कुजुर बेटी जुबीएअंगनी व एतो सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गए है। वही इनका अंतिम संस्कार शनिवार की दोपहर दो बजे आदिवासी पम्परा अनुसार गांव के मसना में किया जाएगा।

## असंतुलित होकर गिरने से स्कूटी सवार युवक घायल

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के ढेलवाखुट्टाए हरातू मोड़ के समीप सिकिदिरी की ओर जा रहे एक स्कूटी सवार युवक असंतुलित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर समाजसेवी सुजीत कुमार सोनीएविजय सिंहए रिशुए सौरवए करण आदि उसे बेहतर उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से रिम्स भेज दिया। बेहोश होने के कारण युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

## जिप सदस्य ने हर घर नल का लिया जायजा

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड पूर्वी क्षेत्र के जिप सदस्य मनोज वाजपेयी ने शनिवार को विभिन्न गांवों में हर घर नल योजना के कार्यों का जायजा लिया। इस क्रम में जिप सदस्य ने बंसरीएबरौदीएखखराए हेसलपिरीए सोबाएहिसरी आदि गांवों में उक्त योजना के कार्यों का अवलोकन किया। मौके पर हर घर नल योजना की धीमी कार्य प्रगति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। कार्यस्थल से ही जिप सदस्य ने पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा प्रखंड अभियंता से बात कर जल्द योजना को पूर्ण कर ग्रामीणों को पेयजल मुहैया कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि पन्द्रह दिनों में कार्य पूरा नहीं होने पर मामले की शिकायत अधिकारियों से की जाएगी। मौके पर मुखिया दशरथ उरांव कुशेन्द्र पाहन अमृत महतो हीरालाल महतो जगलाल महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## कांके : दुबलिया शिव मंदिर में मंडा पूजा 22 और 23 अप्रैल को

**कांके।** प्रखंड के चंदवे पंचायत के दुबलिया ग्राम स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में मंडा पूजा समिति दुबलिया की बैठक संदीप उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इस वर्ष भी मंडा पूजा का आयोजन विधि विधान पुर्वक धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ ग्रामीणों के सहयोग से करने का निर्णय लिया गया। तय हुआ कि 21 अप्रैल दिन शुक्रवार को उत्तरीए 22 अप्रैल दिन शनिवार को फुलखुंदी एवं छऊ नृत्य व 23 अप्रैल दिन रविवार को झूलन का कार्यक्रम होगा। मंडा पूजा की सफल संचालन हेतु समिति का गठन किया गया।

# आरा-केरम में 10 वर्षों से लागू है नशाबंदी और कुल्हाड़ी बंदी

## टुंडाहुली पंचायत के मुखिया रमेश बेदिया को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

### राष्ट्रीय पटल पर आया आरा-केरम का नाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव आरा-केरम पंचायत के मुखिया रमेश बेदिया को राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामांकित हुआ है। यह पुरस्कार 17 से 21 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती सप्ताह कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया रमेश बेदिया को दी जाएगी। इस कार्यक्रम में गांव के तस्वीर बदलने में उल्लेखनीय कार्य करने वाले देशभर के पंचायत प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों का राष्ट्रीय पुरस्कार पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। झारखंड से पांच लोगों का नाम का चयनित हुआ। जिसमें रमेश बेदिया के अलावे खुंटी जिला के कुदलूम पंचायत के मुखिया संदीप हेरेंज, पलामु के जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, झारखंड एलएसडीजी नोडल पदाधिकरी सुष्मिता लाली केरकेट्टा व डीपीएम चतरा सुनील कुमार सिंह शामिल है। रमेश बेदिया सहित चयनित सभी लोग शनिवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए है। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामांकित होने पर आरा-केरम के ग्रामीण काफी खुश हैं।

### गांव की बदल गयी है तस्वीर



ओरमांझी प्रखंड के आरा-केरम के ग्रामीणों ने गांव की तस्वीर बदले के लिए कई निर्णय लिए और उसे जमीनी स्तर पर उतारा भी है। पिछले लगभग 10 वर्ष से गांव में नशा बंदी व कुलाड़ी बंदी कर रखी है। इसका असर ऐसा हुआ कि गांव में कोई नशापान नही करते। लोगों जागरूकता आई और आज मजदूरी करने वाले कई लोग गांव में कृषि रोजगार से जुड़ गए हैं। वहीं कुलाड़ी बंदी का अर्थ है कि गांव के जंगल का पेड़ नही काटना है। अब न गांव वाले पेड़ काटते हैं और न ही किसी बाहरी को पेड़ काटने देते हैं। इससे जंगल हरे-भरे हो गए, वहीं जंगल में वन्य जीव व पशु चहलकदी व पक्षियों की चहचाहट बढ़ गई। इसके अलावे गांव के साफ-सफाई व षिक्षा के अस्तर में भी बेहतर कार्य हुआ है। ग्रामीणों ने पहाड़ के अनसाईज बोल्डर से बांध बना कर पहाड़ का पानी रोक सिंचाई की व्यवस्थ किया। जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी आरा-केरम गांव व ग्रामीणों की सरहाना की थी। इससे पूर्व पांच वर्ष पूर्व तत्कालिन मुख्यमंत्री रघुवार दास द्वारा नशाबंदी करने के लिए आरा-केरम को एक लाख रुपया पुरस्कार दी गई थी।

## अप्रैल में राहे में होगा नीलांबर-पितांबर की प्रतिमा का अनावरण

**राहे।** प्रखंड के राहे ऊपरटोली में 28 अप्रैल को नीलांबर.पिताम्बर शाही भोक्ता प्रतिमा अनावरण विधायक सुदेश महतो करेंगे। प्रतिमा अनावरण को लेकर तैयारी समिति का बैठक प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में तैयारी की समीक्षा करते हुये आवश्यक चर्चा किया गया तथा प्रतिमा अनावरण समिति का गठन किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो प्रमोद सिंह खरवार भोगता समाज विकास संघ प्रखंड प्रवक्ता मनोरंजन भोगता प्रखंड अध्यक्ष प्रधान भोगता मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में शिशु बाल भारती का गठन

### बच्चों ने ली शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** सरस्वती विद्या मंदिरए करकट्टा खलारी में शिशु बालए किशोरएभारती का गठन किया गयाए जिसमे किशोर भारती के अध्यक्ष द्वादश की छात्रा मंजु कुमारी को चयनित किया गया। वही तेजस्वी कुमार उपाध्यक्ष के लिये चयनित किया गयाए इसी कड़ी में सचिव बहन शीफा फलक तथा सह सचिव ज्योति सिंह को चुना गयाए वंदना प्रमुख भैया विवेक तथा अलपना में बहन खुशबू प्रतिभागी बनी हैए इसी प्रकार जल विभाग स्वच्छता विभाग खोया पाया विभागए वाहनए वागवानी आदि विभागों में भी भैया बहन का चुनाव किया गयाए सात चुने गये भैया बहनों को अपना-अपना दायित्व के लिये प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने शपथ दिलाकर अपने कर्तव्य को निर्वाहन करने की प्रेरणा दी।

### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

कार्यक्रम में संजीव कुमार सिंह संध्या सिन्हा पूनम पाठक नुतन सिंहएचंद्र भूषण सिंह गौरी शंकर कामिला पुरुषोत्तम कुमार सिंहए गोविन्द कुमार चौहान श्रीकांत शर्मा दीलिप कुमार शर्मा सियाराम सिंह रजनीकांत पाठक प्रीति तिर्की उपस्थित थे।

## दो नाबालिग घर से रुपये और गहने लेकर फरार

### प्रेम-प्रसंग का मामला होने की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के जोरार की रहने वाली दो नाबालिग बच्चियों के गुमषुदगी की रिर्पोट नामकुम थाने में दर्ज करायी गयी है। थाने में दिए गए आवेदन में केलाषनगर तेतरीटोली के रहनेवाले संजय पाण्डेय ने बताया है कि शुक्रवार को उनकी बेटी राधिका बदला हुआ नाम अपनी सहेली संगीता बदला हुआ नाम के साथ अपने घर से केनरा बैंक जाने की बाहकर निकली और अब तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन करने पर भी दोना का पता नहीं चल सका है। बच्चियों के पास एक ही फोन है जो स्वीच आफ आ रहा है। पीडिंत श्री पाण्डेय ने बताया कि राधिका नें अपना स्कूल ड्रेस सफेद षर्ट और ब्लू स्कर्ट पहना हुआ है तथा घर से साढे चार हजार रूप्ये सहित सोने कीं नथीया, झुमका, अंगुठी, गले में पहनने वाली जीतीया,मंगलसूत्र तथा कान के टाप्स भी अपने साथ लेकर गयी है।

### पुलिस कर रही है छानबीन

थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। वहीं मामले में प्रेम प्रसंग की बात कही जा रही है तथा दुसरे समुदाय के युवको द्वारा बच्चियों को बहला फुसला कर घर से भगा लेने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लावाडिह स्थित कार्मेल स्कूल तथा संत फ्रांसिस स्कूल के सामने सुबह और छुट्टी के समय मजनूओं तथा मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है,लोगों ने पुलिस और स्कूल प्रषासन से स्कूल के सामने जमावडा हटवाने की मांग की हैं।

## तुमांग पंचायत में खलारी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक में चर्चा

**खलारी।** खलारी प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक तुमांग पंचायत के धमधमियां सामुदायिक भवन में किया गयाए बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी व संचालन मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कियाए बैठक की शुरूआत बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की132वीं जयंती के अवसर पर चित्र पर माल्यार्पण कर किया गयाए बैठक में अध्यक्ष साबीर अंसारी ने बताया कि संगठन को प्रखंडए मंडलए पंचायतए व बुथ स्तर तक जल्द से जल्द गठन कर धारधार बनाना है। एवम साथ ही साथ कांग्रेस के सभी सहमना संगठनों का भी गठन करना हैण्बैठक में रविवार को आयोजित पुराना विधानसभा मैदान में होने वाले जय भारत सत्याग्रह सभा में सैकड़ों की संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गयाए अथवा तुमांग पंचायत कमीटी का गठन किया गयाए जिसमें अध्यक्ष राजेंद्र करमालीए उपाध्यक्ष दिल्लू रामए महासचिव आशिष कुमार यादवए कोषाध्यक्ष सुल्तान अंसारी को सर्वसम्मति से चयनित कर बनाया गया।

## बगैर सुरक्षा उपकरण के मजदूर कर रहे हैं जलमीनार का निर्माण कार्य

### दुर्घटना की बनी रहती है आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** मुरी टुंगरी के 2 नम्बर गेट के पास मुरी एवं आसन्न ग्रामों के लिए ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए करोड़ों रुपए से जल मीनार का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य की आधारशिला पिछले 17 अक्टूबर 2023 को स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो एवं सांसद संजय सेठ के द्वारा यखी गई थी । निर्माण के कार्य में लगे मजदूर ऊंचाई में बिना सेफ्टी बेल्ट के काम कर रहे हैं। मजदूरों को अन्य सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराया गया है। जान जोखिम में डालकर मजदूर ऊंचाई पर कार्य कर रहे हैं। संवेदक की अनदेखी की वजह से गंभीर हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस कार्य में 10 से 15 मजदूर स्ट्रक्र खड़ा करने के साथ ही अन्य कार्य कर रहे हैं। निर्माण कार्य करा रे संवेदक द्वारा इन मजदूरों को ऊंचाई में कार्य करने के लिए न ही सेफ्टी बेल्ट और न से हेलमेट उपलब्ध कराई गई है। जिस स्थान पर जल मीनार का निर्माण किया जा रहा है उसके नीचे चट्टान ही चट्टान है। निर्माण कार्य का देखरेख कर रहे बीरू कुमार से इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार किया। विभाग के कनीय अभियंता जीत मोहन मुंडा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि निर्माण में कोताही बरती जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी।

## सोनाहातू : तीन तालाब निर्माण का शिलान्यास

### 55 लाख की लागत से होगा तीनों तालाबों का निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** प्रखंड के मारांगकिरी ओर बारेन्दा गांव में शनिवार को 55 लाख से तीन तालाब निर्माण कार्य का तथा बारेन्दा गांव में विधायक मद से 4 लाख की लागत राशि से 300 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने विधिवत रूप से किये। इस दौरान इन्होंने कहा कि हर गांव में अपना जलाशय करने के लक्ष्य को लेकर तालाब निर्माण किया जा रहा है। तालाब निर्माण जल संरक्षण योजना अंतर्गत पानी पंचायत के द्वारा निर्माण किया जायेगा। तालाब निर्माण से सिंचाई सुविधा, जल संरक्षण, भूमि संरक्षण का लाभ मिलेगा। गांव में जलाशय होने से जल स्तर भी अच्छा रहेगा। इन्होंने ने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी के लिए वृहद पैमाने पर कार्य किया जा रहा है।पूरे पूर्वी क्षेत्र में स्वणरेखा नदी का पानी पाईपलाईन के माध्यम से घर तक पहुँचाने का काम अंतिम चरण में है।शिक्षा ओर स्वास्थ्य के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्या बीणा मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, पार्टी प्रभारी सूनील सिंह, वरीय नेता संजय महतो, मुखिया सुभद्रा देवी, पंसस धरनी देवी, अशोक महतो, बसन्त महतो, ग्रामप्रधान मनसा सिंह मुंडा, ग्रामप्रधान ज्योति प्रसाद महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अनुराग और अभय को अनाथ छोड़ गयी रानी

### मां को मृत देख रो रहे थे बच्चे, बदहोश था पति कैलाश

शेख मुजिबुल

**रातू।** हजारीबाग के कैलाश साहनी की पत्नी रानी देवी खुदकुशी प्रकरण पर लोग गमजदा हैं। पागलपन की शिकार रानी ने दोनों लाडले को अनाथ छोड़ दुनियां को अलविदा कह गयी। मां को मृत देख अनुराग और अभय बिलख रहे थे। इससे सबकी आंखें नम थी। पति कैलाश साहनी बेसुध था। घटना के बाद उसे समझ में नहीं आ रहा था कि अब वह क्या करे। उसे बच्चों के परवरिश की चिंता है। झखराटांड़ के लोग उसे मदद का भरोसा दिला ढाढस बंधा रहे थे। दस साल से यहां रह रहे साहनी की व्यवहार कुशलता से हर कोई प्रभावित हैं। गांव की महिलाएं बच्चों पर तरस खा रही हैं। 11 साल के अनुराग और 6 वर्ष का अभयए रानी को बेड पर अचेत देख बोल रहे थे मां उठो। क्यों नहीं सुन रही हो। बताते चलें कि 14 अप्रैल को उमेश साहू के किरायेदार साहनी की पत्नी ने अंदर से दरवाजे को बंद कर पंखे में दुपट्टे को फंदा बना उस पर झूल आत्महत्या कर ली थी। शनिवार शाम गिद्दी श्मशान घाट में उसकी अंत्येष्टि की गयी।

### रामगढ़ और गिद्दी में मातम



घटना के बाद रानी की मायका रामगढ़ और ससुराल हजारीबाग के गिद्दी में मातमी सन्नाटा है। हर जुबां पर रानी के नादानी की चर्चा है। लेकिनए मृतका की मां बेवजह दामाद कैलाश पर बेटी को मार दिये जाने का आरोप लगा रही है। इससे लोगों का गुस्सा उबाल पर है। चर्चा यह भी है कि यदि रानी दरवाजा बंद कर आत्महत्या नहीं करती। दरवाजे खुले रहते तो कैलाश को उसकी सास सुली पर चढ़ा देती।

## बेड़ो के जहानाबाद गांव में मना वन अग्नि सप्ताह

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत अंतर्गत जहानाबाद गांव में शनिवार को ग्रामीणों के साथ मिलकर वन विभाग के अधिकारियों ने वन अग्नि सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों को जागरूक किया गया साथ ही जंगल में आग लगाने से कितने जीव जंतु से लेकर पेड़ पौधों के नुकसान के बारे में विशेष रूप से रेंजर संजय कुमार ने ग्रामीणों को जानकारी दिया। इस दौरान वन अग्नि सप्ताह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि जल जंगल जमीन सुरक्षित रहेगा तभी हमारे आने वाले भविष्य भी सुरक्षित रह पाएंगे। ग्रामीण जंगल को नुकसान पहुंचाने के बजाय पेड़ लगायें। उन्होंने कहा कि जंगल में आग लगाने से कई जीवों की इसमें जान चली जाती है।

एक नजर में

## दर्जनों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की



**ठाकुरगांव/कांके।** झामुमो कांके प्रखंड कमेटी के तत्वाधान में शनिवार को उरुगुट्टू बाजारटांड़ में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर तथा जिला उपाध्यक्ष जनक नायक के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। मौके पर दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर प्रखंड जावेद अख्तर ने कहा कि पूरे प्रखंड में उक्त अभियान के तहत 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य है। वहीं जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार के नीतियों से प्रभावित होकर दूसरे दलों के सदस्य भी झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य का सर्वांगीण विकास कर रही है। मौके पर रामसेवक महतो जैनुल अंसारी रेयाज अंसारी पंसस भुनेश्वर साहु समेत अन्य मौजूद थे।

## मेदांता हॉस्पिटल में इफ्तार पार्टी



**ओरमांझी।** माहे रमाजान को लेकर मेदांता हॉस्पिटल इरबा में प्रबंधक द्वारा शनिवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित बीडीओ विजय सोनी, सीओ विजय केरकेट्टा, थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, मेदांता हॉस्पटल के मेडिकल प्रसिडेंट डा0 अजित सिंह, सिनीयर एडवाइजर सईद अहमद अंसारी, डा नीरज प्रसाद, डा नषीम, डा मनोज, आषीष शर्मा, अविषेक विक्टर, सकीब अंसारी, मेदांता हॉस्पिटल कर्मियों के साथ कई लोग शामिल हुए।

## स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थी हुए सम्मानित

**पिठोरिया।** नीरजा सहाय डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रार्थना सभा प्रांगण में नेशनल साईंस ओलिम्पियड के विजेता विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।बच्चों ने एन एस ओएआई ई ओएआई एम ओ के द्वितीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साईंस ओलिम्पियड फाउंडेशन की ओर से कुल 39 बच्चों को उत्कृष्टता प्रमाण पत्रएगोल्ड मेडल एवं कुछ बच्चों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गयी इनमें अदिति सिंहए शिवम तिग्गाए आयुष नारायण देवए ओम शिवमए समीक्षा राजए आरुषिए आदर्श पटेल और अमर भोई शामिल हैं।

## किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण



**सोनाहातू।** प्रखंड के तेतला पंचायत अंतर्गत कुदाडीह गांव में एनएफएसएम दलहन योजना अंतर्गत ब्लॉक चैन व्यवस्था के तहत 20 किसानों का पंजीकरण कराते गरमा मूंग का शत.प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया गया। प्रभारी बीटीएम दिनानाथ भगत पंचायत के मुखिया दीनबंधु सिंह मुंडा, कृषक मित्र अध्यक्ष लाल सिंह मुंडा, भागीरथ महतो एवं पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी बंसीधर महतो मौजूद थे।

## जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सह सम्मान समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार को संत जगत ज्ञान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के बैनर तले स्व डॉ नन्द किशोर मेहता का द्वितीय पुण्यतिथि का विनम्र श्रद्धांजलि सम्मान समारोह मनाया गया। श्रद्धांजलि सह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधानसभा के विधायक सुदेश महतोए विशिष्ट अतिथि के रूप में कुशवाहा शिवपूजन मेहताए जिला परिषद के अध्यक्ष निर्मला भगत एहटिया विधानसभा प्रभारी भरत काशी एडॉ अजित कुशवाहाए डॉ एम एन सिंहए डॉ प्रभात रंजन एनंदकिशोर मेहता एतपेश्वर केसरीए केदार महतोएशीला देवी चूड़ामणि महतोएप्रोफेसर चंपा उरांव प्रोफेसर इंद्र मोहन रायए प्रेम सागर महतोएहेमंत केसरी ने संयुक्त रूप से डां नंद किशोर मेहता के प्रतिमा पर फुल माला और पुष्प भेंट कर श्रद्धांजली दी। मौके पर श्रद्धांजलि सह सम्मान समारोह में आयोजित ग्रामीणों और क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुदेश महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जगत ज्ञान सरोवर पब्लिक स्कूल का योगदान सराहनीय है।

## मांउट कार्मेल स्कूल : ओम हेड ब्वाय और आयुषी बनीं हेड गर्ल

### स्कूली छात्रों के अनुशासन में हेड कैप्टन की भूमिका महत्वपूर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता



मुख्य अतिथि और निदेशक के साथ स्कूल व हाउस कैप्टन।

**ओरमांझी।** माउंट कार्मेल स्कूल ओरमांझी के सभागर में एक समारोह आयोजित कर स्कूल का हेड बोई व हेउ गर्ल को फलैग प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीयर कार्मेल निवास कोकर के फादर दीपक ने हेड बोई ओम कुमार व हेड गर्ल आयुषी कुमारी को फलैग प्रदान किया। उन्होने हेड कैप्टन को स्कूल के छात्रों के साथ किस प्रकार से व्यवहार करना चाहिए इसकी जानारी दी और कहा किसी भी स्कूल के छात्राओं में अनुषासन के लिए हेड कैप्टन की भुमिका महत्वपूर्ण होती है। वहीं निदेषक फादर मैथ्यू ने दोनो हेड कैप्टन के साथ सभी हाउस बोई को कैप्टन बनने पर बधाई दी और कहा स्कूल का हेड कैप्टन व हाउस कैप्टन का चयन स्कूल के छात्रों द्वारा ही किया गया है। उन्होने कहा स्कूल का हेड कैप्टन बनना किसी भी छात्र के लिए गौरव की बात होती है। स्कूल में अनुषासन बनाए रखने में हाउस कैप्टन की भी महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। इसके अलावे स्कूल की प्रचार्या सिस्टर ब्रिजिट ने कहा स्कूल के छात्रों के बेहतर प्रदर्षन ही हाउस कैप्टन की उपलब्धियां होती है। खेल हो या पढाई इसमें हाउस कैप्टन की बेहतर नेतृत्व होना जरूरी है। इस अवसर पर स्कूल में एक हेल्थ कैंप भी लगाया गया था। कैंप में डॉ सुमन दुबे, डा ओम कुमारी, डा हरेंद्र शर्मा, डा दिप्सी कुमारी, डा सचित कुमार द्वारा सभी बच्चों की स्वास्थ्य की जांच किया गया। वहीं बच्चों में निशुल्क दवा भी वितरण की गई। इससे पूर्व समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रा-छात्राओं ने अपने गीत व नृत्य की प्रस्तुति के माध्यम से अपने हाउस कैप्टन का स्वागत व शिक्षकों के प्रति अभार जताया गया।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम में सुनील कागरा, निश्चल परिहार, ज्योति कुमारी, फिरोज अंसारी, अफरोज अहमद, प्रमिला धिमान, प्रियंका सिंह, सीमा कुमारी, शिवशंकर दता, समित कुमार स्कूल के अन्य शिक्षक व कर्मी उपस्थित थें।

**समय संवाद**

**एक समय था, जब सारी दुनिया में, जब लोगों के पास कोई काम नहीं होता था तब वे मौसम की चर्चा किया करते थे। लेकिन आजकल कोई मौसम की चर्चा नहीं करता। आप चाहे जहाँ जायें, आप की दादी, नानी से ले कर आप के नाती-पोतों तक, हर कोई केवल अर्थव्यवस्था के बारे में बात करता है। सभी की बातचीत में, अर्थव्यवस्था ही मुख्य मुद्दा बन गया है।मध्यम, संतुलित जलवायु में आप जो रासायनिक खाद मिट्टी में डालेंगे वह वहाँ 9 से 12 साल तक रहेगी। पर हमारे जैसी ऊष्ण कटिबंधीय ( ज्यादा गर्म या ट्रॉपिकल) जलवायु में ये तीन से चार महीनों से ज्यादा नहीं रहती। हमारे लोगों में कहीं से ये विचार आ गया कि हम बिना जैविक पदार्थों का उपयोग किये अन्न उगा सकते हैं। यह अविश्वसनीय है।**

# पर्यावरण आज की समस्या भविष्य की नहीं

**सदगुरु जग्गी बासुदेव**

**पर्यावरण** आज की समस्या है और आज की ही चिंता का विषय भी। अगर आज हमारा जीवन अद्भुत है, तो इसलिये नहीं कि शेयर बाजार में उथल-पुथल हो रही है या फिर किसी विशेष देश या समाज में विकास दर का प्रतिशत अच्छा है। हमारा जीवन अच्छा इसलिये है कि हम पोषक खाना खा रहे हैं, स्वच्छ जल पी रहे हैं, और शुद्ध हवा में सांस ले रहे हैं। ये पूरी तरह से भुला दिया गया है।

हर जगह जहर है

आज जो भोजन हम खा रहे हैं वह रसायनों से भरा हुआ है। जो पानी हम पी रहे हैं वह जहर से भरा है, और जरूर, हवा तो जहरीली है ही। मुझे लगता है कि तकनीक की सहायता से हम अगले 10 से 15 वर्षों में हवा का शुद्धिकरण कर लेंगे। इस दिशा में एक बड़ा आंदोलन चल रहा है। लेकिन मिट्टी और पानी, ये बड़ी समस्याएँ हैं।

मिट्टी में ही जीवन पनपता है। मैं और आप, कुछ और नहीं, बस थोड़ी सी मिट्टी हैं। जो मिट्टी थी वह भोजन बन गया, जो भोजन था वह माँस और रक्त बन गया। अगर ये बात हमें आज समझ नहीं आती तो उस दिन समझ में आ ही जायेगी जब हम दफना दिए जायेंगे। अधिकतर लोगों को ये बहुत देर से समझ आता है, लेकिन हर किसी को कभी न कभी तो आ ही जाता है।

दुर्भाग्यवश, मिट्टी एक ऐसी चीज है जिसे अधिकतर लोग पर्यावरण की दृष्टि से नजरअंदाज कर देते हैं। हमने अपनी धरती की उपजाऊ मिट्टी को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। बर्फ का पिघलना, शायद जल्दी नजर आ जाता हो, पर हमने मिट्टी को जो नुकसान पहुंचाया है वह ज्यादा खतरनाक है।

**पोषक तत्वों में गिरावट**

जो सब्जियाँ और फसलें हम अपने देश में उगा रहे हैं, उनके पोषक तत्वों में, पिछले 25 वर्षों में, लगभग 30% गिरावट आयी है। यही कारण है कि लोग चाहे जो खायें, वो पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो रहे हैं।

डॉक्टर कह रहे हैं कि अगर आप माँस न खायें तो आप को पर्याप्त पोषण नहीं मिलेगा। एक ढंग से देखें तो वे पूरी तरह से गलत नहीं हैं। शाकाहारी भोज्य पदार्थ जिस ढंग से उगाये जा रहे हैं, उससे उनके पोषक तत्वों का नाश हो गया है। वे पौधों में कुछ ऐसा डाल रहे हैं जो सिर्फ भोजन जैसा दिखता है, पर वह भोजन नहीं है। वे आप को बस कचरा बेच रहे हैं। ऐसा इसलिये हो रहा है क्योंकि मिट्टी की गुणवत्ता नाटकीय ढंग से बहुत नीचे आ गयी है।

आप अपनी मिट्टी को बस रासायनिक खादों और ट्रैक्टर से समृद्ध नहीं रख सकते। आप को जमीन पर पशुओं की आवश्यकता होती है। प्राचीन समय से, जब से हम फसलें उगा रहे हैं, हम सिर्फ फसल ही काटते थे। बाकी का, वनस्पति और पशुओं का कचरा जमीन में जाता था।

आज हम सब कुछ बाहर खींच रहे हैं और जमीन में कुछ भी जाने नहीं दे रहे। हमें लगता है कि थोड़ी बहुत रासायनिक खाद डालने से काम हो जायेगा। यही कारण है कि भोजन और उनके पोषक तत्वों की गुणवत्ता जबरदस्त रूप से नीचे आ रही है।

हमारी भोजन उगाने की योग्यता ही समाप्त हो रही है, क्योंकि हम अपनी उपजाऊ जमीन को रेगिस्तान बनाये जा रहे हैं। हम अपनी उपजाऊ मिट्टी को रेत बना रहे हैं क्योंकि उसमें कोई जैविक पदार्थ जा ही नहीं रहे हैं - कहीं कोई पेड़ों की पत्तियां या पशुओं का मल-मूत्र नहीं है।

रासायनिक खादों का वास्तविक खतरा

लगभग 40 साल पहले, जब मैं खेती करता था, रासायनिक खाद बनाने वाली कंपनियों के लोग आ कर गाँवों में किसानों को बताते थे कि रासायनिक खाद के क्या गुण हैं और ये क्या कर सकती हैं। वो जो कुछ कहते थे थे, वो मेरी समझ से बाहर होता था।

क्या जैविक पद्धति के अलावा किसी और पद्धति से भोजन उगाने का कोई और तरीका है ? नहीं, कोई और तरीका नहीं है ! आप अपनी उपजाऊ मिट्टी को तभी बचा सकते हैं, जब पेड़ों की पत्तियाँ, वनस्पति कचरा और पशुओं का मल-मूत्र उसमें जायेगा। आप केवल इसी एक तरीके से अपनी जमीन को लंबे समय तक बचा कर रख पायेंगे।

**मिट्टी को ठीक करें - सब कुछ ठीक होगा**

अगर हम अगले 5 से 10 साल तक सही कदम उठायें, तो फिर अगले 25 से 30 सालों में हम जमीन को ठीक-ठाक ढंग से बदल कर उपजाऊ बना पायेंगे। लेकिन अगर हम अभी कुछ नहीं करते और 50 साल बाद ये काम शुरू करेंगे तो हमें इस मिट्टी को उपजाऊ बनाने में 150 साल लगेंगे। इसका अर्थ ये हुआ कि मिट्टी खराब होने के कारण, चार से पांच पीढियां बहुत ही खराब तरह का जीवन बितायेंगी।

## यथार्तो धर्म जिज्ञासा

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**हमारे** समाज में कर्मकांड और तत्व ज्ञान को लेकर किसी प्रकार भेद नहीं है विवाद नहीं है। हमारी पढ़ाई प्रणाली में इतना दोष है कि हम नास्तिक और आस्तिक विचार के साथ चार्वाक के विचारों को पढ़ाते हैं। भारतीय दर्शन में चार्वाक के विचार का कोई स्थान ही नहीं है लेकिन जब जब जीयो सुख से जीयो उधार लेकर धी पियो जैसे विचार को प्रचारित प्रसारित किया गया। चार पंक्ति किस प्रकार इतना प्रचारित हो गया इसका कोई शोध नहीं हुआ। इस व्यक्ति का भी कोई पता नहीं है। हमारे सिंधु नदी के पूरब रहने वाले जन समूह के सनातन पद्धति मानने वाले लोग दुनिया में जन कल्याण के समर्पित पहले समूह थे। हमारा आधार वेद ही है। वेद के आधार पर कोई भेद नहीं हो सकता। न कोई आस्तिक न नास्तिक। हमारे संतो ने जो सांस पर शोध किया उसका एक आधार था अथार्तो धर्म जिज्ञासा। जिज्ञासा मैं कौन हूं? मेरा सुख क्या हैं? जगत किसके द्वारा चल रहा है। सांस की प्रधानता को भी समझा गया। सांस रोकने का अभ्यास और कुभंक जैसी प्रकिया से अभ्यास किया गया।

यह सबसे बड़ी बात है। जिज्ञासा सांस को लेकर हुई और सांस की अवस्था को उच्च स्थान पर पहुंचाने की जो प्रकिया हमारे ऋषि मुनियों ने प्राप्त किया और संसार को दिया वह आज भी विस्तार पा रहा है। एक बार 1892 में जब स्वामी विवेकानंद राजस्थान के खेतरी महाराज के महल में थे तब एक घटना हुई। महाराज ने एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया उस कार्यक्रम में एक नर्तकी को भी बुलाया गया था। महफिल सज गयी थी और स्वामी विवेकानंद जी के लिये भी एक आसान लगाया गया था। राजा सहित सभी लोग कार्यक्रम में आ गये। लेकिन स्वामी विवेकानंद को लगा कि इस नर्तकी के का स्थान नीचे है मुझे इसके कार्यक्रम में नहीं जाना चाहिए। जब समय हुआ स्वामी विवेकानंद जी नहीं आये तब निश्चित समय पर नर्तकी ने राजा से आदेश लेकर कार्यक्रम आंरभ किया। उसने पहला गीत *प्रभु जी मेरे अवगुण चित न धरो ,समदर्शी है नाम तुम्हारे काहे भेद करो* प्रस्तुत किया। इसको सुनते ही स्वामी विवेकानंद को अहसास हुआ कि शरीर और आत्मा अलग है मैं किससे धृणा कर रहा हूं। वे कमरे से निकलकर कार्यक्रम स्थल में आ गये। नर्तकी ने उनके चरण स्पर्श किया। ठीक वैसा ही ब्रह्म विद्यालय आश्रम के तत्व ज्ञान स्वामी समाधि सरकार ने भी दो शब्दों का आदेश मुझे दिया था। बनले बनइब। जो सही है उसे ही सही करोगे। यह प्रकरण तब का है जब मगध क्षेत्र में भक्ति का प्रचार का काम मेरे जिम्मे आया था और मैं कर रहा था। मगध संत की बाणी सबसे बड़ी होती है। संतो के लिये सब बराबर है और कहें तो बिगड़ों के लिये उनके पास अधिक स्थान होता है। समाज में भक्ति का प्रवाह और प्रचार के लिये यही धारा ब्रह्म विद्यालय आश्रम से प्रचारित हो रही है जो मनुष्य के प्रथम जिज्ञासा पर ही आधारित है। आखिर सांस खत्म होने और सांस पर नियंत्रण की जिज्ञासा से ही आगे सत्य सनातन पद्धति को गति मिली।

हमारे स्वामी जी ने जिस प्रकार सात दशक तक छोटका राजपुर (बक्सर, बिहार) जैसे छोटे से गांव में धर्म का प्रचार किया ऐसा उदाहरण विश्व में और कोई दूसरा नहीं है। एक ब्रह्म ज्ञानी ने समाज और संसार को जो दिया उसे समझने और जानने के लिये भी पात्रता की आवश्यकता होती है। निर्मल हद्य सो मोही जाना।

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना स्वामी परमहंस दयाल ने टेरी में की जो तब भारत का हिस्सा है और अब पाकिस्तान में हैं। टेरी में जब समाधि स्थल में तोड़ फोड़ किया गया तो पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय ने विशेष आदेश देकर उसका निमार्ण सरकार के फंड से कराया। परमहंस दयाल का जन्म छपरा के दनियांवा में हुआ था। उनके नानीघर नंदपुर में था। हमारे स्वामी जी सरकार जो गढ़वा घाट आश्रम काशी के निमार्ण के बाद छोटका राजपुर आये थे उनकी इच्छा थी कि परमहंस दयाल के जन्म स्थल पर लोग जान पाये कि एक अद्धितीय संत का यह स्थान है। उनकी इच्छा हमारे लिये आदेश है और हम छपरा और नंदपुर के आश्रम में अपने मुख्य स्थान छोटका राजपुर के बाद सबसे अधिक समय रह रहा हूं।

(ब्रह्म विद्यालय आश्रम मुख्य स्थान छोटका राजपुर बक्सर बिहार शाखा कुटी बसारगढ़ रांची)

## चॉकलेट का इतिहास

**रवि सिन्हा**

**दुनिया** में चॉकलेट डे मनाने की शुरूआत भले ही 1550 में यूरोप से हुई थी, लेकिन आज इस दिन को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। आज दुनियाभर में चॉकलेट इस कदर पसंद की जाती है कि हर आयु वर्ग का व्यक्ति इसे खाता है। क्या बच्चे, क्या युवा और क्या बुजुर्ग, हर किसी को चॉकलेट बहुत पसंद होती है। आपको बता दें कि चॉकलेट कोको के पेड़ से बनाई जाती है। 2000 साल पहले अमेरिका के रेन फॉरेस्ट में सबसे पहले इसका पेड़ खोजा गया था। इस पेड़ की फलि ?यों में जो बीज होते हैं उनसे चॉकलेट बनाई जाती है।

सबसे पहले चॉकलेट बनाने वाले लॉग मैक्सिको और मध्य अमेरिका के ही थे। मैक्सिको पर स्पेन का कब्जा होने के बाद वहां का राजा भारी मात्रा में कोको के बीज और चॉकलेट बनाने वाले यंत्र लेकर स्पेन चला गया था। वहां उसने पहले चॉकलेट ड्रिंक परोसी थी, लेकिन उसके स्वाद को बेहतर बनाने के लिए इस ड्रिंग में वेनिला, चीनी और दालचीनी मिला दी। चॉकलेट से बनने वाले व्यंजन आज दुनियाभर में चॉकलेट को सिर्फ सामान्य रूप से खाने के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाता, बल्कि चॉकलेट से कई प्रकार के व्यंजन बनते हैं। चॉकलेट से कई प्रकार के केक बनाए जाते हैं, चॉकलेट सुशी, चॉकलेट नूडल, चॉकलेट मंचूरियन। इसके अलावा कई तरह की ड्रिंक, शेक और आइसक्रीम में भी चॉकलेट का इस्तेमाल होता है। चॉकलेट खाने के फायदे चॉकलेट खाना काफी फायदेमंद होता है।

डॉक्टर भी कई बीमारियों से बचने के लिए चॉकलेट खाने के लिए कहते हैं। हालांकि चॉकलेट खाने के नुकसान भी हैं। आइए जानते हैं चॉकलेट खाने के फायदेः- - कई स्टडी में इसका दावा किया जा चुका है कि चॉकलेट खाने से आपका स्ट्रेस लेवल कम होता है। चॉकलेट में ऑक्सीडेटिव होता है, जो तनाव घटाने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। - इसके अलावा चॉकलेट वजन कम करने में भी फायदेमंद होती है। एक शोध में यह देखा गया कि अगर नियमत रूप से चॉकलेट का सेवन किया जाए, तो इससे बॉडी मास इंडेक्स को सही रखा जा सकता है।

- डार्क चॉकलेट में पाया जाने वाला पॉलीफेनोल शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है, जो बेड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में फायदा पहुंचाते हैं।

## फिटनेस पर भरोसा नहीं जांच कराते रहें



डॉ. देवी शेट्टी जब लेख लिखकर कहते हैं कि इसका कोई मतलब नहीं है कि आप जितना फिट महसूस करते हैं, उतना हों भी तो यह हमें बहुत डरावना जान पड़ता है। डॉ. शेट्टी लोगों से कहते हैं कि वो खुद को फिट महसूस करते हैं तो निश्चिंत नहीं हो जाएं बल्कि सीटी स्कैन जैसे सॉफिस्टिकेटेड टेस्ट्स करवाते रहें ताकि सच पता चलता रहे। वो कहते हैं कि समय-समय पर टेस्ट नहीं करवाने से अचानक कार्डियक अरेस्ट का शिकार होकर जान गंवाने का खतरा बना रहेगा। दरअसल, ऐसी चेतावनियों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है बल्कि ये आधी सच्चाई और धारणा पर टिकी होती हैं। डॉ. देवी शेट्टी के लेख में कई बातों का वैज्ञानिक आधार पर खंडन किया जा सकता है, लेकिन हम या कुछ ही दावों की पड़ताल कर रहे हैं।

**क्या हर किसी को सीटी एंजियोग्राफी करवाना चाहिए?**

जिनमें हृदय रोगों का कोई लक्षण नहीं है, उनमें ज्यादातर लोगों के लिए इस सवाल का जवाब बिल्कुल नहीं है। सीटी स्कैन ऐसा टेस्ट है जो सीने में दर्द की शिकायत या हृदय रोग के दूसरे किसी लक्षण दिखने पर ही किया जाता है। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है कि आम लोगों को भी किसी गुप्त बीमारी के लिए सीटी स्कैन करवाना चाहिए। यही वजह है कि दुनिया का कोई भी वैज्ञानिक संस्थान ऐसी सिफारिश नहीं करता है।यह सच है कि सीटी स्कैन हृदय की धमनियों में बीमारियों को पकड़ लेती है। फिर भी दो कारणों से रोग के लक्षण के बिना किसी का सीटी स्कैन नहीं किया जाता है। पहला- उम्र , धूम्रपान की स्थिति ), कॉलेस्ट्रॉल के स्तर , उच्च रक्तचाप , मधुमेह और परिवार में हृदय रोगों का इतिहास जैसी जानकारियों के आधार पर किसी व्यक्ति के भविष्य में हर्ट डिजीज के खतरों को बहुत हद तक भांपा जा सकता है। इसलिए लोगों को वक्त-वक्त पर यही सब टेस्ट करवाने की सिफारिश की जाती है। इसलिए खतरे को भांपने के लिए सीटी एंजियोग्राम की जरूरत नहीं है।

दूसरा, रोग के लक्षण के बिना किसा का सीटी स्कैन करने से वाहियात परेशानी उठाने के साथ-साथ आगे कई तरह के टेस्ट करवाने की जरूरत भी पैद हो सकती है। संभव हो कि एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी तक करवाने की सलाह दे दी जाए। इसका कोई साक्ष्य नहीं है कि इस टेस्ट से आम लोगों को फायदा होता है बल्कि इन प्रक्रियाओं से गुजरकर कई तरह के खतरे मोल लेने की आशंका पैदा हो सकती है।

यहां तक कि जिन लोगों में हृदय रोग के लक्षण हैं, उनका भी दवाइयों से इलाज किया जाना चाहिए ना कि तुरंत एंजियोप्लास्टी या सर्जरी कर दी जाए क्योंकि इनसे भविष्य में हर्ट अटैक या जान जाने का खतरा कम नहीं होता है। एंजियाप्लास्टी या सर्जरी तभी की जानी चाहिए जब बीमारी दवा से ठीक नहीं हो रही हो। क्या आपको एक्सरसाइज शुरू करने से पहले सीटी स्कैन करवाना चाहिए?

## पाकिस्तान की परतें खोलती अनूठी पुस्तक

**सुनील सिंह बादल**

**अपनी** आँखों के सामने भारत पाकिस्तान का विभाजन देख चुके वरिष्ठ पत्रकार बलबीर दत्त जी ने 504 पृष्ठों की एक अपने आप में अनूठी पुस्तक लिखी है भारत विभाजन और पाकिस्तान के षडयंत्र .पाँच खंडों में विभाजित कुल 80 प्रसंगों वाली यह पुस्तक आज के कम पढ़े लिखे जाने वाले दौर में संभवतः असामान्य समझी जाए पर लिखने पढ़ने और नूतनता, गहरायी और तथ्यपरक बातों में रुचि रखने वाले पढ़ने लिखने वाले लोगों के लिए यह एक दुर्लभ पुस्तक है .बहुत ही रोचक और सरल ढंग से लिखी गई पुस्तक में ऐसे ऐसे प्रसंग हैं जो पाकिस्तान की परत दर परत अभिनव पहचान कराते हैं।

बहुत से लोग उन बातों से संभवतः अवगत होंगे और कुछ बातें तो ऐसी है जो निश्चित रूप से अल्प ज्ञात है या बिलकुल ही लोग उसे अंजान हैं। दरअसल षडयंत्र से बने देश की षडयंत्रकारी गतिविधियों पर केंद्रित यह पुस्तक यह स्पष्ट करती है कि राष्ट्रीय पहचान से वंचित एक अस्वाभाविक देश पाकिस्तान किस प्रकार एक भय की मनोग्रंथि का शिकार है और पाकिस्तान में क्यों नहीं लहलहाया लोकतंत्र का पौधा ?अंग्रेजों की धूर्तता भरी योजना तबाही मचाओ और भाग जाओ को भी बहुत ही अच्छी विवेचना की गई है .आतंकी हमलों से भारत को मर्माहत करने की कारस्तानी और जिन्ना से इमरान तक के सफर को बहुत ही मेहनत से एक स्थान पर जुटाया गया है .कुछ तथ्य तो ऐसे हैं जो जो बहुत ही रोचक हैं जैसे जिन्ना की टाइपराइटर से बना पाकिस्तान ! आजादी के 75 सालों में भारत पाकिस्तान विभाजन पर अनेक पुस्तकों का प्रकाशन हुआ लेकिन यह पुस्तक अपने आप में बिलकुल अलग है और ऐसा लगता है जैसे बहुत बारीकी से उनके बीच बैठकर उन पर नजर रखने के बाद यह पुस्तक लिखी गई है . इसे

**भारत विभाजन और पाकिस्तान के षड्यंत्र**




मुस्लिम लीग के नारे हँस के लिया है पाकिस्तान लड़के लेंगे हिंदुस्तान की बहुत ही सार्थक व्याख्या की गई है . तथ्यात्मक तर्कों से विवेचना की गई है कि पाकिस्तान के लोग भी भारत के जैसे ही है सुखी जीवन जीना चाहते हैं लेकिन पाकिस्तान की सत्ता शुरू से ही जिनके हाथों में गई वे स्वयं भय के शिकार थे और उन्होंने ऐसा माहौल बनाया कि पूरा देश आज भी भय का शिकार है .

पहले खंड में आदिवासी पाकिस्तान बनाने की ब्रिटिश लीगी साज़िश नाकाम को उन्होंने विस्तार दिया है मीर जाफर के वंशज इस्कंदर मिर्जा ने किस प्रकार कुल की परंपरा निभाई,ब्रिटिश फौज और जिन्ना का अंडमान को हथियाने का मंसूबा किस प्रकार ध्वस्त हो गया है और पाकिस्तान किस प्रकार साम्राज्यवादी ताकतों के षड्यंत्र की उपज है,पाकिस्तान की माँग का प्रस्ताव वायसराय ने तैयार कराया था जैसे अनेकों ऐसे प्रसंग है जो पुस्तक को आद्योपांत पढ़ने पर विवश करते हैं। खंड दो में वे मुसलमान से मोहाजिर हो गए ,हिन्दुस्तादे हो गए में भारत से गए लोगों का दर्द बयान किया गया है .खालिस्तान के नाम पर खून खराबे में पाकिस्तानी संलिप्तता , भारत के विरुद्ध इस्लामी बम बनाने के लिए आणविक तस्करी और आजाद होने के लिए छटपटा रहा आजाद कश्मीर सहित कुख्यात गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम पाकिस्तान की शरण में जैसे ऐसे प्रसंग हैं जो इसे बहुत रोचक और आंखें खोलने वाला बनाते हैं .खंड तीन में लता मंगेशकर पाकिस्तान नहीं आए नूरजहाँ हिन्दुस्तान नहीं जाए, पाकिस्तान में दूर फाँकता भारतीय ज्ञान का दुर्लभ खजाना,स्कूली पुस्तकों में हिंदुओं और हिंदुस्तान के विरुद्ध नफरत के पाठ जैसे अनेक प्रसंग है .खंड 5 में पाकिस्तान के रोचक प्रसंग विचित्र प्रसंग हैं।

प्रभात पेपरबैक्स की तरफ से प्रकाशित नौ सौ रुपये मूल्य की पुस्तक एक सामान्य पाठक के लिए थोड़ी महँगी तो अवश्य पर पुस्तक को पढ़ने के बाद ऐसा लगता है की यह दुर्लभ दस्तावेज है और हर भारतीय को इसे अवश्य पढ़ना चाहिए ताकि वह भारत की समस्याओं को समझ सके।

## आखों की रोशनी बचाने वाले योगासन

**स्वामी मुक्तरथ**

आंखें हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में शामिल हैं लेकिन अक्सर हम अपनी आंखों को स्वस्थ रखने के लिए सबसे कम उपाय करते हैं। आजकल युवाओं यहां तक कि बच्चों की भी आंखें कमजोर हो रही हैं। त्राटक अभ्यास आपको अंधेपन से दूर रखने में सहायक होता है। हम आंखों के लिए ऐसे ही कुछ आसन के बारे में बता रहे हैं। हलासन पीठ के बल पर लेट जाइए। अपनी हथेलियों को शरीर के साथ फर्श पर रखिए। अब अपने पैरों को 90 डिग्री पर ऊपर की तरफ उठाएं। अपनी हथेलियों को फर्श पर टिकाए रखें और अपने पैरों को सिर के पीछे की तरफ ले जाएं। अपनी कमर को भी ऊपर उठाते हुए पैर से सिर के पीछे फर्श को छूने की कोशिश करें। इस प्रक्रिया में हाथों से अपनी कमर को सहारा देते हुए कम्फर्ट बनाए रखें और कुछ क्षण तक इस मुद्रा में रहें। कूल्हों को ऊपर उठाएं, घुटनों और कोहनियों को सीधा करें और शरीर को अंग्रेजी के 'ए' की मुद्रा में बनाएं।अपनी हथेलियों पर दबाव डालें और अपने कंधे के ब्लेड खोलें। अपनी एड़ी को फर्श पर धकेलने की कोशिश करें। 8 से 10 बार सांस लेने तक रुकें। अपने दाहिनी नाक को अपने अंगूठे से धीरे से बंद करें, अपने बाईं नाक में सांस लें और इसे बंद करें। सांस को दाहिने नथुने से बाहर निकालें। फिर अपने दाएं से सांस लें और इसे बंद करके केवल अपने बाएं से सांस छोड़ें। इसे कई बार करें। त्राटक ध्यान अपने सामने एक कोई दीपक या लौ जलाएं। इसे आंख की सीध में रखें। इस लौ को स्वयं से उतनी दूरी पर रखें जितनी आपकी लंबाई है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## धूमपान करने वालों को कोविड सहित विविध रोगों का खतरा



**प्रिया राज**

अगर आप धूम्रपान करते हैं तो सावधान हो जाइए। धूम्रपान करने वालों पर कोरोना वायरस के गंभीर बीमारी के रूप में बढ़ने और मौत होने का खतरा 50 फीसदी बढ़ जाता है। इसलिए अगर कोरोना वायरस से खतरे को कम करना चाहते हैं तो जितना जल्दी धूम्रपान छोड़ दीजिए उतना ही अच्छा है। ऐसा हम नहीं बल्कि विश्व में स्वास्थ्य मामलों पर नजर रखने वालीं संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के डायरेक्टर जनरल डॉ. टेड्रोस एधोनम गेब्रेसस ने कहा है। दुनिया के देशों से डब्ल्यूएचओ चीफ ने की अपील गेब्रेसस ने कहा है कि धूम्रपान छोड़ना कोरोना वायरस के खतरे को कम करने के साथ ही कैंसर, दिल और सांस की बीमारियों से भी



दूर रखने में मदद करेगा। डब्ल्यूएचओ चीफ ने शनिवार को इस बारे में एक बयान जारी किया है। आइए सीधे बताते हैं कि उनके बयान में क्या है। टेड्रोस ने कहा ₹हम सभी देशों से डब्ल्यूएचओ के अभियान में शामिल होने और तम्बाकू मुक्त पर्यावरण का निर्माण करने में अपना रोल अदा करने की अपील करते हैं। जो लोगों को वह जानकारी, सपोर्ट और उपकरण उपलब्ध कराने में मदद करती है जिसकी उन्हें इसे छोड़ने में जरूरत पड़ती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'तंबाकू छोड़ने के लिए प्रतिबद्ध' अभियान चलाया है। साल भर के इस अभियान के पहले 5 महीने में ही धूम्रपान छोड़ने के संसाधनों को एक अरब से अधिक तंबाकू उपभोक्ताओं तक स्वतंत्र रूप से उपलब्ध कराया गया है। धूम्रपान के मामले में यूरोप नंबर-1 डब्ल्यूएचओ का यह अभियान उन लाखों तंबाकू उपयोगकताओं का समर्थन करने के लिए है जो सक्रिय रूप से अपनी जान बचाने के लिए कदम उठा रहे हैं, लेकिन उन्हें सफल होने के लिए मदद की जरूरत है। अभियान वर्तमान में सीधे 29 देशों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। क्विट चैलेंज लोगों को तम्बाकू मुक्त करने के लिए 6 महीने तक डेली नोटिफेकेशन के रूप में सलाह और उत्साह बढ़ाता है। डब्ल्यूएचओ इसे व्हॉट्सएप, वाइबर, फेसबुक मैसेंजर और वीचैट पर उपलब्ध करा रहा है। दुनिया भर में 39 प्रतिशत पुरुष और 9 प्रतिशत महिलाएं तम्बाकू का सेवन करती हैं। दुनिया में धूम्रपान की सबसे उच्च दर के मामले में 26 प्रतिशत के साथ यूरोप है। अनुमान के मुताबिक अगर सरकार एक्शन नहीं लेती हैं तो इसमें 2025 तक केवल 2 प्रतिशत की कमी आएगी। भारतीय स्वास्थ्य मंत्री को मिला पुरस्कार तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में डब्ल्यूएचओ ने भारत के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मान दिया है। टेड्रोस गेब्रेसस ने महानिदेशक के तंबाकू नियंत्रण पुरस्कार के तहत विशेष मान्यता पुरस्कार के लिए भारत के स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन और ब्रिटेन के बाथ विश्वविद्याल में तंबाकू नियंत्रण अनुसंधान समूह को चुना है। बयान के अनुसार डॉ हर्षवर्धन को यह पुरस्कार 2019 में राष्ट्रीय कानून के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए दिया गया है जिसके तहत भारत में ई-सिगरेट और गर्म तंबाकू उत्पाद प्रतिबंधित किए गए हैं।

**खराब होता पर्यावरण और हम**



साभार : कार्टून मूवमेंट

स्पीड न्यूज

## दो टेलर दुकानों में लगी आग



**रामगढ़।** शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र सौदागर मुहल्ला में शनिवार को शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग ने भीषण रूप धारण कर लिया और दो दुकानों में फैल गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। बताया गया कि अललगी की घटना में दो टेलर दुकान संचालकों को भारी नुकसान हुआ है। सिलाई दुकान में रखे सभी कपड़े जल गए। दुकान के मालिक रुस्तम ने बताया कि मेट्रो टेलर एवं मदन टेलर में ट्रांसफार्मर के शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई । जिससे दोनो दुकान जलकर राख हो गये। कहा कि ईद को लेकर दुकान में सेवई भी बेचा जाता है वह भी आग लगने से जल गया।

## टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑफिसर्स क्लब जिंदल स्टील एंड पावर के तत्वाधान में कारखाना परिसर में शुक्रवार को टेनिस बल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट का उदघाटन प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। आगामी 21 अप्रैल तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में प्लांट के 9 टीमों ने भाग लिया है। उदघाटन के मौके पर प्लांट हेड आरके अजमेरियां ने जिंदल कर्मियों को खेल कूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने वर्कलाइफ/डेली लाइफ में भी संतुलन पर विशेष जोर दिया। श्री अजमेरिया ने कहा की जिंदल स्टील कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। यही कारण है कि हर माह कारखाना परिसर में खेल कूद प्रतियोगिता आयोजन की जाती है। इस बार महिलाओं को भी क्रिकेट में भाग लेने के लिए अनिवार्य किया गया है। उदघाटन मैच में टेक्निकल पैंथर ने कमर्शियल टीम को 7 विकेट से पराजित कर अपनी जीत दर्ज की। मैन अफ द मैच आईटी विभाग के सुशील सिंह बनें। शनिवार की रात्रि को वरियर्स और डमिनेटर्स के बीच मैच खेला जाएगा। टूर्नामेंट में आयोजक के रूप में अफिसर्स क्लब सक्रिय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## परवरिश एजुकेयर स्कूल में ओरियंटेशन



**कुजू।** कुंदरिया बांध कुजू स्थित परवरिश एजुकेयर स्कूल में शुक्रवार को अभिभावकों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें प्री प्राइमरी में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करने तथा पेरेंटिंग टिप्स देने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंध निदेशक विकास सिंह, निदेशक शैलेंद्र कुमार, संयोजक प्रकाश रंजन तथा प्राचार्य नेहा राज बनर्जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ने कहां की किस प्रकार छोटी-छोटी बातों का ख्याल रख बच्चों के भविष्य को संवारा जा सकता है। आज जरूरत है बच्चो को सिखाना की गुड टच और बैड टच में क्या अंतर है। प्राचार्य ने अपने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा अभिभावकों को विस्तृत रूप से बताया। बच्चे भविष्य के नेता, अभिनेता, डॉक्टर, इंजीनियर, खिलाड़ी, कलाकार आदि कई भूमिकाओं में देश के नव निर्माण एवं विकास में अपनी महती योगदान देने वाले हैं ,ऐसे में उनका सर्वांगीण विकास किस तरह से किया जाए इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

## 11 वां वेतन समझौता जल्द लागू हो




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन द्वारा शनिवार को बिरसा परियोजना कैंटीन में सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राजेश पासवान व संचालन मधु बावरी ने किया। बैठक में कोल इंडिया के मजदूरों का लंबित 11वां वेतन समझौता जल्द से जल्द लागू कराने को ले मजदूरों को जगाने का कार्य किया गया। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के क्षेत्रीय सचिव डॉ आशीष कुमार ने कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन एवं केंद्र सरकार की ढुलमुल रवैये के कारण कोयला मजदूरों का वेतन समझौता अधर में लटका है। सभा को यूनियन के क्षेत्रीय सचिव नरेश नायक, परदेशी नोनिया, तारा प्रसाद, सुरेंद्र राम, संजय कुमार सिंह, महेश बेदिया, योगेंद्र यादव, प्रह्लाद रविदास, रामशरण गिरी, कुलदीप करकट्टा, परदेसी मुसहर, बजरंगी मुंडा, शंकर कुमार करमाली, गोवर्धन मुंडा, तुलेश्वर मुंडा, तेज नारायण सिंह, साबिर अंसारी आदि ने भी संबोधित किया।

## लोजपा (रा) ने अंबेडकर की मनाई जयंती



**रामगढ़।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के तत्वाधान में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनायी गई। इस क्रम में थाना चौक अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर लोजपा (रा) के जिला अध्यक्ष केवल पासवान द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जीवनभर समानता के लिए संघर्ष करते रहे। कहा कि बाबा साहेब ने भेदभाव का सामना करते हुए अपनी शिक्षा पूरी की। वे देश की आजादी की लड़ाई में शामिल हुए और आजादी के बाद देश को लोकतांत्रिक स्वरूप प्रदान करने के लिए देश के संविधान की रचना की। कहा कि हम सब उनके बताए मार्ग पर चलकर ही भारत का समुचित विकास कर उनके सपनों को पूरा कर सकते हैं। इस अवसर पर राजकिशोर पासवान,श्याम चंद्रवंशी, मिथलेश रजक, मन्नू पासवान, गौरव कुमार,अंकित वर्मा, बंटी कुमार, गौतम कुमार, ऋषभ कुमार,उदय कुमार आदि उपस्थित थे।

# केरेडारी : मिट गया उरदा किला का अस्तित्व

## कभी रामगढ़ राज की थी पहली राजधानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**केरेडारी।** हजारीबाग जिला एवं चतरा जिला के बॉर्डर पर उरदा किला अवस्थित है। 29 मई 1991 में चतरा जिले को हजारीबाग से अलग किया था इससे पहले यह किला हजारीबाग जिले में ही पड़ता था। उरदा किला कभी रामगढ़ राज की पहली राजधानी थी। रामगढ़ राज के प्रथम शासक राजा बघदेव सिंह ने उरदा को अपनी पहली राजधानी बनायी थी। फिलहाल इस किले का कुछ अवशेष बचा हुआ है। इस पर अभी तक पुरातत्व विभाग एवं पर्यटन विभाग ने कोई सुधि नही ली है। झारखंड की इतिहास एवं संस्कृति पुस्तक में डॉ वी वीरोतम ने उरदा किला का जिक्र किया है।इस पुस्तक के अनुसार सन 1368 में राजा बघदेव सिंह उरदा में अपनी पहली राजधानी बनायी थी।हलाकी सैकड़ो वर्ष पुराना यह किला पूरी तरह धाराशायी हो चुका है। पर इस किले का कुछ अस्तित्व आज भी बचे हुआ है। वर्तमान में किले की चहारदीवारी में हाथियों को रखने वाले घर एवं किले का कुछ हिस्सा दिखाई देता है। किले की दीवारें काफी चौड़े है। जिन्हें चुना गुड़ एवं उरद दाल के गारे से बनाया गया है।

**4 जगहों पर स्थानांतरित की गयी थी राजधानीः** डॉ वी वीरोतम के अनुसार सबसे पहले उरदा को ही पहली राजधानी बनायी गयी थी।पर समय के साथ राजधानी परिवर्तित होती गयी।उरदा के बाद क्रमशः बड़कागांव के बादम,रामगढ़,इचाक एवं पदमा को भी राजधानी बनाया गया था।पर पदमा रामगढ़ राज की अंतिम राजधानी था।अन्य इतिहासकारो ने उल्लेख किया है की सन 1600 में आक्रमण का खतरे को देखते हुए रामगढ़ राज के वंशजो द्वारा राजधानी को बादम बड़कागांव स्थानांतरित किया।इस राजधानी में राजा दलेल सिंह ने शासन किया था।

इस संदर्भ में उरदा गांव के 65 वर्षीय बुजुर्ग मेवा महतो ने बताया की 40 वर्ष पूर्व एक व्यक्ति घर बनाने के लिए मिट्टी खोद रहा था।उसी क्रम में जमीन से भारी मात्रा में सोना चांदी निकला था।जिसे ग्रामीणों ने उसी जगह छोड़ दिया था।जिसे बाद में चोर ने चुरा कर ले गए थे।

**क्या कहते हैं गांव के बुजुर्ग :** गांव के बुजुर्ग बितलु भुयाँ,करम महतो,माधुरी राम,प्रभु राम, बनवारी ठाकुर ने बताया कि 40-50 वर्ष पूर्व एक बड़ा चारदीवारी का छोटा छोटा एवं मोटा पत्थर की दीवारें रहता था।जो धीरे धीरे टूट गया एवं इन पत्थरों को अगल बगल के गांव के लोग घर और कुआं बनाने के ख्याल से ले गए।

सदर विधायक ने किया महेशरा स्कूल के उन्नयन कार्य का शिलान्यास

# 1 करोड़ 40 लाख रुपये से बदलेगी स्कूल की तस्वीर

## बच्चे को मिलेगा बेहतर माहौल : मनीष जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**दारू।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने दारू प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, महेशरा परिसर में ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) डीएम एटीमद अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय महेश्वरा के उन्नयन कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। उक्त योजना अंतर्गत कुल करीब एक करोड़ 40 लाख रुपए की राशि से स्कूल परिसर में बाउंड्री वॉल, क्लास रूम, शौचालय, पेयजल सहित अन्य कार्य होना है।

ज्ञात हो इस स्कूल में कुल 270 बच्चे अध्यनरत हैं और महज 4 कमरे से ही यहां विद्यालय का संचालन किया जा रहा था। ऐसे में इस विद्यालय का कायाकल्प होने से विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में सहूलियत होगी ।

सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की डीएमएफटी मद से जिले के शिक्षा के मंदिरों का कायाकल्प किया जा रहा है जो बेहद सराहनीय पहल है। जिले के अनेकों स्कूलों में बाउंड्री वॉल नहीं होने से बच्चे असुरक्षित महसूस करते थे और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी लगता था। ऐसे में स्कूलों का उन्नयन होने से स्कूली बच्चे सुरक्षित होंगे और शिक्षा के मंदिरों में बाहरी असामाजिक तत्वों के जमावड़े में रोक लगेगी।

उन्होंने कहा की किसी भी समाज और देश के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। जब तक बच्चे शिक्षित नहीं होंगे हमारा समाज और देश कभी भी विकसित नहीं हो सकता है। मौके पर दारु विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, स्थानीय मुखिया पिंकी देवी, उपमुखिया सुरेश साव,अशोक कुशवाहा, संजय कुशवाहा, राजन सिन्हा,प्रमोद राम, विकाश यादव, विकाश कुमार विक्की, इंद्रदेव कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, अर्जुन साव, मोहन साव, प्रदीप यादव, उमेश रविदास, नान्दो महतो विद्यालय के प्रधानाध्यापक सैय्यद मंजर हसन, वीना देवी, स्वाति तिवारी, पूर्णेंदु कुमार, मनीष सिंह, रंजय सिंह, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य कई छात्र उपस्थित थे।

## डॉ सुनील कश्यप को मिला शिक्षक सम्मान



**रामगढ़।** बीआईटी मेसरा रांची में भारतीय संस्कृति ज्ञान परंपरा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें डॉ सुनील कुमार कश्यप ने संस्कृत का प्रशिक्षण देने का काम किया । इस अवसर पर वैज्ञानिक ढंग से रोचकता पूर्वक प्रशिक्षण देकर सभी इंजीनियर, प्रोफेसर ,शिक्षकों को संस्कृत का पाठ पढ़ाया। जिससे सभी शिक्षक अभिभूत हुए और काफी प्रभावित हुए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रदर्शनी और संस्कृत प्रशिक्षण को सुनकर वे काफी प्रभावित हुए। प्रदर्शनी में रसायन शास्त्र, भौतिकी शास्त्र ,आयुर्वेद, धर्म ,चिकित्सा शास्त्र ,योग आदि की ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त हुई । संस्कृत का प्रशिक्षण देने में दक्षता हासिल करने वाले डॉक्टर सुनील कमार कश्यप की प्रशिक्षण कला को देखकर काफी प्रभावित हुए । डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप को झारखंड का संस्कृत युवा शिक्षक सम्मान मिला।

## हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

**बरकट्ठा ।** प्रखंड के ग्राम पैसरा में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में बजरंगबली के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर छह मई से आहूत श्री श्री 108 श्री मारुति नन्दन सह रामचरित मानस महायज्ञ प्रारंभ के पूर्व मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पूर्व झंडा के साथ ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। इसके बाद विधायक अमित कुमार यादव ने ध्वजारोहण किया। ग्रामीणों ने ध्वजारोहण के दिन ही यज्ञ के समापन तक मांस, मदिरा का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए हुए ध्वजारोहण और नगर भ्रमण कार्यक्रम में विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, प्रखंड 20 सूत्री समिति अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, मुखिया चिंता देवी, पूर्व मुखिया अशोक रविदास, वार्ड सदस्य सुरेश प्रसाद, आशा कुमारी, शंकरदयाल प्रसाद, द्वारिका महतो, त्रिभुवन प्रसाद, भीमलाल प्रसाद, महेंद्र सिंह, भीखन यादव, बबुनी महतो, लेखराज महतो, चुरामन महतो, बैजू महतो, किशुन महतो और समस्त ग्रामीण शामिल थे।

## एनटीपीसी में धूमधाम से मना अंबेडकर जयंती



**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना में शनिवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर याद कर उन्हें नमन किया गया। चट्टी बरियातु परियोजना प्रमुख श्री अनिमेष जैन एवं केरेडारी परियोजना प्रमुख द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जी चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है। 1990 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। श्री जैन ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के बारे में बताया की संविधान भारत निमार्ता डॉ. अंबेडकर अपने दौर के सभी राजनेताओं से ज्यादा पठन पाठन में सक्रिय रहे। उन्होंने बताया कि अंबेडकर जी ने कुल 32 किताबें, 10 वक्तव्य के साथ चार रिसर्च थीसिस के अलावा ढेर सारी पुस्तकों की समीक्षाएं भी लिखी। श्री फैज ने बताया कि आजाद भारत के डॉ. भीमराव अंबेडकर पहले कानून एवं न्याय मंत्री थे. अंबेडकर जंयती को भारत में समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में जाना जाता है। इस समारोह में केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद की संस्कृति चार हजार साल पुराना : राव

## रामगढ़ में दो दिवसीय प्रांत स्तरीय कार्यशाला शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता




**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में बजरंगदल विश्वहिंदू परिषद् की दो दिवसीय प्रांत स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ शनिवार को जिलाध्यक्ष आलोक रत्न चौधरी की अध्यक्षता में हुई। दो दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्यनारायण राव सहित प्रांत के कई बड़े पदाधिकारी उपस्थित हुए।

कार्यशाला में झारखंड के सभी जिलों से उपस्थित हुए दर्जनों पदाधिकारियों का हौंसला बढ़ाते हुए बजरंग दल के राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्यनारायण राव ने कहा कि हमारी संस्कृति और सभ्यता साढ़े चार हजार साल पुरानी है । जो विश्वभर की सभी सभ्यताओं से हजारों वर्ष पुरानी मानी जाती है । जब कहीं बिजली, कंप्यूटर, टेलिस्कोप,विमान या कैलकुलेटर नही हुआ करता था तब भी हमारे ऋषि मुनियों को खगोलीय ज्ञान और ग्रहों की दूरी का ज्ञान था । हमारे वेद और पुराण में शब्द इसके गवाह है। कहा कि विश्व का सबसे पुराना और हमारी वैदिक ज्ञान का धरोहर कही जाने वाली नालंदा विश्वविधालय को मुगलों के द्वारा जलाया गया था। जिसमें रखी लाखों कीमती पुस्तके कई महीनो तक जलती रही थी। जिससे हमारी वैदिक संस्कृति को नष्ट कर हमें बौद्धिक गुलाम बना सके। कहा कि आज कुछ विदेशी वैज्ञानिक पृथ्वी और सूर्य की दूरी को अपने यंत्रों से नापने पर अपनी पीठ थपथपा रहें है उसको हमारे गोस्वामी तुलसीदास ने पंद्रहवीं शताब्दी में हीं अपनी स्वरचित हनुमान चालीसा के 18वीं चौपाई में बता दिया था। इसलिए मैं तो ये कहता हूं की जब दुनियां को खाने और रहने का तरीका नही आता था उस वक्त भी हम विश्वगुरु थे। जिसको आज पश्चिमी सभ्यता झुठलाने की कोशिश करती है। प्रांत कार्याध्यक्ष तिलक राज मंगलम ने कहा की आज आप सभी युवाओं के सहयोग से हमारा संगठन देश के उत्थान में अपना योगदान देने के साथ हीं अपनी सनातन संस्कृति को को संजोए रखने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के के लिए हमेशा आगे आया है । जिसको दुनियां ने देखा है। उन्होंने कहा चाहे मौका देश में फैली महामारी का हो या देश की संस्कृति और आस्था को बचाने का हमारे संगठन ने हर मौके पर अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करवाकर मुसीबतों का सामना किया और अपनी जीत हासिल की है। कार्यशाला में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक जन्मजय कुमार,प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह,प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो,प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर,प्रांत सुरक्षा प्रमुख मनोज कुमार,जिला मंत्री छोटू वर्मा,सुरक्षा प्रमुख दीपक मिश्रा,प्रांत विद्यार्थी ,अमित पासवान,विभाग संयोजक धनबाद रवि वर्मा,सोनू सिंह,विशाल साहू,भवानी सिंह सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित हुए।

एक नजर में

## 20 को एल्बेंडाजोल की दी जायेगी खुराक



**बरही।** प्रखंड कार्यालय मीटिंग हॉल में प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार की अध्यक्षता में अनुमंडल अस्पताल बरही के उपाधीक्षक डॉ ज्ञानी प्रकाश की उपस्थिति में राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के अवसर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के माध्यम से उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने इस अवसर पर टास्क फोर्स का गठन किया है,जिसके द्वारा 20 अप्रैल को सभी बच्चों को आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में एल्बेंडाजोल की खुराक देने की योजना बनायी गयी है। साथ ही नियमित रूप से हैंड वॉश करना सहित कई विषयों पर चर्चा किया गया। मौके पर सीडीपीओ नीलू कुमारी,बीपीएम नारायण राम, स्वास्थ्य विभाग से सुनीता कुमारी, रंजीता कुमारी, संजय कुमार दुबे, दिनेश कुमार, असलम अली, नवल किशोर सिंह, मथुरा प्रसाद, रानीचुंवा मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुड्डू, बरही पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, गणेश दास, सुधांशु कुमार सिन्हा, संतोष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एलपीसी बनवाने में हो रही है परेशानी

**विष्णुगढ़।** अंचल कार्यालय में मन मानी कोई नई बात नहीं है। सीओ के रवैये से आम लोग परेशान है। कभी एलपीसी के लिए तो कभी दाखिल खारिज के लिए लोगों को बे वजह दौड़ाया जाता है। दौड़ लगाने वालों में ज्यादातर गरीब व मजबूर लोग शामिल है। धनाढ्य व बाहुबली व जमीन दलालों को अपने कार्य के लिए कभी कार्यालय आने तक की भी जरुतत भी नहीं होती। और इनके कार्य के लिए नियम और रुल की जरूरत भी नहीं होती। जीएम व फारेस्ट की जमीन के कार्य भी चुटकीयों में निष्पादित हो जाती है वो भी केवल फोन पर। एलपीसी से जुड़े एक मामला हजारीबाग के करियातपूर के रहने वाले अजय सिंह की है। बताया गया की 1935 से बतौर नीलामी गोविन्दपुर में जमीन हासिल है। जिसको पूर्व में कई बार बेच चूका हूं। एक बार 1980 में भी बेचा था बाद में भी सेल हुई लेकीन इस बार अंचल द्वारा एलपीसी बना कर नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते मेरा जरुरी काम अधर में है। 4 एकड़ जमीन को बिक्री के लिए मुमताज अंसारी, प्रवेश और सम्बू यादव तीन लोगों के नामसे पावर ऑफ अटर्नी लिखना है लेकिन इसके लिए 8 माह पहले एलपीसी बनाने के लिए आवेदन किया हूं। लेकिन आज तक एलपीसी नहीं बनाया गया है। श्री सिंह ने कहा 5 अप्रैल को बुलाने कि बात की गई थी लेकिन बुलावा नहीं आया। विषय को लेकर जिला उपायुक्त के पास जाने की बात कही।

## हेदलाग गोविंदपुर सूर्य मंदिर में ध्वजारोहण आज

**कटकमसांडी ।** प्रखंड क्षेत्र के हेदलाग गोविंदपुर में सूर्य मंदिर का ध्वजारोहण 16 मार्च होगा। सूर्य मंदिर के समिति के द्वारा सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताते चलें कि सूर्य मंदिर का निर्माण हेदलाग गोविंदपुर निवासी समाजसेवी मानकी साव के द्वारा निर्माण किया गया। सूर्य मंदिर निर्माण पूर्ण होने के बाद समाजसेवी मानकी साव द्वारा मंदिर को गांव को सौंप देने की बात कही जा रही है। सूर्य मंदिर के अध्यक्ष मानकी साव से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कटकमसांडी प्रखंड में केवल एक ही हेदलाग गोविंदपुर में सूर्य मंदिर का निर्माण हुआ है, जिससे आसपास के गांव जैसे कंचनपुर, गदोखर, रोमी, पेलावल, छडवा, नावाडीह, पकरार,बेलरगडडा,लुपुंग,खुटरा,पबरा,जलमा,कंडसार,मेयातु,सलगांवा,लुटा, अतिया,बहिमर, सुल्ताना, कटकमदाग,बाका,कुद, रेवाली, पसई ,डांड, नावादा,पाराटांड, का गांव के लोगों के द्वारा सहयोग,सारी विधि व्यवस्था की देखरेख करने की बात कही।

## हंगामा के चलते क्षेत्रीय कमेटी का गठन स्थगित

**चरही ।** शनिवार को सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ की हजारीबाग एरिया कमिटी का पुनर्गठन कार्यक्रम हंगामा के कारण तत्काल स्थगित कर दिया गया है। पर्यवेक्षक के रुप में उपस्थित पदाधिकारियों के समक्ष क्षेत्रीय अध्यक्ष और सचिव पद के लिए नामकरण किए जाने के साथ ही सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही में उपस्थित सभी सदस्यों ने इसका जमकर विरोध करना शुरू कर दिया। संघ के सदस्यों के विरोध को देखते हुए पर्यवेक्षक के रुप में उपस्थित संघ के सदस्य उठ कर चले गए। जिसके कारण हजारीबाग एरिया कमिटी का पुनर्गठन कार्यक्रम को तत्काल स्थगित कर दिया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह सेवानिवृत्त हो चुके हैं। जबकि क्षेत्रीय सचिव स्व .शंकर सिंह को निधन हो जाने से दोनों पद खाली हो चुके थे। जिसको लेकर शनिवार को एरिया कमिटी का गठन किया जाना था। फिलहाल संघ के हजारीबाग एरिया कमिटी फिलहाल भांग है। विरोध करने वालों में संघ के पप्पू दुबे,मनोज सिंह,अरविंद ठाकुर,अरुण सिंह, रितेश सिंह,मो .कासिम,माया मेहता,पुष्पा मिंज,सत्येन्द्र नारायण सिंह,अशोक कुमार,सुजीत झा,सुनील सिंह सहित दर्जनों संघ के लोग थे।

## सरकार बालू घाटों का करे नीलामी :डॉ मेहता

**हजारीबाग।** अधिकांश बालू घाट अवैध तरीके से झारखंड में चलाए जा रहे हैं सरकार के इच्छाशक्ति की कमी के कारण बालू घाट का नीलामी नहीं हो रहा है जिस कारण अवैध तरीके से बालू का परिचालन हो रहा है और अवैध के नाम पर जनता गाड़ी मालिक को का दोहन हो रहा है भ्रष्टाचार हो रहा है जितने तरह के सरकारी और गैर सरकारी काम हो रहे हैं उसमे बालू का उपयोग हो रहा है जिससे सरकार की बदनामी अवैध बालू से हो रहा है अनेको गाड़ियां ट्रैक्टर जो शिष्टाचार के पालन नहीं कर रहे हैं वह जब्ती के बाद सड रहा है नमक आंदोलन से अंग्रेजों का शासन हिला था तो निश्चित रूप से बालू के नीलामी नहीं होना जनता के दिलों को हिला रहा है। संपूर्ण भारत में भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला कर रहा है पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने जो जो कहे थे कि ऊपर से जो पैसा आता है घिशते घिशते जमीन पर मात्र 19 रुपये पहुंचता है वह आज भी चरितार्थ है ऑनलाइन होने से पूर्व 10 20 में जो रसीद करती थी दाखिल खारिज 100 -200 में हो जाए करता था जिसका आज कम से कम 10000 और ज्यादा से ज्यादा लाखों में जनता को नजराना चुकाना पड़ रहा है यह बातें कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बालू के समस्या को बालू घाटों का नीलामी करा कर जल्द से जल्द समाधान करने अनुरोध किए।

## अधिग्रहित भूमि के मुआवजा जल्द मिले : पूर्व विधायक

बरकट्ठा । पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने सीएम को पत्र देकर बरकट्ठा विस क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी से बने विभिन्न पथों में रैयतों के अधिग्रहित भूमि के मुआवजा राशि की मांग की है। पत्र में पूर्व विधायक ने कहा है कि सडक निर्माण कार्य पूर्ण हुए बहुत दिन बीत जाने के बावजूद विभाग के उदासीन रवैये के कारण रैयतों को मुआवजा राशि नहीं मिली है। इससे रैयतों में रोष है। पत्र में उन्होंने जिक्र किया है कि एनएच 33 इचाक मोड से करियातपुर, खैरा होते हुए जीटी रोड बंडासिंगा मोड तक पीडब्ल्यूडी पथ निर्माण, बरकट्ठा बजार मोड़ जीटी रोड एनएच दो से बरवां, पचफेडी चौक, कपका बेडोकला, परसाबाद होते हुए तेतरोन चौक तक पथ, बेलकप्पी जीटी रोड सुर्यकुंड मोड से नवाडीह, सुर्यकुंड होते हुए सिलाडीह सिमाना जीटी रोड तक पथ, जीटी रोड एनएच दो घंघरी से झुरझुरी, पंचफेडी चौक, गैडा, छुतहरी कटीया, तिलोकरी होते हुए पिपचो चौक पथ, एनएच 33 इचाक मोड से डुमरोन नावाडीह, तिलरा,भुसवा, कवातु होते हुए बहीमर चौक पथ, पीडब्ल्यूडी पथ करियातपुर, मुकतमा, मंगुरा, मेढकुरी कला, मेढकुरी खुर्द होते हुए झुमरा एनएच सौ तक पथ, पीडब्ल्यूडी पथ पलमा चौक से चलकुशा, अलगडीहा, मसकेडी, चौबे, खारी, खरगु होते हुए केशवारी सरिया पीडब्ल्यूडी पथ, पिपचो चौक से पंडियाडीह ,बगडो होते हुए डोमचांच एनएच 13 तक पथ, सीएच स्कुल रोड, चिगलाबार, खेसकरी, कटहाडीह, जयनगर थाना मोड होते हुए बगडो चौक तक पथ में प्रभावित रैयतों के अधिग्रहित भूमि के मुआवजा राशि भुगतान की मांग किया है।

## स्पीड न्यूज

### इप्सवा ने किया यातायात पुलिस के बीच चश्मा और गमछा का वितरण



**मेदिनीनगर।** पुलिस ऑफिसर वाइफ एसोसिएशन के द्वारा शहर थाना में यातायात में शामिल पुलिस जवानों के बीच गमछा, धूप चश्मा का वितरण किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा की पत्नी कंचन सिंह ने कहा कि पलामू में कड़ाके की धूप एवं गर्मी का प्रकोप काफी बढ़ चुका है। इस कठिन परिस्थितियों में जवान लोगों के सुरक्षा एवं यातायात संभालने में लगे रहते हैं। उनकी कठिन परिश्रम को देखते हुए इन लोगों के बीच चश्मा एवं गमछा का वितरण किया गया है। ताकि लोगों को राहत मिल सके। एसपी सिन्हा ने कहा कि जवानों को काफी राहत मिलेगा। वे मुस्तैदी के साथ अपना कर्तव्य निर्वाह करेंगे। उन्होंने कहा कि जब यातायात की समस्या ना के बराबर हो तो कुछ जवान छाह में रहकर नियंत्रण कर सकते हैं। झारखंड में कोविड का प्रकरण तेजी से बढ़ रहा है। उसे देखते हुए जवान मास्क का उपयोग करें और अपनी सुरक्षा खुद करें। मौके पर पुलिस अधीक्षक अभियान ऋषभ गर्ग, टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस, टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा, यातायात प्रभारी रामजी सिंह, टीओपी थ्री प्रभारी मंतूष महतो समेत अन्य मौजूद थे।

### अंबेडकर जयंती पर ग्राम अंगरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**पाटन पलामू।** अंबेडकर जयंती पर पाटन प्रखंड के लोइंगा पंचायत अंतर्गत ग्राम अंगरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व पंसस मकबुल अंसारी, मुखिया प्रत्याशी ज्योति रंजन दूबे ने किया। मौके पर दोनों नेताओं ने घोषणा किया कि अपने निजी खर्च से बाबा साहब का प्रतिमा लगवायेंगे। प्रतिमा का स्थल अंगरा के ग्रामीणों के निर्णय के बाद तय होगा। नेताद्वय ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक है। मौके पर अमलेश राम, प्रदीप राम, इद मोहम्मद अंसारी, नेजाबू अंसारी, पचू राम, खैकू राम, राम सुंदर राम, बिपीन बिहारी दूबे, मंटु यादव, सुरेंद्र पासवान, अंजनी दूबे, अमरेस राम, मजीद आलम, डा मुन्ना, बालो भुइयां समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

### संगठन को मजबूत कर नया समाज का निर्माण करेंगे : अजीत मेहता



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के नवनियुक्त पलामू जिलाध्यक्ष अजीत कुमार मेहता ने प्रेस वार्ता कर कहा कि संगठन को मजबूत बनाकर नया समाज का निर्माण करेंगे। कहा कि तीन माह के अंदर कुशवाहा महासभा के जिला कमिटी व प्रखंड कमिटी का विस्तार कर संगठन को आगे बढ़ायेंगे। कुशवाहा समाज के जनसमस्याओं को प्रशासन से अवगत कराकर निदान कराने का प्रयास करेंगे। कहा कि फिलहाल मेदिनीनगर नगर निगम का चुनाव होनेवाला है। इस सीट पर भी कुशवाहा महासभा दावेदारी कर सकती है। प्रेस वार्ता में जगाली महतो, रौशन मेहता, रामप्यारी महतो, रिंकू मेहता शामिल थे।

### बिजली की किल्लत से परेशान हैं चैनपुरवासी

**चैनपुर पलामू।** बिजली की आंख मिचौली से चैनपुर प्रखंड की जनता त्रस्त है। बढ़ते गर्मी में बिजली गुल होने पर ग्रामीणों को रात भर अंधेरे में रहना पड़ता है। बिजली विभाग द्वारा रात में 12 घंटे में केवल डेढ़ घंटे ही लाईन दिया जाता है। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। बिजजह पहले हटिया ग्रिड से जुड़ा था तो बिजली 20 घंटे मिलती थी परंतु रात में बिजली की घोर संकट उत्पन्न हो गई है। चैनपुर के पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा कि चैनपुर नगर निगम में होने के बावजूद चैनपुर की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जबकि हम सभी टैक्स पूरी दे रहे हैं। तब भी शहर डाल्टनगंज को बिजली रात में मिल रहे हैं और चैनपुर को नहीं। इससे अच्छा तो ग्रामीण क्षेत्र में बिजली मिल रही है। चैनपुर को सेमरा ग्रिड से हटाकर हटिया ग्रिड से जोड़ा जाए। बच्चों का परीक्षा चल रहा है और रात में बिजली भी गायब। इस सम्बंध में उपायुक्त एवं बिजली विभाग के अधिकारियों से मिलकर समस्या से अवगत करायेंगे।

### बाबा साहेब अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक : ओंमकारनाथ



**पांकी पलामू।** पांकी में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी प्रासंगिक है। जासवाल अंबेडकर जयंती के अवसर पर पांकी विधान सभा के पांकी बाजार, बचदोहर, तेतराई, तरहसी, सहित कई कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद लोगो को संबोधित कर रहे थे। सभी साथियों के साथ तरहसी के बेदानी चौक पर बाबा साहब का झंडा गाड़ कर इस चौक का नाम अंबेडकर चौक रख कर नामकरण किया गया। मौके पर राम कुमार रवि, नागमनी रजक, गुल खान, मुमताज खान ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर छोटू अंबेडकर, राकेश रवि, अरुण वर्मा, अमरेश मेहता के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

### नि:शुल्क हर्ट चेक अप कैंप 23 को

**मेदिनीनगर।** आशी केयर मल्टी स्पेयलिटी हॉस्पीटल प्रबंधन के द्वारा नि:शुल्क हर्ट चेक अप कैंप का आयोजन 23 अप्रैल को किया जायेगा। उक्त जानकारी हॉस्पिटल के उप निदेशक अमितेश रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि कैंप 10 बजे से तीन बजे तक चलेगा। पांकी रोड मेदिनीनगर में आयोजित कैंप में डॉ पंकज प्रभात समेत कई चिकित्सक लोगों का हर्ट जांच कर सुझाव भी देंगे।

### युवा वाहिनी का परशुराम जन्मोत्सव आमंत्रण भ्रमण अंतिम चरण में : संतोष तिवारी



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का आमंत्रण भ्रमण अब अंतिम चरण में है। इस बार युवा वाहिनी ने गांवों को मुख्य केंद्र बिंदु बनाकर कार्य कर रही है। इस पुरे आयोजन के आयोजन प्रभारी संतोष तिवारी पिंकू तिवारी ने कहा कि लगभग विप्र बहुल इलाके में आमंत्रण भ्रमण किया गया है और अब अंतिम चरण में शहरी क्षेत्रों में आमंत्रण वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अर्जुन पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में संगठन के सभी पदाधिकारी व सदस्य इस आमंत्रण भ्रमण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली जा रही है जो शहरवासियों व ग्रामवासियों के लिए दर्शनीय रहेगा।

### गुलाबचंद्र अग्रवाल कॉलेज में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर खुला



**छतरपुर पलामू।** गुलाब चंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, में शनिवार को स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का उदघाटन कॉलेज के प्राचार्य जितेंद्र कुमार के द्वारा फीता काट कर कर किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सीएससी पलामू नागेंद्र कुमार एवं अरविंद कुमार, और एजुकेशन कंसल्टेंट बिरेन्द्र कुमार सिंह, गुलाब चंद प्रसाद अग्रवाल कालेज के परीक्षा नियंत्रक अमीत कुमार सिंह, प्रो राज किशोर लाल, प्रो राजमोहन, प्रो सूर्य देव एवं कालेज के सभी कर्मचारी तथा एसआरसी के सीएससी संचालक आकाश कुमार उपस्थित थे। प्राचार्य के द्वारा इस स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर के कालेज कैम्पस में खुलने से कॉलेज के छात्रों को आनलाईन कार्य आसानी से और रियायती दर एवं अन्य डिजिटल सेवा से मिलने वाले लाभ से अवगत कराया गया।

# बुजुर्गों के पांव धोने से मेरा जीवन सार्थक हो गया : डॉ शशिभूषण मेहता

## अंबेडकर जयंती पर पांकी विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन

- सामाजिक समरसता के तहत 42 जाति के लोगों को पांव पखार कर सम्मानित किया गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डॉ भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार कर रही है भाजपा, बाबा साहब का सपना था कि समाज में सामाजिक समरसता स्थापित हो इसे लेकर भाजपा ने पूरे झारखंड में पहली बार पाकी विधानसभा क्षेत्र में 42 जाति के लोगों के बुजुर्गों को सामाजिक समरसता के तहत अंबेडकर जयंती के अवसर पर पांव पखारने एवं सम्मानित करने का काम किया है। उक्त बातें पाकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने परिसदन में प्रेस वार्ता कर कहीं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जो सपना था उसे भाजपा पूरा करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना भी यही था कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी के लोग पहुंचे और उन्हें सम्मान देने का काम करें। आज पार्टी के उस सोच को पाकी विधानसभा क्षेत्र में पूरा किया गया और आगे भविष्य में भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के तहत सभी जाति धर्म के लोगों के साथ सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। जिसका आनंद लोगों ने उठाया। इस कार्यक्रम में 75 वर्ष से लेकर 109 वर्ष तक के बुजुर्ग शामिल हुए थे। जिन्हें भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा लेस्लीगंज, मनातू, पांकी, तरहसी, लोहरसी समेत विभिन्न पंचायत से बुजुर्गों को वाहन द्वारा लाया गया था जिन्हें सम्मानित कर पुनः घर वापस कर दिया गया। उन्होंने कहा कि कन्हैया जायसवाल 104 वर्ष मेरे पिता शिव लोचन मेहता 109 वर्ष समेत अन्य बुजुर्गों का पांव धोने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है। उन सभी के आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद मेरा जीवन सार्थक हो गया है। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन में पहली बार इतनी खुशी मिली है कि मैं बयां नहीं कर सकता हूं। उन्होंने एक राजनीतिक दल के नेता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि क्षुद्र मानसिकता के लोग यह कहते हैं कि कुशवाहा जाति के लोग भी भगवा वस्त्र पहनना शुरू कर दिए हैं तो मैं वैसे नेता को यह बताना चाहता हूं कि कुशवाहा जाति भगवान राम के अनुयाई हैं और उनके वंश से ही आते हैं। सनातन धर्म में कहीं यह वर्णित नहीं है कि किस जाति के लोग भगवा वस्त्र धारण करेंगे या पूजा पाठ करेंगे। यह कहना कहीं से उचित नहीं है। प्रेस वार्ता में प्रकाश मेहता, गोपाल प्रसाद, भीम शुक्ला, प्रो वचन ठाकुर, लाला यादव, रंजय ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

# दिशा की बैठक में मिनी बांध और फ्लाईओवर प्राथमिकता : महापौर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि 20 अप्रैल को होने वाली जिला स्तरीय दिशा की बैठक में शहर के गिरते जलस्तर बनाए रखने के लिए कोयल नदी में शहर के बाहर मिनी बांध 5 फीट नीचे से 5 फीट ऊपर तक बांधने की योजना है। जिसे मैंने निगम बोर्ड द्वारा पारित कराया है। योजना रखूंगी ताकि शहर का जल स्तर में सुधार हो सके और नित्य बंद हो रहे चांपा नल में पानी आ सके क्योंकि यही एकमात्र विकल्प जनजीवन को जल देने का है और साथ में कोयल में 5 फीट पानी बने रहने से जानवरों को भी सुलभ हो पाएगा तथा सिंचाई भी यथासंभव होगी। महापौर ने कहा कि कम लागत में मिनी फ्लाईओवर विमेंस कॉलेज मार्ग में बनाकर मुख्य फ्लाईओवर में जोड़ देने से शहर के अंदर गढ़वा जाने वाली गाड़ियों से हो रहे जाम से निजात मिल सकता है। यह दोनों योजना निगम बोर्ड द्वारा पारित है और शहर के लिए अति महत्वपूर्ण भी है।

# पर्यावरणविद व पार्षद ने पौधरोपण कर मनायी अंबेडकर की जयंती

समाज में फैली असमानता को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया था बाबा साहेब : कौशल व अमित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पौधरोपण कर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती मनाई। पर्यावरणविद और पार्षद ने छतरपुर अनुमंडल के माडवा पंचायत के ग्राम नासो से अंबेडकर के जन्मदिन पर निकली शोभा यात्रा में शामिल हुए। वहीं बगिया पंचायत के तेलियाडीह में अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए पौधा समर्पित किया। उन्होंने खरवारडीह में संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करने के पश्चात संत रविदास जी के प्रांगण में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम लगाकर उन्हें समर्पित किया। उन्होंने लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि पर्यावरण धर्म के पहला मूल मंत्र में जन्मदिन या कोई भी शुभ कार्य एवं श्राद्ध पर पौधा लगा कर उसे बचाने का विधान है। पार्षद अमित ने कहा कि बाबा साहब का लिखा हुआ संविधान को अनुपालन करना चाहिए क्योंकि उन्होंने कहा है कि भाग्य पर कम और कार्य पर ज्यादा विश्वास करना चाहिए। राजनीतिक के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता बनकर गरीब असहायों को हर संभव मदद करनी चाहिए। तभी उनके सपनों को साकार किया जा सकता है। छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद क्षेत्र के महिला पुरुषों ने पर्यावरणविद कौशल किशोर और पार्षद अमित का स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में बगया पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, धर्मेंद्र रजक, बृजेश राम अशोक राम संजय राम, रामस्वरूप राम, विनोद राम, उषा देवी, राम जन्म राम, उपेंद्र कुमार, अरुण राम, रविंद्र यादव, बिरजा राम, लालू यादव समेत अन्य कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# अहीर रेजिमेंट का गठन करनेवाले सरकार और पार्टी को समर्थन करेगा यादव समाज : ब्रिगेडियर प्रदीप यदु

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मौके पर जो थे उपस्थित :** स्वगतकर्ता बिमलेश यादव, सपा के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, (महिला प्रकोष्ठ) बिहार के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रुबी कुमारी, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, पूर्व विधायक उषा देवी यादव, मनोज सिंह यादव, महासचिव सिद्धार्थ घोष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ विनोद कुमार यादवेन्द्रू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंजू यदु, को-चैयरमेन संजय प्रसाद यादव, विमलेश यादव, नीलम यादव, अनुराग कुमार मंडल, मंजू देवी, रंजन कुमार,रामदेव यादव, मोहन यादव, डॉ नीरा यादव चेयरमेन, कृष्णा प्रसाद यादव जिलाध्यक्ष, बृंद बिहारी यादव, चतरा जिलाध्यक्ष अर्जुन यादव, प्रदेश महासचिव अजय प्रसाद यादव , अजय कुमार यादव शामिल थे।

**मेदिनीनगर।** हाउसिंग कॉलोनी में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री कृष्ण के पूजा अर्चना के बाद की गई। उसके बाद शताब्दी समारोह एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड यादव रत्न स्वर्गीय गोपाल चन्द्र घोष का जयंती उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिशन अहीर रेजिमेंट के राष्ट्रीय संयोजक ब्रिगेडियर प्रदीप यदुने कहा कि आज यादव महासभा का 100 वर्ष पूरा हो गया। यह सबसे बड़ा और सबसे पुराना संगठन है। उन्होंने कहा कि यादव महासभा के माध्यम से सरकार के समक्ष हमारी दो मांगे हैं। अहीर रेजिमेंट का गठन करना और जातिगत जनगणना शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार जातिगत जनगणना कराकर जातियों की संख्या के आधार पर आरक्षण तय करें। महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि देश में हमारी इतना जनसंख्या रहने के बावजूद भी हम लोगों को हर चीज से वंचित रखा गया है। गोड्डा के पूर्व विधायक संजय यादव ने कहा कि कई राज्यों में यादव महासभा का नेतृत्व मजबूत है लेकिन कई राज्यों में अभी भी यादव समाज को संगठित कर एक कुशल नेतृत्व की जरूरत है। वहीं यादव महासभा के अध्यक्ष पीतंबर दास ने कहा कि आज यादव समाज के युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ राजनीति में भी नेतृत्व के लिए आगे आना चाहिए। जबकि हुसैनाबाद के पूर्व विधायक ने संजय यादव व प्रदेश के पूर्व विधायक मनोज सिंह यादव और रंजन यादव कहा कि यादव महासभा की ओर से शताब्दी समारोह की शुरूआत झारखंड के देवनगरी देवघर से इसकी शुरूआत की गई है। आज पलामू में शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जातिगत जनगणना शुरू कराए।

# मंत्री चंपई सोरेन का गर्मजोशी के साथ झामुमो कार्यकर्ताओं ने दुबिया खाड़ में किया स्वागत

### मंत्री ने राजा मेदनीराय की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री चंपई सोरेन शनिवार को पलामू पहुंचे। इसके पूर्व झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ मंत्री सोरेन का भव्य स्वागत दुबिया खांड में किया। युवा नेता दीपक तिवारी ने गुलदस्ता भेंट किया। कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, मंत्री चंपई सोरेन जिंदाबाद सरीखे के नारे लगाए। मंत्री ने दुबिया खाड़ मोड़ पर स्थित राजा मेदनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मंत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पलामू के कार्यकर्ता काफी ऊर्जावान एवं संघर्षशील हैं। इसके बाद मंत्री शिवाजी मैदान में आयोजित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, पार्टी के युवा नेता दीपक तिवारी, सन्नू सिद्धकी, दीपू चौरसिया, परवेज अख्तर, अविनाश देव, सुनिल तिवारी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पचास हजार नगद सहित दो लाख से अधिक की संपत्ति जलकर खाक




**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा कला के कर्मदेव सिंह व दीपनारायण सिंह के घर में आग लगने से 50 हजार रूपए नगद सहित दो लाख से अधिक की संपत्ति जल कर खाक हो गया। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार कर्मदेव सिंह का परिवार रात में खाना खा कर सो गए थे इसी दौरान रात्रि में अचानक आग लग गया। सूचना मिलते ही दमकल आया जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि जब तक आग पर काबू पाया तब तक लगभग घर और घर में रखे सारा सामान जल गया। कर्मदेव सिंह गांव घर में ही मजदूरी कर के परिवार चलाता है। अपनी बेटी की शादी के लिए वह कई वर्षों से रूपए जमा कर रहा था। कर्मदेव सिंह ने बताया कि 50 हजार रुपए वह जमा कर लिया था जो जलकर खाक हो गया। घर में खाने या कपड़े कुछ भी नहीं बचा है। कर्मदेव सिंह का कहना है कि वर्षों की गाढ़ी कमाई उसका चला गया। अब वह अपनी बेटी की शादी कैसे करेगा यह चिंता सता रहा है। कर्मदेव व दीपनारायण सिंह ने उपायुक्त से सहयोग करने की अपील किया है। ताकि परिवार के लोगों का भरण पोषण के साथ साथ कर्मदेव सिंह अपने बेटी की शादी कर सकें।

# सदर थाना क्षेत्र के चियाकी चेक पोस्ट से पुलिस ने 700 किलोग्राम पोस्ता भूसी को किया जब्त



**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के गुप्त सूचना पर अभियान एसपी ने सदर थाना क्षेत्र के चियाकी चेकपोस्ट के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान लगाया। उस दौरान सतबरवा की ओर से आ रही यूपी11 टी 2769 ट्रक पर कैरेट लोड था। ट्रक चालक ने पुलिस वाहन को जैसे ही देखा व ट्रक को छोड़कर भागने लगा। जिसे पुलिस द्वारा पकड़ा गया। संदिग्ध हालत में देखकर जब उससे कड़ाई से पूछताछ किया गया तो उसने ट्रक में पोस्ता की भूसी होने की बात स्वीकार किया। इस संबंध में अभियान एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि ट्रक चालक मोहम्मद फैजान पिता असलम ग्राम रामपुरा बेहेट थाना देहात कोतवाली सहारनपुर यूपी, जबकि ट्रक मालिक शहजाद पिता महसूद ग्राम अलीपुरा थाना सरशवा सहारनपुर दोनों उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। इन लोगों ने बताया कि खूंटी से ट्रक में कैरेट के बीच में 700 किलोग्राम पोस्ता की भुसी को लोड कर उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर ले जाया जा रहा था। इन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि पोस्ता की भूसी कहां से किसके पास ले जाया जा रहा था। इसकी खुलासा जाच के बाद की जाएगी। छापेमारी अभियान में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार, अभिमन्यु कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### चैलेंजर के योद्धाओं ने अनाथालय व मानसिक असंतुलित बच्चो में किया पाठ्यसामग्री का वितरण



**मेदिनीनगर।** टीम चैलेंजर के संस्थापक पूर्वडीहा व रेडमा निवासी कौटिल्य द्विवेदी अपने दादाजी स्व राजेन्द्र दुबे जो कि वन विभाग में रेंजर थे उनके पुण्यतिथि पर कांडू मुहल्ला स्थित वत्सलय आवास जाकर वहां मौजूद मानसिक असंतुलित बच्चों को पाठ्यसामग्री देकर पढ़ाई के प्रति जागरूक किया। मौके पर चैलेंजर के उपाध्यक्ष अनुराग तिवारी ने बच्चों को पढ़ाई से होने वाले फायदे को बताया। साथ मे चैलेंजर के कोषाध्यक्ष अभिषेक दुबे ने कहा की इन बच्चों को सही मार्गदर्शन मिलेगा तो ये भी देश के भविष्य बन सकते हैं। कौटिल्य द्विवेदी ने कहा कि उनके बाबा बहुत सरल स्वभाव, हंसमुख व्यक्तित्व और उच्च विचार वाले इंसान थे। पूर्वडीहा ग्राम के सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते थे।

### हुसैनाबाद में कांग्रेस ने किया भारत सत्याग्रह कार्यक्रम



**हुसैनाबाद पलामू।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा देश भर चल रहे भारत सत्याग्रह कार्यक्रम हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार पंचायत में भारतीय संविधान के निमार्ता के जयन्ती14 अप्रैल को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लल्लू सिंह एवं संचालन नवल किशोर पाठक ने किया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम के बतौर अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान की मोदी सरकार पूरी तरह हिटलर के सिद्धांतों पर चल रही हैं। प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार को जमकर कोसा। कार्यक्रम में शंभू कुमार सिंह, जिला के महासचिव मुकेश सिंह अवधबिहारी सिंह, शैलेश सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, कमल कुमार कौशल, ललन चौधरी, अखिलेश प्रसाद द्विवेदी, हसन जी, अर्जुन सिंह, राजेश तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# निजी आईडी से रेलवे टिकट बिक्री करने वाला गिरफ्तार, रेल पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** डीडीयू रेल खण्ड अंतर्गत हैदरनगर शहर के जवाहर पथ व एटीएम गली में एक निजी दुकानदार के द्वारा फर्जी आईडी बनाकर रेल टिकट बेचने के आरोप में आरपीएफ पोस्ट जपला ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस अभियान में प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन एवं एसआई निशांत कुमार, प्रधान आरक्षी अनवर हुसैन व आरक्षी पवनेश कुमार सिंह और आरपीएफ/ सीआईबी/ गया के प्रधान आरक्षी सुभाष चंद्र सिंह के द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया जिसमे रेलवे टिकट के अवैध कारोबार करने वाले दुकान हैदरनगर के एटीएम रोड में एसएम कंप्यूटर एंड नेटवर्किंग नामक प्रतिष्ठान पर अचानक छापा मारा है। छापामारी में अवैध रुप से रेलवे के ई टिकट बनाने में व्यक्तिगत यूजर आईडी पाया गया है। प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि इस अवैध धंधा के मुख्य आरोपी जवाहर पथ हैदरनगर निवासी मो. इसरायल के पुत्र सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार किया गया है।

# सब-जूनियर खो खो प्रतियोगिता के बालक वर्ग में जीजीपी एस जमूने और बालिका वर्ग में रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी का कब्जा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो- खो एसोसिएशन द्वारा जीएलए कॉलेज के मैदान में जिला स्तरीय सब-जूनियर बालक, बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी एवं जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा मौजू थे। अन्य अतिथियों में पलामू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, पलामू जिला लोन बॉल के अध्यक्ष सुनील उपाध्याय, वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव अभिलाष चंचल, साइकिलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार शामिल थे। प्रतियोगिता का उदघाटन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, उमेश लोहरा एवं किशोर कुमार पांडे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं मैदान में नारियल फोड़ कर किया। प्रतियोगिता का संचालन पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमला नन्द दुबे, जीजीपीएस स्कूल जमुने अनिल कुमार पांडे, रेशमा पांडे, प्रीति कुमारी, निधि उपाध्याय,रंजित कुमार, रमन सिंह,अंकित कुमार , गोविंद गिरी, अक्सा नाग, प्रिया कुमारी, नेहा कुमारी, अंजलि सोरेन, रोहित उरांव, बसंत उरांव, राहुल कुमार, अभिलाष चंचल, सतीश ठाकुर, मोनू, सुनील मौजूद थे। इस प्रतियोगिता का परिणाम बालिका वर्ग में प्रथम- रॉयल स्पोर्ट्स अकैडमी और बालक वर्ग का परिणाम प्रथम- जीजीपीएस स्कूल जमुने रहा।

# डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी को आत्मसात करने की जरूरत : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

>> आजनवन विकास समिति ने मनाई डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती



डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, बीडीओ ललित राम व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के जोगा (जरही टोला) अवस्थित आजनवन खेल मैदान में आजनवन विकास समिति के तत्वावधान में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, उंटारी रोड बीडीओ सह सीओ ललित राम ने सर्वप्रथम भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत पुष्पांजलि अर्पित व कैंडल जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व बीडीओ ललित राम, मुखिया कमला देवी ने केक काटकर अंबेडकर की 132 वीं जयंती मनाया। मौके पर चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी को आत्मसात करने की जरूरत है। उनके बताए हुए मार्गों पर चलने की जरूरत है तभी हम आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज के सभी लोगों को एकजुट होने, शिक्षित होने व संघर्ष करने पर बल दिया। बीडीओ ललित राम ने कहा कि अम्बेडकर एक राजनीतिक नेता, दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री के विद्वान के साथ साथ एक अच्छे समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज के सभी लोगों को आगे बढ़ने के लिए शिक्षित होने की बात कही। मौके पर आजनवन विकास समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों व कई लोग उपस्थित थे।

### कॉलेजकर्मियों ने किया डोनर सदस्य दिलीप नामधारी का स्वागत



**सतबरवा पलामू।** बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज सतबरवा के डोनर सदस्य दिलीप सिंह नामधारी का शनिवार को कॉलेज कर्मियों ने बुके तथा माला देकर सम्मानित किया। कॉलेज के प्राचार्या ज्योति सिन्हा के नेतृत्व में किए गए स्वागत में प्रोफेसर अजय प्रसाद, भोला मेहता, सुदामा मेहता, रिसाल सिंह तथा कॉलेज में पदस्थापित नए पीजीटी शिक्षकों ने स्वागत करते हुए अपने अनुभव को साझा किया। दिलीप सिंह नामधारी ने कहा कि नये शिक्षकों से कॉलेज को काफी उम्मीदें हैं। शिक्षा दान महादान होता है। कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं बच्चों को मनोयोग से पढ़ाएंगे और कॉलेज का नाम रोशन करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि इस कॉलेज के लिए हमेशा सहयोग में खड़ा रहुंगा। वही प्राचार्य ज्योति सिन्हा ने बताया कि अब इस कॉलेज में आगामी सत्र से कला, वाणिज्य के अलावा विज्ञान संकाय की भी पढ़ाई शुरू होगी। मौके पर भरदुल सिंह, सत्या सिंह, प्रदीप सिंह, अखिलेश तिवारी, मुखिया ब्रह्मदेव सिंह, श्याम बिहारी सिंह, जगनारायण पाठक शिक्षिका प्रतिमा कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, जय प्रकाश कुमार, निकिता कुमारी, नमिता कुमारी, मनु देव कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# मनातू : तेतरडीह में बाबा साहेब की 132 वी जयंती धूमधाम से मनी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू पलामू।** प्रखंड पदमा पंचायत तेतरडीह अम्बेडकर चौक समिप शुक्रवार को संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 132 वी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह के छोटे भाई बबलू सिंह, विशिष्ट अतिथि मनातू जिला परिषद प्रदीप कुमार चावला, पदमा मुखिया अनुज प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष विशुनदेव यादव, पंचायत सचिव कमला प्रसाद ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना पुष्प अर्पित कर अंबेडकर को श्रद्धांजली दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक रामदेव राम ने की। बाबा साहब की गाजे-बाजे के साथ झांकी छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा दिखाई गई। सभी एक स्वर में कहा कि बाबा साहेब संविधान निमार्ता ही नही बल्कि भेदभाव वाली जाति व्यवस्था की प्रखर आलोचना करने वाले योद्धा थे।

मौके पर बबलू सिंह ने कहा कि डा अंबेडकर के आर्दशों को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

### टाटा स्टील के वीपी डा देवाशीष भट्टाचार्जी समेत दो का पदनाम बदला


डा देवाशीष भट्टाचार्जी।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के ग्लोबल सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन के आदेश पर कंपनी के वीपी स्तर के दो पद में दो बदलाव किया गया है। कंपनी के इंट्रानेट पर जारी सर्कुलर के अनुसार टाटा स्टील के टेक्नॉलॉजी और न्यू मेटेरियल बिजनेस के वीपी सह आईएल 1 स्तर के अधिकारी डॉ देवाशीष भट्टाचार्जी का पदनाम बदलकर वीपी टेक्नॉलॉजी एंड आरएंडडी बनाया गया है। इसी तरह वीपी ऑपरेशन मेरा मंडली सुबोध पांडेय को मौजूदा आईएल 1 स्तर पर ही काम करते हुए न्यू मेटेरियल बिजनेस, ग्रेफिन बिजनेस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वे अब टाटा स्टील मेरामंडली, न्यू मेटेरियल बिजनेस व ग्रेफिन के रुप में जाने जाएंगे। इसके अलावा कलिंगा नगर में भी दो बदलाव किया गया है। इसके लिए अलग सर्कुलर जारी किया गया है। जारी सर्कुलर के अनुसार टाटा स्टील के कलिंगा नगर में पदस्थापित चीफ प्रोजेक्ट व कंस्ट्रक्शन प्रवीण वी थंपी को चीफ सीआरएम टाटा स्टील कलिंगा नगर बनाया गया है। वहीं रवि प्रकाश को कलिंगा नगर का सीआरएम डाउनस्ट्रीम व प्रोजेक्ट से प्रोजेक्ट व कंस्ट्रक्शन सीआरएम व सीआरएम डाउनस्ट्रीम का चीफ बनाया गया है। वहीं टाटा स्टील यूआईएसएल (जुस्को) में डेपुटेशन पर भेजे गए अमन चोधा को स्थायी तौर पर पदस्थापित किया गया है। अभी वे बतौर जीएम (एचआर/आईआर एंड कारपोरेट सर्विसेस) टाटा स्टील यूआइएसएल में ही अपनी सेवा देंगे।

### दक्षिण ईचड़ा पंचायत के मुखिया को शो-कॉज



जमशेदपुर। मुसाबनी प्रखंड सभागार में उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ. रजनीकांत मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, बीडीओ सीमा कुमारी, सीओ राजीव कुमार तथा जिला स्तर व प्रखंड के अन्य विभागीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं में अधतन प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ मुख्य रूप से गर्मी के मौसम को देखते हुए खराब पड़े चापाकल व जलमीनार की मरम्मती पर विशेष बल दिया गया। वैसे सभी ग्राम पंचायत जहां चापाकल या जलमीनार खराब पड़े हैं उनकी सूची तत्काल प्रखंड कार्यालय में जमा कराने का निदेश दिया गया। 15 वें वित्त की राशि कम खर्च करने पर दक्षिणी ईचड़ा पंचायत के मुखिया को शो कॉज किया गया। 15वें वित्त आयोग की योजना के क्रियान्वयन में दक्षिणी ईचड़ा पंचायत का काफी खराब प्रदर्शन है। अधिकारियों द्वारा पंचायत में क्रियान्वित कुल 106 योजना के बारे में पूछा गया तो मुखिया ने बताने में असमर्थता जताई।

### बच्ची से अश्लील हरकत करने के आरोपी को 25 साल की सजा

**जमशेदपुर।** चार साल की बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने का दोष साबित होने पर जमशेदपुर कोर्ट ने राहुल रजक को 25 साल की सजा सुनायी है। मामले की सुनवाई शनिवार को एडीजे-1 सह स्पेशल कोर्ट पोस्को न्यायाधीश संजय कुमार उपाध्याय ने की। आरोपी राहुल को पोस्को एक्ट की धारा 6 के तहत 25 साल की सजा के साथ 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी गई। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को दो वर्ष की सजा और काटनी होगी। घटना 14 मार्च 2020 की है। घटना के दिन बच्ची अपने घर के सामने खेल रही थी और खेलते-खेलते राहुल रजक के घर पहुंच गई। बच्ची के परिजनों ने जब उसकी खोजबीन की तो बच्ची राहुल के घर में रोती हुई मिली। डॉक्टर के पास ले जाने पर खुलासा हुआ कि बच्ची के गुप्तांग से छेड़छाड़ की गई है। मामला थाना पहुंचते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रभु यीशु के बताये मार्ग पर चलने से मनुष्य को मिलती है शांति : डॉ नीतू पी चौधरी

# आदिवासी एसोसिएशन हॉल, सीतारामडेरा में तीन दिनी आत्मिक जागृति सभा शुरू



- अभिषिक्त दासी सह अंतरराष्ट्रीय वक्ता डॉ नीतू पी चौधरी ने परमेश्वर के वचन से बताया कि एक मनुष्य के लिए परमेश्वर की इच्छा में बने रहना और उनकी इच्छा में चलते रहना बहुत ही महत्त्वपूर्ण है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** वेलफर मिशन ऑफ इंडिया, जमशेदपुर की ओर से सीतारामडेरा स्थित आदिवासी एसोसिएशन हॉल प्रांगण में तीन दिवसीय आत्मिक जागृति सभा उठो प्रकाशमान हो का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में शनिवार सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक युवाओं के लिये विशेष कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें आराधना एवं स्तुति बहन जेरूशा ने किया। इस कार्यशाला को करने का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में मानसिक रूप से जूझ रहे प्रत्येक युवाओं के आत्मिक जीवन को मरम्मत कर के आध्यात्मिक एवं समाजिक दिशा में प्रज्वलित करना है जिसमें डॉ नीतू पी चौधरी ने पवित्र बाइबल से 38 वर्ष से बीमार रोगी की स्थिति का जिक्र किया एवं जिस तरह से उस रोगी से यीशु मसीह ने उसकी खाट से उठकर चलने के लिए कहा और तुरंत वह रोगी चंगा होकर चलने फिरने लगा।

उसी तरह अगर आज हम अपने जीवन में किसी भी क्षेत्र में कई वर्षों से निराश हैं एक ही जगह रुक गए हैं तो आज यीशु मसीह ये आवाज दे रहे हैं कि हम भी अपनी परिस्थितियों सहित उठ कर फिर से चलने (आगे बढ़ने) लगे। यीशु मसीह हमारे साथ साथ रहेंगे। आयोजन में शाम 5:00 बजे से प्रत्येक परिवारों के लिये विशेष आत्मिक जागृति सभा का आयोजन किया गया। शाम की सभा में परमेश्वर की आराधना एवं स्तुति खरगपुर से आए पास्टर डेविड सोलोमन ने किया।

इस कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं परिवारों को आत्मिक रीति से मजबूत करने के लिए महान परमेश्वर के अभिषिक्त दासी सह अंतरराष्ट्रीय वक्ता डॉ नीतू पी चौधरी ने परमेश्वर के वचन से बताया कि एक मनुष्य के लिए परमेश्वर की इच्छा में बने रहना और उनकी इच्छा में चलते रहना बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इससे बेवजह का तनाव, जलन, ईर्षा, लोभ, अहंकार और प्रलोभन से मनुष्य अपने आपको बचा कर रख सकता है और शांति का जीवन जी सकता है। केवल इतना ही नहीं परंतु प्रभु ने जो आपके लिए योजनाएँ बनायीं हैं उन्हें भी आप पूरा कर सकते हैं और जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

आयोजन को सफल बनाने में संस्था के डायरेक्टर सैम्युल दास एवं सिस्टर मार्गरिट साईंर, अध्यक्ष अभिषेक दास, महासचिव रौनक दास, उपाध्यक्ष जॉनसन दास, सह सचिव पिन्टू भगत, बीना बन्सरियार, सिस्टर अवस्थी, सिस्टर स्वाति मल्लिक, सिस्टर रत्ना दास, सिस्टर प्रभा दास, भाई माईकल दास सहित काफी संख्या में सदस्य गणों का योगदान रहा।

# एक्शन में डीसी : देर शाम मुसाबनी पहुंच पीडीएस गोदाम व केजीबीवी का किया औचक निरीक्षण


पीडीएस गोदाम का टॉर्च की रौशनी में निरीक्षण करती डीसी विजया जाधव।


कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में मेस के निरीक्षण के दौरान वार्डन को निर्देशित करती डीसी। साथ में बीडीओ सीमा देवी।


छात्राओं की उपस्थिति रजिस्टर देखती डीसी विजया जाधव।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** उपायुक्त विजया जाधव क्षेत्र भ्रमण के क्रम में देर शाम मुसाबनी पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने नए बने पीडीएस गोदाम का निरीक्षण किया।

गोदाम तक जाने वाले रास्ते की जर्जर स्थिति को देखते हुए उन्होंने मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी को तत्काल नया रास्ता बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, जिला योजना पदाधिकारी अरुण द्विवेदी मौजूद थे। गोदाम निरीक्षण के दौरान उपायुक्त धान की प्राप्ति व डिस्पोजल की वस्तुस्थिति से अवगत हुईं।

गोदाम निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त दल बल के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचीं। मौके पर उन्होंने छात्राओं के आवासन, विद्यालय परिसर की सुरक्षा की जानकारी ली।

किचेन, हॉस्टल, कॉमन रूम का निरीक्षण कर उपायुक्त ने भोजन की गुणवत्ता को जांचा तथा मेन्यू अनुसार ही भोजन देने, पौष्टिक आहार मेन्यू में रखने की बात कही। होस्टल में छात्राएं कैसे रह रही हैं, साफ सफाई तथा पठन पाठन की जानकारी लेते हुए वार्डन को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

गर्मी के मौसम को देखते हुए छात्राओं की सेहत का विशेष ध्यान रखने, तरल पदार्थ का सेवन कराते रहने तथा शरीर को हाइड्रेट रखने की बात कही। छात्राएं नियमित हैं या नहीं इसको लेकर अटेंडेंस रजिस्टर को देखा, पिछले 3 महीने में छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी ली तथा अनावश्यक छात्राओं को छुट्टी नहीं देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि छात्राओं की जिम्मेदारी हमारी है, इनके शैक्षणिक गतिविधि पर नजर रखें, स्वीकृत व लम्बा अवकाश होने पर ही छात्राएं घर जाएं इसे सुनिश्चित करें।

# टाटा मोटर्स के डीजीएम ब्रजेंद्र कुमार का इस्तीफा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स लिमिटेड के जमशेदपुर प्लांट के डिप्टी जेनरल मैनेजर (कारपोरेट कम्यूनिकेशंस) ब्रजेंद्र कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शुक्रवार को उन्होंने अपना अंतिम कार्य दिवस पूरा कर अपने सहकर्मियों से बिदा लिया। ब्रजेंद्र अब पुणे स्थित एक इलेक्ट्रिक दुपहिया-तीन पहिया बनाने वाली कंपनी में नेशनल मार्केटिंग हेड के पद पर ज्वाइन कर रहे हैं। प्रोफाइल की दृष्टि से ब्रजेंद्र के कैरियर का यह सबसे बड़ा पद है। ब्रजेंद्र कुमार ने एक साल पूर्व ही टाटा मोटर्स मुंबई से स्थानांतरित होकर जमशेदपुर आये थे। जन संपर्क में फिसड्डी टाटा मोटर्स जमशेदपुर प्लांट में आने के बाद वे अपनी मधुर व्यवहार और कार्यकुशलता से न सिर्फ टाटा मोटर्स प्रबंधन और टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के सदस्यों में छा गए बल्कि पत्रकारों के बीच उनकी लोकप्रियता देखते ही बन रही थी। ब्रजेंद्र के कार्यकाल में जमशेदपुर में टाटा मोटर्स के प्रेस कवरेज में 350 फीसदी ग्रोथ देखने को मिला था।

## माता वैष्णो देवी मंदिर, गालूडीह में सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू, पहली वर्षगांठ पर निकली कलश यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के घाटशिला प्रखंड अंतर्गत गालूडीह क्षेत्र के उलदा गांव स्थित एनएच 18 किनारे निर्मित माता वैष्णो देवी के मंदिर के पहले वर्षगांठ पर शनिवार से सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुआ।

मंदिर के वर्षगांठ पर निकाले गए कलश यात्रा में 3 हजार से भी ज्यादा महिलाएं शामिल हुई थी। कलश यात्रा महुलिया एनएच चौक से निकलकर मंदिर परिसर पहुंची। इस अवसर पर माता वैष्णो देवी मंदिर परिसर में भगवान शिव के 21 रूपों की मूर्ति लगायी गयी जिसमें राम द्वारा शिव पूजन, नागेश्वर, विश्वेश्वर, भोलेनाथ की सेवा, माता द्वारा धनुष धारण, ध्यान मग्न, भोलेनाथ को मनाना, माला बदल विवाह अनुष्ठान, बिगुल बजाना, हर हर महादेव, शिव संग दुर्गा, शिव दुर्गा, नटराज, खेलते हुए गणेश, गंगा को लाना, बुद्धेश्वर, आशीर्वाद मुद्रा, माता द्वारा स्तनपान करना, विषपान, धनु धारण, विराट रूप, शिव का विराट रूप, सती का देहत्याग मूर्ति लगाया गया। इस दौरान एनएच- 18 पर श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। श्रद्धालुओं के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया।

कलश यात्रा में स्वामी हृदयानंद गिरी भी शामिल हुए।

# अस्थायी मजदूरों को वरीयता के आधार पर टेल्को कालोनी में आवंटित हो क्वार्टर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** शनिवार 15 अप्रैल 2013 को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की कमिटी मीटिंग संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने किया। कमेटी मीटिंग में महामंत्री आरके सिंह ने विषय प्रवेश कराते हुए सभी से आग्रह किया कि आप अपने डिपार्टमेंट के साथ साथ टाउनशिप मेडिकल तमाम समस्याओं का उल्लेख एवं चर्चा कर सकते हैं। साथ ही साथ आपकी सलाह भी स्वागत योग्य रहेगी। बारी-बारी से कमेटी मेंबरों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्या पर चर्चा किया। यूनियन के कोशाध्यक्ष एस एन सिंह ने अपने प्रस्ताव में कहा कि जो भी हमारे अस्थायी मजदूर भाई है उन्हें भी वरीयता के आधार पर रहने के लिए कॉलोनी में क्वार्टर मुहैया कराई जाए। इस प्रस्ताव का सभी ने समर्थन किया और इसके जवाब में महामंत्री आर के सिंह ने कहा कि वो इस प्रस्ताव को जल्द ही प्रबधन के पास रखेंगे। सभी की बातों को सुनने के बाद महामंत्री आरके सिंह ने बतलाया कई क्षेत्रों में कार्य हो रहा है जल्द ही अप्रेंटिसशिप में बहाली निकलने वाली है। हॉस्पिटल में वेटिंग हॉल का प्रपोजल पास हुआ है। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने यूनियन के सभी सदस्यों को एकता के साथ काम करने के लिए बधाई दिया और आशा किया कि निकट भविष्य में भी यही एकता एवं अनुशासन कायम रहेगा। कमिटी मीटिंग से पूर्व क्वालिटी हेड प्रमोद भूरे, अंशुमन महापात्रा, सुफियान जलिली और अमित दास यूनियन ऑफिस में आकर सभी कमेटी मेंबर एवं पदाधिकारियों के साथ क्वालिटी एवं सेफ्टी पर चर्चा किए।

## मिलानी हॉल में मनाया गया मोईरंग विजय दिवस

### युद्ध के शहीदों को याद कर भावुक हुए शेखर डे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर मिलानी हॉल में गत शुक्रवार को नेताजी सुभाष मंच के तत्वावधान में मोईरंग विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी शेखर डे मंच के चेयरमैन एवं पूर्व कमिश्नर विजय कुमार सिंह और अध्यक्ष पीके नदी शामिल हुए। अतिथियों ने शहीदों की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की आधी प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शहीदों को याद करते हुए मुख्य अतिथि एवं श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने कहा कि 14 अप्रैल 1944 आजादी के इतिहास का एक अहम् दिन इतिहास के पन्नों में लिखा हुआ होना चाहिए था लेकिन आजादी के इतिहास को छुपाया गया। 14 अप्रैल 1944 को नेताजी सुभाषचंद्र बोस के निर्देश में जिसे हम लोग आइएनए अथवा भारतीय राष्ट्रीय सेना कहते हैं ने मणिपुर के मोईरंग में अंग्रेजों को हराया और आइएनए के कर्नल शौकत अली मलिक ने तिरंगा फहराया। मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में सांस्कृतिक सचिव विष्णु मुखर्जी, कोषाध्यक्ष संध्या प्रधान, लेखा वित्त सचिव पूर्वी घोष, संगठन सचिव अंजन दास, संजय वर्धन पार्थो रॉय, एस एन एस प्रमाणिक, अजंता, मधुराम शक्ति, राजू अग्रवाल, अनिल सिंह, पी के झा, संदीप रॉय, कमल, संतोष आदि मौजूद थे।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते शेखर डे।

# अपराध दृश्य जांच पर 25 पुलिस अधिकारियों को मणिपाल टाटा में मिला प्रशिक्षण

मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में तीन दिवसीय सेमिनार संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण का दृश्य।


समापन सत्र में मुख्य अतिथि का अभिनंदन करते मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के डीन।

**जमशेदपुर।** मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर के फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग औरराजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रांची के साथ संयुक्त रूप से 'पाठ्यचर्या नवाचार और इसकी व्यावहारिक उपयोगिता के माध्यम से फॉरेंसिक मेडिसिन और विष विज्ञान के भविष्य को सुनिश्चित करना' पर एक तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें नवीनतम प्रगति और नवाचारों पर चर्चा की गई थी। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विजय कौटिल्य, विभागाध्यक्ष, फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी, एमटीएमसी, जमशेदपुर और डॉ भूपेंद्र सिंह चेयरमैन ईएफएमआईसीओएन 2023, रांची द्वारा किया गया था। आशीर्वाद का विशेष वचन मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन के वाइस चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) एम.डी. वेंकटेश द्वारा दिया गया। केशव कुमार, पूर्व डीजीपी गुजरात, उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में एक अभिन्न सम्मेलन था क्योंकि इसने पूर्वी भारत में पहली बार हितधारकों को एक मंच पर एक साथ लाया। उन्होंने बड़े पैमाने पर नागरिकों के लिए न्याय वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के एक अभिनव गठबंधन की नींव रखने के लिए मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज की प्रशंसा की।

उद्घाटन समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में प्रोफेसर आर के सिंह, कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना ने भी भाग लिया। उन्होंने इस आयोजन की सराहना की और भविष्य में शैक्षणिक उपक्रमों के लिए मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर के साथ सहयोग करने का प्रस्ताव दिया। सम्मेलन ने नवीनतम प्रगति के साथ तालमेल रखने और छात्रों को व्यावहारिक कौशल से लैस करने के लिए फोरेंसिक मेडिसिन और विष विज्ञान के पाठ्यक्रम को अद्यतन करने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उपयोग वे अपने भविष्य के करियर में कर सकते हैं। सम्मेलन ने डीएनए विश्लेषण और डिजिटल फोरेंसिक के उपयोग सहित फोरेंसिक चिकित्सा और विष विज्ञान के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर भी जोर दिया। अकादमिक चर्चाओं के अलावा, सम्मेलन में व्यावहारिक प्रदर्शन और कार्यशालाएं भी शामिल थीं। शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के 25 पुलिस कर्मियों के लिए अपराध दृश्य जांच पर एक व्यावहारिक कार्यशाला। आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केशव कुमार, पूर्व डीजीपी, गुजरात उपस्थित थे। प्रभात कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक। पूर्वी सिंहभूम और विजय शंकर, एसपी जमशेदपुर भी सम्मानित अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन पूरे भारत में फोरेंसिक मेडिसिन के 7 प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा किया गया था।

## खबर एक नजर में

### ब्रम्हानंद नारायणा हॉस्पिटल ने पाइला बैसाख पर लगाया मेडिकल कैंप



**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जमशेदपुर द्वारा 15 अप्रैल को पॉइला बैसाख के उपलक्ष पर शिवगंगा हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी, सोनारी में एक निशुल्क हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया जिसमें डॉ शुभाशीष डे ने करीब 75 से ज्यादा लोगों का जांच किया। शिविर में निशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, बीएमआई, ईसीजी एवं मैमोग्राफी की जांच की गई। डॉ शुभाशीष डे ने लोगों को जांच करने के क्रम में जीवनशैली बदलने के लिए सुझाव दिए और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

### पान (तांती) समाज कल्याण समिति की तांतनगर प्रखंड इकाई का हुआ गठन



**जमशेदपुर।** 14 अप्रैल 2023 को डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कोल्हान प्रमंडल पान(तांती)समाज कल्याण समिति के तत्वधान में पान (तांती) जाति लोगों का वर्तमान परिपेक्ष्य में समस्या चुनौती समाधान पर एक दिवसीय परिचर्चा तांतनगर के कोकचो स्थित डाक बंगला मे संपन्न हुई। मौके पर उपस्थित कोल्हान प्रमंडल पान (तांती) समाज कल्याण समिति की केंद्रीय कमेटी के महासचिव हरीश चंद्र भंज ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज की वर्तमान परिपेक्ष्य में चुनौती व समाधान पर अपना विचार रखा। कमेटी के मुख्य संरक्षक दिनेश कुमार दंडपाट ने समाज के अस्तित्व को बचाए रखने हेतु शिक्षित होकर संगठित रहने पर जोर दिया। संगठन के संस्थापक उमाकांत दास ने बाबा साहब के बताए रास्ते पर समाज के लोगों को चलने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से कोल्हान प्रमंडल (तांती) समाज कल्याण समिति की तांतनगर प्रखंड इकाई का गठन करते हुए अध्यक्ष के रूप में घनश्याम तांती को, नारायण पान को प्रखंड सचिव, हृदय लाल तांती को प्रखंड कोषाध्यक्ष एवं परमेश्वर पान को सह कोषाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया।

### आइएनए के 79वीं ध्वजारोहण में शामिल हुए पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रतिनिधि



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखौरी आर सिन्हा (से.नि.) के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधि मंडल शैलेंद्र कुमार सिंह, पेटी ऑफिसर जितेंद्र कुमार सिंह शनिवार को आई एन ए के 79वीं ध्वजारोहण के ऐतिहासिक अवसर पर मणिपुर के मोइरांग में उपस्थित रहे एवम वीर सेनानियों की वीरता को नमन करते हुए श्रद्धांजली अर्पित की। 14 अप्रैल 1944 भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण तारीख है। इस दिन, भारतीय राष्ट्रीय सेना ने मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के मोइरांग में झंडा फहराया। इस दिन का महत्व इस तथ्य में निहित है कि यह पहली बार भारतीय राष्ट्रीय ध्वज अपनी मातृभूमि में फहराया गया था। इस दिन का एक इतिहास है जो 1944 तक जाता है, जैसा कि इम्फाल अभियान (मणिपुर) के समय था, जिसे जापानियों ने आइएनए के सहयोग से शुरू किया था। इस अभियान के माध्यम से, आइएनए भारत को अंग्रेजों से मुक्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित थी। कर्नल शौकत मलिक की कमान में सुभाष रेजीमेंट बिष्णुपुर जिले की ओर बढ़ा। यहां ब्रिटिश सेना के खिलाफ कई बहादुर लड़ाईयां लड़ी गईं। अंत में, 14 अप्रैल 1944 को, कर्नल मलिक ने अंग्रेजों पर आईएनए की जीत को चिह्नित करने के लिए मोइरांग में पहली बार तिरंगा फहराया। आईएनए ने इस क्षेत्र पर दावा किया और कुछ महीनों के लिए जिले में सैन्य और प्रशासनिक कर्तव्यों का पालन किया। बाद में, ब्रिटिश सैनिकों द्वारा उन पर भीषण हमले के बाद आइएनए को पीछे हटना पड़ा। मोइरांग के शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में, 14 अप्रैल को हर साल आइएनए के ध्वजारोहण दिवस के रूप में मनाया जाता है। र्यक्रम में भारतवर्ष के हर प्रदेश से ऑफिसर,मैत्रिसक्ति एवं सैनिक साथियों का जमावड़ा रहा जिसमें झारखंड प्रदेश से कर्नल ए आर सिन्हा एवम सैन्य मात्रीशक्ति से प्रतिमा सिन्हा के साथ बोकारो से जितेंद्र कुमार पांडे एवं जमशेदपुर से एमडब्ल्यू एस के सिंह एवं उर्मिला सिंह इस गौरवान्वित कार्यक्रम में शामिल हुए।

### गोविंदपुर में फैटी लीवर जांच शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर।** गोविंदपुर के जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह के द्वारा जिला परिषद कार्यालय में अत्याधुनिक फाइब्रो स्कैन मशीन जो कि इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन के द्वारा कार्य करता है उसके तहत आज उस मशीन के माध्यम से 143 लोगों का लीवर जांच शिविर का आयोजन जिड्स फरमा कंपनी के सहयोग से किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम लोग के खानपान में बहुत सारी अनियमितताएं बरती जा रही है। जिसके तहत हमारा जो महत्वपूर्ण अंग लीवर है उस पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। इसी को देखते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु इस जांच शिविर का आयोजन किया गया।

### कांड्रा के ठाकुर ज्वेलर्स में शटर तोड़ चोरी का प्रयास



**गम्हरिया।** बीते शुक्रवार की रात चोरों ने कांड्रा बाजार स्थित ठाकुर ज्वैलर्स में चोरी करने का प्रयास किया है। हालांकि वे वहां चोरी करने में असफल रहे। दुकान के मालिक राजू ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार की देर रात वे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार की सुबह आसपास के दुकानदारों द्वारा दुकान का शटर टूटे होने की जानकारी दी गई। उसके बाद जब वे दुकान पहुंचे तो शटर को टूटा पाया। चोरों ने दरवाजा को भी तोड़ने का प्रयास किया लेकिन वह प्रयास में सफल नहीं हो पाए। इस कारण दुकान में रखा सारा आभूषण बच गया। घटना की जानकारी मिलते ही कांड्रा थाना के एएसआई गुरुवा मुंडा घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी लिया। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसमे तीन की संख्या में चोरों के होने की बात सामने आई है। सभी अपनी पहचान छुपाने के लिए मुंह में कपड़ा बांध रखा है। पुलिस सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है।

### जिला बार काउंसिल की एडहॉक कमेटी ने दिया इस्तीफा

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला बार एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी के पदाधिकारियों ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके पीछे कारण यह बताया गया है कि कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय को कुछ अधिवक्ता नहीं मान रहे थे। कमेटी के लोग एसोसिएशन में गुट बाजी से आजीज आ चुके थे। बता दें कि एसो. में विवाद होने पर रांची स्टेट बार काउंसिल ने चार सदस्यीय एडहॉक कमेटी का गठन किया था जिसके सदस्य थे : वरिष्ठ अधिवक्ता तापस कुमार मित्रा, अजीत कुमार अंबष्ठा, टीएन ओझा और जयप्रकाश।

### विश्वकर्मा समाज का मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आज

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज की ओर से रविवार को दिन के 10 बजे से एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर समाज के मुख्यालय विश्वकर्मा सांस्कृतिक भवन के मीटिंग हॉल में आयोजित होगा। अध्यक्ष रामविलास शर्मा और महासचिव सुजीत शर्मा के मुताबिक करीब 150 यूनिट रक्त संग्रह शिविर में होने की उम्मीद है।

# बिहार में फिर जहरीली शराब का कहर, 22 लोगों की मौत

## तुरकौलिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के मृतक

रामेश्वर राम (35) पिता महेंद्र राम, ध्रुप पासवान (48), अशोक पासवान (44), छोटू कुमार (19) विंदेश्वरी पासवान, जोखू सिंह (50) गोखुला, अभिषेक यादव (22) जसीनपुर, ध्रुव यादव (23) जसीनपुर, मैनेजर सहनी (32), लक्ष्मण मांझी (33), नरेश पासवान (24) पिता गणेश पासवान (मथुरापुर थाना) तुरकौलिया, मनोहर यादव पिता सीता यादव माधवपुर थाना तुरकौलिया।

**हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मृतक :** सोना लाल पटेल (48) धवई नन्हकार थाना हरसिद्धि, परमेंद्र दास (मठ लोहियार), नवल दास (मठ लोहियार)।

**पहाड़पुर थाना के मृतक :** टुनटुन सिंह (बलुआ थाना पहाड़पुर), भुटन माझी (बलुआ थाना पहाड़पुर), बिट्ठू राम (बलुआ)।

**सुगौली थाना क्षेत्र के मृतक :** सुदीश राम (गिद्धा), इन्द्रशन महतो (गिद्धा), चुलाही पासवान (गिद्धा), गोविंद ठाकुर (कौवाहां), गणेश राम (बड़ेया)।



**अब तक 22 लोगों की मौत :** वहीं अब तक की जानकारी के मुताबिक, जहरीली शराब से 22 लोगों की मौत हो चुकी है। जिनमें तुरकौलिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में 11, हरसिद्धि में 3, पहाड़पुर में 3 और सुगौली में 5 लोगों ने दम तोड़ा है। लेकिन प्रशासन अब तक इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार के पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) जिले में शराब एक बार फिर जानलेवा साबित हुई है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में संदिग्ध परिस्थिति में शुक्रवार की रात से अब तक तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है। लोग जहरीली शराब पीने से इनकी मौत होने की बात बता रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक जिन पिता-पुत्र की मौत हुई है, वो लोग शराब के धंधे से जुड़े हुए थे। वहीं प्रशासन के डर से आनन-फानन में कई लोगों का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। 'बिहार में शराब दिखता कहीं नहीं।। मिलता हर जगह'।।

**बोले बीजेपी विधायक लखींद्र पासवान मोतिहारी में जहरीली शराब पीने से मौत:** पिछले 24 घंटे में मोतिहारी में 22 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। स्थानीय लोगों की मानें तो अभी मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है, क्योंकि गंभीर हालत में कई लोगों का विभिन्न जगहों पर इलाज चल रहा है। लोगों की मौत का सिलसिला हरसिद्धि थाना क्षेत्र से गुरुवार की रात से शुरू हुआ, जो शनिवार सुबह चला और मृतकों की संख्या 22 तक पहुंच गई। सबसे पहले जिला के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मठ लोहियार में पिता-पुत्र की चार घंटे के अंतराल पर मौत हो गई।

"अब तक शराबकांड में छह की मौत हुई है। साथ ही नौ लोग अस्पताल में भर्ती है। दो को पटना रेफर किया गया और तीन की स्थिति गंभीर है। तुरकौलिया का लक्ष्मीपुर हॉट स्पॉट है। इसमें सात लोगों की गिरफ्तारी हुई है।" - जयंक कांत, डीआईजी, बेतिया रेंज" मोतिहारी की घटना दुखद है। जा रहे हैं, उसके बारे में पूरी जानकारी लेंगे। दूसरी मीटिंग में थे। वहां से यहां चले आए हैं। हमने अपने अधिकारियों को कहा है। तुरंत सब पता हो रहा है। जाते ही हम जानकारी लेंगे।"-

**प्रशासन ने मौत की वजह डायरिया बताया:** स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले पिता नवल दास की मौत हुई, फिर उसके पुत्र परमेंद्र दास की मौत हो गई। दोनों के शवों को परिजनों ने जला दिया, जबकि नवल की बहू की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद मठ लोहियार गांव में उत्पाद विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस के वरीय अधिकारी पहुंचे। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मौत का कारण डायरिया बताया और बीमार पड़े लोगों को डायरिया से ग्रसित बताया। अभी तक हमलोगों को एक पोस्टमोर्टम के लिए आया है रात में। कन्फर्म अभी कुछ नहीं है, जांच कराई जाएगी। बिसरा सुरक्षित रखा गया है। रेफर तो दो लोग मुजफ्फरपुर हुए हैं लेकिन किस बीमारी के मरीज हैं, जानकारी नहीं है। जहां-जहां से ऐसी कोई भी खबर आई है, वहां जांच के लिए मेडिकल की टीम भेजी गई है। लक्षण उल्टी-दस्त है। जांच रिपोर्ट के बाद ही कुछ स्पष्ट तौर पर कह पाएंगे- अंजनी कुमार, सिविल सर्जन

**मृतकों की संख्या में हो सकती बढ़ोतरी :** वहीं मृतक नवल दास के पड़ोसी हरिलाल सिंह की स्थिति नाजुक होने पर निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उधर तुरकौलिया थाना क्षेत्र के बैरिया बाजार पर एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान रामेश्वर राम की मौत हो गई। रामेश्वर राम को सिर में तेज दर्द हुआ तो डॉ। विनोद प्रसाद के यहां भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**मोतिहारी सदर अस्पताल में भर्ती :** बीमार लोग, जिन्हें सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। सभी लक्ष्मीपुर तुरकौलिया निवासी हैं। इनमें रामेश्वर साह (45) पिता स्व। नागा साह, गुड्डू कुमार (18) पिता कन्हैया साह, विवेक कुमार (28) पिता हरेंद्र राम, उमेश राम (30) पिता महेंद्र राम, अखिलेश कुमार राम (28) पिता भगेलू राम, रविन्द्र राम (35) पिता ब्रह्मदेव राम, प्रमोद पासवान (46) पिता स्व। मोहर पासवान, हरिओम कुमार (32) पिता जयकुंठी प्रसाद, राजेश कुमार (18) पिता पुण्यदेव राम सेमरा, प्रमोद पासवान (35) पिता ढोरा पासवान सेमरा शामिल हैं।

**शुक्रवार से मौत का सिलसिला जारी :** रामेश्वर राम की मौत के बाद परिजनों ने क्लिनिक पर जमकर हंगामा हुआ। जबकि सदर अस्पताल में लक्ष्मीपुर गांव के ही विनोद पासवान और अशोक पासवान को भर्ती कराया गया। जहां से उसे मुजफ्फरपुर रेफर किया गया, जिसकी रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हालांकि इसकी मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, जबकि ध्रुव पासवान की शहर के एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान मौत हो गई है। उसकी मौत की वजह जहरीली शराब बताई जा रही है। हालांकि मृतकों के परिजनों का कहना है कि वह शराब नहीं पीता था। परसों (गुरुवार) दारू पी लिए थे। उसके बाद से दम फूल रहा है। दिखाई तो दे रही है लेकिन धुंधला-धुंधला सब कुछ दिख रहा है। सिर में दर्द नहीं है - प्रमोद साह, अस्पताल में भर्ती शख्स सुबह से उसके सिर में दर्द हो रहा था। बहुत तकलीफ होने के बाद उसे डॉ। विनोद प्रसाद के पास ले गए। जहां इलाज के बाद डॉक्टर बोले कि ठीक हो जाएगा, घबराने की जरूरत नहीं लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। जहां तक मैं जानता हूं रामेश्वर शराब नहीं पीता था। पता नहीं क्या हुआ उसको कि अचानक मौत हो गई- राम कुमार, मृतक रामेश्वर राम के जीजा

**डीएम ने दिए जांच के आदेश :** जानकारी के मुताबिक, मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। ये मौतें मोतिहारी जिले के तुरकौलिया, सुगौली, हरसिद्धि और पहाड़पुर में हुई है। इस बीच, मोतिहारी डीएम ने सौरभ जोरवाल ने जांच ते आदेश दे दिए हैं। अधिकारियों को संबंधित गांव में जाकर जांच रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है।

# समन्वय समिति की बैठक में जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार महतो को निर्देश दिया गया कि आने वाले खरीफ फसल के पूर्व सभी सुयोग्य किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ देने सुनिश्चित कराएं। जबकि प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गोपाल सुंदर मंडल को निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य लाभ योजना तथा कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिलाना सुनिश्चित करेंगे। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी व महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देश दिया गया कि सावित्री बाई फुले किशोर समृद्धि योजना के लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनका जाति प्रमाण पत्र तथा बैंक खाता खुलवाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि उन्हें ससमय लाभ दिया जा सके। आंगनबाड़ी सेविका पंचायत कार्यालयों में जन्म-मृत्यु की सूचना एक सप्ताह के अंदर देंगे। ताकि वैसे लोगों का प्रमाण पत्र जल्द बन सके। मनरेगा बीपीओ को निर्देश दिया गया कि वर्ष की प्रथम तीमाही में ही 40 फीसद मानव दिवस का लक्ष्य हासिल करेंगे। अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लाभुकों का अभिलेख शीघ्र प्रखंड कार्यालय में भेंजेंगे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी छात्रों को दी जाने वाले पोशाक, साइकिल, छात्रवृत्ति तथा अन्य योजना के लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनका बैंक खाता तथा जाति प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित करेंगे। अंचलाधिकारी छात्र-छात्राओं की जाति प्रमाण पत्र ससमय निर्गत करेंगे। ताकि योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिल सके। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बाल किशोर महतो, चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशुमन शर्मा, पशुपालन पदाधिकारी डा. वसीम सिद्दीकी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अविनाश राम, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गोपाल सुंदर मंडल, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सोमा पूर्ति, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निरंजन मुखी, रीना सहर, प्रखंड समन्वयक मुरलीधर महतो, जगन्नाथ मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## दुमका में निर्बाध विद्युत आपूर्ति को जिला समिति की बैठक



बैठक में उपस्थित भाजपा सांसद, झामुमों विधायक व अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में जिला विद्युत समिति की बैठक शनिवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा सांसद सुनील सोरेन ने की। बैठक में पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना वितरण कम्पनियों (निजि क्षेत्र के डिसकॉम को छोड़कर) की परिचालन क्षमता और वित्तीय स्थिरता में सुधार लाने पर लक्षित हैं। इस योजना के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक वितरण कम्पनियों की आपूर्ति अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए सशर्त्त वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। इस योजना के तहत दुमका जिला में 83.15 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत के कई कार्य किये जायेंगे। योजना का मुख्य उद्देश्य विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाओं के साथ 24 घंटे 7 दिन निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर लोकसांसद सुनील सोरेन ने कहा कि पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत पूरे जिले में कार्य किए जाने हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत के जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया जाएगा। केबल तार बिछाने से लेकर नया ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य भी इस योजना के तहत किया जाना है। इस अवसर पर शिकारीपाड़ा के झामुमों विधायक नलिन सोरेन ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कई ऐसे विद्युत तार अब भी मौजूद हैं जो आमजनों के लिए काफी खतरनाक है।

## बिहार में जातीय जनगणना का दूसरा चरण शुरू

**पटना।** बिहार में जातीय जनगणना के दूसरे चरण की शुरूआत हो चुकी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी शुरूआत अपने पैतृक आवास बख्तियारपुर से की। शनिवार से शुरू हुए जातीय जनगणना के दूसरे चरण का समापन 15 मई को होगा। इस जातीय जनगणना में 215 जातियों का जनगणना होना है, इसमें पटना जिले की बात करे तो 13.8 लाख परिवारों की जाति गणना की तैयारी की गई है। दूसरे चरण के जातीय जनगणना में खास जानकारी ली जाएगी। दूसरे चरण में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों द्वारा परिवार के मुखिया से 17 सवाल पूछे जा रहे हैं और फिर उन सभी 17 सवालों को एक शीट में भरा जा रहा है। जातीय जनगणना के दौरान प्राप्त जानकारी को एक विशेष एप्लीकेशन में भी अपलोड किया जा रहा है, इससे बाद में कोई भी व्यक्ति किसी भी समय इंटरनेट पर उस जानकारी को प्राप्त कर सकता है। गणना कर्मचारी द्वारा परिवार के मुखिया से पूछे गए सवालों की संख्या 17 है जो इस प्रकार है। इसमें सदस्य का पूरा नाम, पिता या पति का नाम, परिवार के प्रधान से संबंध, आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, जाति का नाम क्रमांक के साथ।

## देश का नेता कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो

# मुख्यमंत्री ने समर्थकों के सामने जोड़ लिये हाथ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति आधारित जनगणना की शुरूआत अपने पैतृक आवास बख्तियारपुर से की है, जिसे लेकर शनिवार को वो बाढ़ के बख्तियारपुर पहुंचे थे। लेकिन जैसे ही नीतीश वहां पहुंचे उनके समर्थक 'देश का नेता कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो' के नारे लगाने लगे। ये देखकर नीतीश कुमार ने अपने समर्थकों के सामने हाथ जोड़ लिया और कहा कि ये सब नारा मत लगाईये, हमको पीएम नहीं बनना है हम पहले ही कह चुके हैं। हमें बस सभी विपक्ष को एकजुट करना है और वो हम कर रहे हैं। 'देश का पीएम कैसा हो। नीतीश कुमार जैसा हो' की गूंजना, ना मेरा नाम मत लिजीए भाई।। ये नारा मत लगाईये हाथ जोड़कर प्राथना कर रहे हैं। हमको नहीं बनना है। हम पहले भी कह चुके हैं। आप लोग प्रधानमंत्री बनने की बात ना करें। हम विपक्ष को एकजुट करने में लगे हुए हैं। ये मेरी जिम्मेदारी है, इसको हम पूरा कर रहे हैं। विपक्ष एकजुट हो रहा है,



इसलिए केंद्र में जो लोग बैठे हैं उनकी चिंता बढ़ी हुई है, अभी पता नहीं आगे क्या-क्या करेंगे।

### 'केंद्र में बैठे लोगों की चिंता बढ़ गई है'

वहीं, नीतीश कुमार ने अरविंद केजरीवाल को सीबीआई के भेजे गए समन के सवाल पर कहा कि अब उनके उपर जो कार्रवाई हो रही वो तो आप लोग जान ही रहे हैं, सारा विपक्ष एकजुट हो रहा हैं इसलिए केंद्र में जो लोग बैठे हैं, उनकी चिंता बढ़ी हुई है। अभी और क्या करेंगे देखिये, लेकिन उनके कुछ करने से क्या होगा, होगा वही जो जनता चाहेगी। सीएम ने ये भी कहा कि पूरे देश में जातीय जनगणना का काम रूका हुआ है। हमलोग करा रहें हैं, तो अब जाति के हिसाब से ही चुनाव में सीट का बंटवारा होगा, हर योजना का उसी हिसाब से लाभ भी मिलेगा।

**सीएम ने जनगणना से जुड़े सवालों का दिया जवाब :** इससे पहले जाति आधारित जनगणना के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद अपने अपने बेटे और भाई सहित उनके परिवार की गणना कराई। जाति जनगणना से जुड़े 17 सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 15 मई तक जाति जनगणना पूरी हो जाएगी। जिसके बाद इससे जो डाटा सामने आएगा, उसे विधानसभा और विधान परिषद में रखा जाएगा।

# उन्नत तकनीक से जुड़कर जीवन स्तर में लायें सुधार : अनन्य मित्तल

## आसनतलिया में सौर ऊर्जा आधारित लिफ्ट सिंचाई परियोजना का डीसी ने किया उद्घाटन, 20 एकड़ जमीन में होगी सिंचित, 30 परिवार होंगे लाभान्वित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत आसनतलिया पंचायत के बांझीकुसुम गांव में शनिवार को उपायुक्त अनन्य मित्तल ने सौर ऊर्जा आधारित लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे अतिथियों का ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया। मौके पर परियोजना से संबंधित विस्तृत जानकारी से उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया। परियोजना का निर्माण सीएसआर तहत बैंक आफ अमेरिका द्वारा उपलब्ध राशि तथा नाबार्ड एवं प्रदान संस्था के सहयोग व स्थानीय लाभुकों के श्रमदान से सुनिश्चित हुआ है। सौर ऊर्जा आधारित लिफ्ट सिंचाई परियोजना से बांझीकुसूम गांव के कुल 30 परिवार लाभान्वित होंगे तथा इससे 20 एकड़ जमीन सिंचित होगी। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कहा कि सोलर आधारित लिफ्ट सिंचाई परियोजना एक अत्याधुनिक तकनीक है। जिसे



संचालित करने के लिए हमें किसी भी प्रकार के ईंधन या अन्य पारंपरिक तरीकों का इस्तेमाल नहीं करना पड़ता है, यह पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होती है। उपायुक्त द्वारा सौर लिफ्ट सिंचाई समिति-बांझीकुसुम, प्रदान व नाबार्ड के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नीति आयोग द्वारा चैंपियंस आफ चेंज के तहत जारी डेल्टा रैंकिंग में पश्चिमी सिंहभूम जिले को कृषि एवं लघु सिंचाई के क्षेत्र में बेहतर बदलाव के लिए पूरे देश में प्रथम स्थान मिला है। उपायुक्त ने आसपास मौजूद आम बागवानी के कार्यों की सराहना करते हुए जल संचयन के साथ-साथ कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली मुहिम से आसपास के किसानों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया। जिससे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को भी उन्नत तकनीकों से जोड़ते हुए उनके जीवन स्तर में भी बदलाव लाया जा सके। इस अवसर पर चक्रधरपुर अनुमंडल पदाधिकारी रीना हंसदा, मुखिया कैरी बोदरा, जिला पीएमयू टीम से अभिजीत, पल्लव, प्रदान संस्था के टीम कोआर्डिनेटर शिशिर साहू, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मनीष मेहता, श्रीति दास समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### वैशाली में सगी बहनों की हत्या, मां-बाप पर आरोप

**वैशाली।** बिहार के वैशाली के सराय थाना क्षेत्र में दो सगी बहनों की ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। ऑनर किलिंग की इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। सराय थाना क्षेत्र में माता-पिता ने मिलकर अपनी दो नाबालिग बेटियों की हत्या की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों सगी बहनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। हालांकि बताया जा रहा है कि पुलिस को देखते ही आरोपी पिता मौके से फरार हो गया। वहीं मां को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी मां ने बताया कि उसने खुद से दोनों बहनों की बारी-बारी से मुंह दाबकर हत्या की है।

### दुमका के छात्र 19 को करेंगे चक्का जाम आंदोलन

**दुमका।** 60-40 नियोजन नीति के विरोध में संथाल एकेडमी सभागार में सिदो कान्हू मुर्मू विवि छात्र समन्वय समिति की प्रमंडल स्तरीय बैठक शनिवार को आयोजित हुई। जिसमें नियोजन नीति के विरोध में तीन दिवसीय आंदोलन की रूप-रेखा पर चर्चा हुई। नियोजन नीति के विरोध में 17 अप्रैल से 72 घंटे का आंदोलन एसकेएमयू छात्र समन्वय समिति एवं झारखंड स्टेट स्टुडेंट यूनियन के अपील पर आहूत है। 17 सीएम आवास घेराव, 18 को राज्य के सभी 24 जिलों में मशाल जुलूस एवं 19 को झारखंड में चक्का जाम कार्यक्रम निर्धारित है। बंदी में एम्बुलेंस सेवा,प्रेस-मीडिया, बराती गाड़ी, पुलिस प्रशासन की गाड़ी, अग्निशमन सेवा, दूध वाहनों की छूट होगी।

### शैक्षणिक ज्ञान के अभाव में आत्म विश्वास की कमी व हीनता की भाव उत्पन्न होती है: डॉ विनोद

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी मनोविज्ञान विभाग में विभागीय सेमिनार का आयोजन शनिवार को हुआ। सेमिनार की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। सेमिनार का विषय वस्तु रहा युवाओं में मनःचिकित्सीय समस्याएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ शर्मा ने कहा कि आज युवा भय, तनाव व विषाद का पर्याय बन गया है। शैक्षणिक ज्ञान की कमी के कारण जहां उन्हें प्रतियोगिता की बैतरणी को पार करने में असफलता मिलती है।

### एसकेएमयू के दो छात्रों ने नेट जेआरएफ की उत्तीर्ण किया

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विवि के दो छात्र-छात्राएं नेट जेआरएफ क्वालीफाई किया। विष्वविद्यालय मुख्यालय पीजी के अंग्रेजी के सेमेस्टर 3 के प्रसनजीत मंडल अपने पढ़ाई के दौरान यूजीसी नेट परीक्षा में 88 फीसदी अंक से उत्तीर्ण हुआ। प्रसनजीत के नेट क्वालीफाई करने से पीजी अंग्रेजी विभाग समेत विष्वविद्यालय का मान बढ़ाया। दूसरे एसपी महिला कॉलेज की पूर्ववर्ती छात्रा कायनात गजल ने नेट क्वालीफाई की। कायनात डॉ हनीफ सर स्टूडेंट रह चुकी है। कायनात नेट की तैयारी करना एक मजेदार और चुनौतीपूर्ण यात्रा बताती है।

### खेल को खेल की भावना से खेलें: डीआईजी

**दुमका।** संथाल परगना प्रमंडल स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन शनिवार को हुआ। उद्घाटन डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने किया। इस प्रतियोगिता में 13 वर्ष से कम आयु वर्ग के युगल मुकाबले में 13 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। एकल मुकाबले में 42 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसके अलावा मेंस एकल में 25 खिलाड़ी एवं मेंस युगल मुकाबले में 21 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का रोचक मुकाबला वेटरन का होने वाला है। जिसमे 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### नाबालिग को भगाने वाला मुंबई से गिरफ्तार, गया जेल

**दुमका।** नाबालिग को भगा ले जाने के आरोप में नगर थाना पुलिस मुंबई पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर जेल भेज दी। मामला 5 अप्रैल को जरूवाडीह के रहने वाले नाबालिग के पिता ने मामला दर्ज कराया था। पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला कर गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही।

### सरेआम मुखिया की गोली मार कर हत्या

**हंसडीहा।** सरैयाहाट प्रखंड के हंसडीहा थाना क्षेत्र के बढ़ेत पंचायत के मुखिया सुरेश मुर्मू को हथियारों से लेंस अपराधियों ने हाई स्कूल हंसडीहा के समीप गोली मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार शाम करीब 7:30 बजे की बताई जा रही है। घटना के बारे में जानकारी के अनुसार मुखिया सुरेश मुर्मू हंसडीहा चौक से अपने घर जालवे गांव जाने के लिए अपने बाइक पर सवार होकर निकले थे। इसी बीच पहले से घात लगाए अपराधियों ने दनादन फायरिंग शुरू कर दी।

### हाइवा के टक्कर से बस पर सवार महिला गिरी, मौत

**जामा।** हाईवा और बस के भिड़ंत में बस पर सवार महिला की दर्दनाक मौत उसी बस के चपेट में आने से हो गई। दुर्घटना के बाद अनियंत्रित हाइवा बस को ठोकर मारने के बाद सड़क किनारे खेत में चली गई। घटना जामा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर स्टेट हाइवे के बारापलासी मुसवाचक गांव के समीप शनिवार को घटी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। मृतक महिला गोड्डा जिले के पौडेय़ाहाट थाना क्षेत्र के चामुडीह गांव की गोपाल यादव की 35 वर्षीय पत्नी मोखा देवी बतायी जा रही है।

# इलाजरत बस के सहायक चालक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव के समीप देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बस के सहायक चालक 38 वर्षीय पिंकू झा की शनिवार की दोपहर मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के जेब से मिले फोन नंबर के आधार पर शव की शिनाख्त हो सकी। पिंकू बिहार के बौंसी का रहने वाला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद देर शाम को शव को परिजन को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भर्ती कराया। अज्ञात वाहन से कुचल जाने के कारण उसके दोनों पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और सिर में भी गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने काफी प्रयास किया, लेकिन युवक के बारे में कुछ पता नहीं चला। दोपहर को मौत के बाद जब पोस्टमार्टम कर्मियों ने कपड़ों की तलाशी ली, तो नेकर की जेब में एक कागज पर लिखा फोन नंबर मिला। स्वास्थ्यकर्मी संजय झा ने जब उस नंबर पर फोन किया तो किसी अमित नामक युवक ने उठाया। पहले तो उसने घायल को जानने से इंकार कर दिया। जब उसे वीडियो काल से घायल को देखा तो बताया कि बस स्टैंड में जाने से पता चल जाएगा।

शायद किसी बस का सहायक चालक है। पुलिस ने जब स्टैंड गई तो पता चला कि वह कोलकाता जाने वाली परी बस में काम करता था। टिकट काउंटर से बस के चालक का पता चला। चालक ने पुलिस को बताया कि उसने पिंकू झा को खाने के लिए पैसे देकर बाबूपुर के पास उतार दिया था। सहायक चालक ने खाना के साथ जमकर शराब पी और सड़क में आकर घूमने लगा। तभी किसी वाहन ने टक्कर मार दी। चालक से घरवालों का मोबाइल नंबर लेकर पुलिस ने बात की और सारा घटनाक्रम बताया। परिजन ने तस्वीर देखकर शव की पहचान भी कर ली। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराकर देर शाम को परिजन को सौंप दिया। ठोकर मारने वाले वाहन की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।




# बेंगलुरु के सामने निकला दिल्ली कैपिटल्स का दम, मिली लगातार 5वीं हार

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.588 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.761 |
| गुजरात | 4 | 3 | 1 | 6 | +0.341 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 | -0.109 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 | +0.711 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 | +0.225 |
| बेंगलुरु | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.316 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.822 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.879 |
| दिल्ली | 5 | 0 | 5 | 0 | -1.488 |

**पर्पल कैप**



मार्क वुड
लखनऊ
विकेट: 11

**औरेंज कैप**



शिखर धवन
पंजाब
रन: 233



मैन ऑफ द मैच
विराट कोहली
50 रन
34 गेंद
06 चौका
01 छक्का

एजेंसी

**बेंगलुरु।** आइपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स का निराशाजक प्रदर्शन जारी है। डेविड वॉर्नर की टीम को लीग में लगातार 5वें मैच में हार मिली है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने सीजन का 20वें मुकाबले में बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली को 23 रन से हराया। टॉस हारकर पहले खेलते हुए आरसीबी ने 6 विकेट पर 174 रन बनाए। टीम ने तेज शुरूआत की थी लेकिन कुलदीप यादव की अगुआई में स्पिनरों ने मध्य ओवरों में कसी गेंदबाजी करते हुए बैंगलोर को 200 के पार नहीं जाने दिया। दिल्ली की टीम 9 विकेट पर 151 रन ही बना सकी। लगातार दो मैच हारने वाली आरसीबी की यह सीजन में दूसरी जीत है।

#### विराट कोहली की फिफ्टी

विराट कोहली (50 रन) के टूर्नामेंट में तीसरे अर्धशतक की बदौलत आरसीबी बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने भी तीन गगनचुंबी छक्कों से जड़ित 14 गेंद की पारी में 24 रन का योगदान दिया। लेकिन दिल्ली कैपिटल्स की स्पिन तिकड़ी कुलदीप (4-1-23-2), अक्षर पटेल (3-0-25-1) और ललित यादव (4-0-29-1) ने मध्य के ओवरों में आरसीबी की रन गति पर लगाम कसी। मिचेल मार्श (दो ओवर में 18 रन देकर दो विकेट) शादी के बाद टीम से जुड़े, उन्होंने भी आरसीबी के कप्तान फॉफ डुप्लेसी और महिपाल लोमरोर के विकेट झटककर अहम योगदान किया। आरसीबी 10 ओवर के बाद एक विकेट पर 89 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी। लेकिन फिर आरसीबी की टीम बैकफुट पर आ गयी और कुलदीप ने मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक के लगातार गेंदों में विकेट झटक लिये जिससे टीम का स्कोर छह विकेट पर 132 रन हो गया। इससे पहले अक्षर पटेल ने हर्षल पटेल की पारी खत्म की जिससे दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने 15वें ओवर में विकेट की हैट्रिक ली।

#### नहीं टिके दिल्ली के बल्लेबाज

दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ पहले ही ओवर में रनआउट हो गए। मिचेल मार्श दूसरे और यश ढुल तीसरे ओवर में पवेलियन लौटे। डेविड वॉर्नर ने कुछ अच्छे शॉट खेले। लेकिन पावरप्ले के आखिरी ओवर में विजयकुमार ने उन्हें आउट कर दिया।

### कोहली ने बनाया एक मैदान पर सर्वाधिक टी20 अर्द्धशतक का रिकॉर्ड

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आइपीएल 2023 के मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में एक स्थल पर सर्वाधिक अर्धशतक दर्ज करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। कोहली ने आरसीबी के घरेलू मैदान पर अपना 25वां टी20 अर्धशतक जमाकर यह कीर्तिमान रचा, जबकि इससे पहले यह रिकॉर्ड नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में 24 अर्धशतक जड़ने वाले एलेक्स हेल्स के नाम था। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने 33 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह 34 गेंद 50 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। आइपीएल 2023 में कोहली एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर तीन मैचों में तीन अर्द्धशतक बना चुके हैं। उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 44 गेंद पर 61 रन बनाने से पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ नाबाद 82 रन बनाकर अपने अभियान की शुरूआत की थी।

### स्कोर कार्ड

**बेंगलुरु : 174/6 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| कोहली कै. यशधुल बो. यादव | 50 | 34 | 6/1 |
| डुप्लेसिस कै. खान बो. मार्श | 22 | 16 | 3/1 |
| लोमरोर कै. पोरेल बो. मार्श | 26 | 18 | 0/2 |
| मैक्सवेल कै. वॉर्नर बो. यादव | 24 | 14 | 0/3 |
| पटेल कै. पोरेल बो. अक्षर | 06 | 04 | 0/1 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 20 | 12 | 3/0 |
| कार्तिक कै. ललित बो. यादव | 00 | 01 | 0/0 |
| अनुज रावत नाबाद | 15 | 22 | 1/0 |

अतिरिक्त : 11

विकेट पतन: 1-42, 2-89, 3-117, 4-132, 5-132, 6-132.

गेंदबाज : एनरिक नॉर्त्जे : 4-0-31-0, अक्षर पटेल : 3-0-25-1, मुस्तफिजुर रहमान : 3-0-41-0, मिशेल मार्श : 2-0-18-2, ललित यादव : 4-0-29-1, कुलदीप यादव : 4-1-23-2.

**दिल्ली:151/9(20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वॉर्नर कै. कोहली बो. विजय | 19 | 13 | 4/0 |
| पृथ्वी शॉ रन आउट (अनुज) | 00 | 02 | 0/0 |
| मार्श कै. कोहली बो. पार्नेल | 00 | 04 | 0/0 |
| धुल एलबी डब्ल्यू हसरंगा | 50 | 38 | 5/1 |
| पोरेल कै. पार्नेल बो. पटेल | 05 | 08 | 0/0 |
| अक्षर पटेल कै. सिराज बो. कुमार | 21 | 14 | 3/0 |
| अमन कै. कोहली बो. सिराज | 18 | 10 | 1/1 |
| ललित कै. मैक्सवेल बो. कुमार | 04 | 07 | 0/0 |
| एनरिक मॉर्त्जे नाबाद | 23 | 14 | 4/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 07 | 06 | 1/0 |

अतिरिक्त :03

विकेट पतन: 1-1, 2-1, 3-2, 4-30, 5-53, 6-80, 7-98, 8-110, 9-128.

गेंदबाज: मोहम्मद सिराज : 4-0-23-2, वेन पार्नेल : 4-0-28-1, विशक विजय कुमार : 4-0-20-3, शाहबाज अहमद : 1-0-11-0, वानिंदु हसरंगा : 3-0-37-1, हर्षल पटेल : 4-0-32-1.

### बुमराह व अय्यर पर BCCI मेडिकल रिपोर्ट, क्या वनडे वर्ल्ड कप से भी होंगे बाहर?

**मुंबई।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मध्यक्रम बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को लेकर बीसीसीआइ ने एक मेडिकल रिपोर्ट जारी की है। जसप्रीत बुमराह का न्यूजीलैंड में पीठ के निचले हिस्से की सफल सर्जरी के बाद भारत अब उन्हें दर्द से राहत है और उन्होंने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन शुरू कर दिया है। बीसीसीआई ने श्रेयस अय्यर के बारे में भी अपडेट दी और कहा कि यह बल्लेबाज अगले हफ्ते पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी करायेगा। सितंबर 2022 के बाद से क्रिकेट से बाहर चल रहे बुमराह एशिया कप और टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए थे और यह देखना होगा कि वह दो महीने के अंदर ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले भरत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए फिट होंगे या नहीं। बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा, 'बुमराह के पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी सफल रही और उन्हें अब कोई दर्द नहीं है।'

### कोहली बने प्लेयर ऑफ द मैच-बोले- मैंने पहले ही टीम को ये बात बता दी थी

**बेंगलुरु।** शनिवार को आइपीएल 2023 में बेंगलुरु के विराट कोहली ने 34 गेंदों में 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 50 रन बनाए। इस शानदार पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस कोहली ने कहा कि वह टीम को चेंज रूम में बता चुके थे किल जीत के लिए इस पिच पर 175 रन काफी है।कोहली ने कहा, मैं वास्तव में अच्छा खेल रहा हूं। मैंने चेंज रूम में लोगों को एक बात बताई कि इस पिच पर 175 रन काफी हैं। यह पिच बाद में काफी धीमा हो गया। हमने उस स्कोर तक पहुंचने के लिए अच्छा किया और हमें विश्वास था कि यह काफी है।

### स्कोर कार्ड

**लखनऊ :159/8 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| राहुल कै. अर्शदीप बो. एलिस | 74 | 56 | 8/1 |
| मेयर्स कै. हरप्रीत बो. ब्रार | 29 | 23 | 1/3 |
| दीपक हूडा एलबी डब्ल्यू रजा | 02 | 03 | 0/0 |
| पांड्या कै. खान बो. रबाडा | 18 | 17 | 2/0 |
| पूरन कै. खान बो. रबाडा | 00 | 01 | 0/0 |
| स्टॉयनिस कै.शर्मा बो. करन | 15 | 11 | 0/2 |
| आयुष बदोनी नाबाद | 05 | 06 | 0/0 |
| गौतम कै. रजा बो. करन | 01 | 02 | 0/0 |
| युधवीर सिंह कै. खान बो. करन | 00 | 01 | 0/0 |
| रवि बिश्नोई नाबाद | 03 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12

विकेट पतन: 1-53, 2-62, 3-110, 4-111, 5-142, 6-150, 7-154, 8-154.

गेंदबाज : मैथ्यू शॉर्ट : 2-0-10-0, अर्शदीप सिंह : 3-0-22-1, कगिसो रबाडा : 4-0-34-2, सैम करन : 4-0-31-3, हरप्रीत ब्रार : 2-0-10-1, सिकंदर रजा : 2-0-19-1, राहुल चाहर : 3-0-28-0.

**पंजाब :161/8 (19.3ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| तायडे कै. आवेश बो. युधवीर सिंह | 00 | 03 | 0/0 |
| प्रभसिमरन बोल्ड युधवीर सिंह | 04 | 04 | 1/0 |
| शॉर्ट कै. स्टोइनिस बो. गौतम | 34 | 22 | 5/1 |
| हरप्रीत कै. क्रुणाल बो. मांकड | 22 | 22 | 3/0 |
| रजा कै. स्टोइनिस बो. बिश्नोई | 57 | 41 | 4/3 |
| करन कै. क्रुणाल बो. बिश्नोई | 06 | 06 | 1/0 |
| जितेश कै. राहुल बो. वुड | 02 | 04 | 0/0 |
| शाहरुख खान नाबाद | 23 | 10 | 1/2 |
| हरप्रीत ब्रार कै. पूरन बो. वुड | 06 | 04 | 1/0 |
| कगिसो रबाडा नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त :07

विकेट पतन: 1-0, 2-17, 3-45, 4-75, 5-112, 6-122, 7-139, 8-153.

गेंदबाज: युधवीर सिंह : 3-0-19-2, आवेश खान : 3-0-24-0, मार्क वुड : 4-0-35-2, कृष्णप्पा गौतम : 4-0-31-1, क्रुणाल पंड्या : 3-0-32-1, रवि बिश्नोई : 2.3-0-18-2.







## शाहरूख ने आखिरी ओवर में पंजाब को दिलायी रोमांचक जीत, लखनऊ पर भारी पड़ी अपने ही कप्तान की पारी



एजेंसी

**लखनऊ।** आइपीएल 2023 के 21वें मुकाबले में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया है। लखनऊ पर अपने ही कप्तान केएल राहुल की पारी भारी पड़ी। कप्तान राहुल ने 74 रन बनाने के लिए 56 गेंदों को सामना किया। लखनऊ सुपर जायंट्स आठ विकेट पर 159 रन बनाये। पंजाब ने जवाब में मुकाबले को आखिरी ओवर में दो विकेट से अपने नाम कर लिया। 10 गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे और उनकी टीम को टूनार्मेंट में तीसरी जीत दिला दी।

#### चोट की वजह से नहीं खेले धवन

पंजाब के नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे में चोट के कारण टीम से बाहर है और उनकी गैरमौजूदगी में सैम कुरेन टीम की अगुवाई कर रहे है। कुरेन ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट के साथ टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उनके अलावा कागिसो रबाडा को दो जबकि अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बराड़ और सिकंदर रजा ने एक-एक विकेट चटकाये। राहुल ने काइल मायर्स (29 रन) के साथ 53 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई लेकिन क्रुणाल पंड्या (18) और मार्कस स्टोइनिस (15) अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। राहुल ने इस दौरान अपना 30वां रन लेते ही आईपीएल में 4000 रन पूरे किये। वह ऐसा करने वाले 14वें बल्लेबाज है। कुरेन ने गेंदबाजों का शानदार इस्तेमाल किया और बीच के ओवरों में लखनऊ के बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। पावरप्ले के बाद टीम का स्कोर बिना किसी नुकसान के 49 रन था। आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये हरप्रीत ने अपनी ही गेंद पर दौड़कर शानदार कैच लपककर मायर्स की पारी को खत्म किया। मायर्स ने 23 गेंद की पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाये। अगले ओवर में सिकंदर रजा ने दीपक हुड्डा (दो रन) को पगबाधा कर उनकी खराब लय को जारी रखा। राहुल और क्रीज पर आये क्रुणाल पंड्या ने 10वें ओवर में कुरेन के खिलाफ एक-एक चौका जड़ा। कप्तान ने 14वें ओवर में राहुल चाहर के खिलाफ चौका लगाकर 40 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। मैदानी अंपायर ने बल्लेबाज को आउट नहीं दिया जिसके बाद कुरेन ने डीआरएस लिया और रिप्ले में गेंद बल्लेबाज के गलव्स को छूते हुए विकेटकीपर के दस्तानों में जाती दिखी। अगले ओवर में अर्शदीप सिंह ने चौका खाने के बाद राहुल को चलता किया। आखिरी ओवर में कुरेन ने मायर्स की जगह इंपैक्ट प्लेयर के रूप में टीम में आये कृष्णप्पा गौतम (एक रन) और पदार्पण कर रहे युद्धवीर सिंह (0) को लगातार गेंदों पर चलता कर लखनऊ की पारी को 160 रन के अंदर रोक दिया।

### सिकंदर रजा बने पंजाब की जीत के हीरो

पंजाब की जीत के हीरो सिकंदर रजा को प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार से नवाजा गया, सिकंदर रजा ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो बहुत अच्छा लग रहा है। श्रेय शाहरुख खान को जाता है। अर्धशतक बनाकर अच्छा लगा, लेकिन अगर हम हार गए होते तो मुझे इतना अच्छा नहीं लगता। यह सबसे बड़े मंचों में से एक है। आप यहां हैं और आप अच्छा करना चाहते हैं। मेरे पास दो औसत खेल थे जो मेरे दिमाग में थे।

### राहुल ने बताई हार की वजह

**लखनऊ।** लखनऊ की हार के बाद कप्तान केएल राहुल ने कहा कि इस मैच में कुछ बल्लेबाज प्रदर्शन नहीं दे पाए और कहा कि अगर टीम 10 रन और बना लेती तो जीत मुमकीन हो सकती थी।केएल राहुल ने कहा, हम लगभग 10 रन कम थे, ओस आई और बल्लेबाजों को थोड़ी और मदद मिली। हमने गेंद से बहुत अच्छा नहीं किया। अगर कुछ खिलाड़ी चलते हैं, तो हम 180-190 रन प्राप्त कर सकते हैं, जैसे काइल मेयर्स और निकोल्स पूरन ने उस दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में अच्छा खेला, लेकिन दुर्भाग्य से आज कुछ बल्लेबाज सीमा रेखा पर कैच आउट हो गए। अगर वे आउट न होते तो स्कोर अलग हो सकता था।

### दिवाली के आसपास आयोजित हो सकता है महिला प्रीमियर लीग-2024




**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को अगले साल दिवाली के आसपास आयोजित करने पर विचार कर रहा है। डब्ल्यूपीएल का आयोजन त्योहारों के समय करने से यह टूनार्मेंट भारतीय पुरुष टीम के अंतरराष्ट्रीय मैचों से टकरा सकता है, लेकिन बीसीसीआइ का मुख्य लक्ष्य डब्ल्यूपीएल और इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के बीच फासला रखना है। इस साल 26 मार्च को डब्ल्यूपीएल समाप्त होने के महज पांच दिन बाद 31 मार्च को आइपीएल की शुरूआत हो गयी थी।

### टीम प्रबंधन ने मुझे खुद को अभिव्यक्त करने को कहा

बेंगलुरु। आरसीबी के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने आइपीएल पदार्पण में 20 रन देकर तीन विकेट के शानदार प्रदर्शन करने के बाद कहा कि वह अपनी नकल बॉल डालने को लेकर थोड़ा हिचक रहे थे लेकिन टीम प्रबंधन के उन्हें खुद को अभिव्यक्त करने की बात कहने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी लेंथ, रफ्तार में विविधता और नकल बॉल का चतुराई से इस्तेमाल किया जिससे दिल्ली के बल्लेबाज हैरान रह गये।

## शैली सिंह ने दूसरी लंबी कूद लगाकर बोरगोहेन का दोहरा खिताबी प्रदर्शन फीका किया

एजेंसी

**बेंगलुरु।** उत्तर प्रदेश की युवा शैली सिंह ने शनिवार को यहां इंडियन ग्रां प्री 4 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 6.76 मीटर की सर्वकालिक दूसरी लंबी कूद (भारतीय खिलाड़ियों में) लगायी जिससे वह स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं। वह इस कूद से अपनी आदर्श और मेंटोर अंजू बॉबी जॉर्ज से पीछे सर्वकालिक दूसरे स्थान पर काबिज हो गयीं। शैली के प्रदर्शन के सामने असम के धावक अमलान बोरगोहेन का पुरुष वर्ग में 100 और 200 मीटर का दोहरा खिताब भी फीका पड़ गया। उन्नीस साल की शैली ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में 28 सेंटीमीटर का सुधार किया। इस तरह वह सर्वकालिक ऊंची कूद लगाने की सूची में ऐश्वर्या बाबू (6.73 मीटर), जेजे शोभा और नीना (6.66), मयूखा जॉनी (6.64), एम प्रजुशा, नयना जेम्स और एन्सी सोजान (6.55) को पीछे छोड़कर अंजू बॉबी जॉर्ज (6.83 मीटर) के बाद दूसरी सर्वश्रेष्ठ भारतीय बन गयी। वह एशियाई खेलों के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा तय किये मानक को पार करने में सफल रहीं लेकिन 2023 विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मानक से नौ सेंटीमीटर से पिछड़ गयीं। शैली का चारों वैध कूद नयना जेम्स के 6.53 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर रहा। उनकी सीरीज 6.58 मीटर, फाउल, 6.76 मीटर, 6.64 मीटर, फाउल और 6.66 मीटर रही।

### सलीम दुर्रानी भारतीय क्रिकेट के 'प्रिंस' थे: खुर्शीद

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सलीम दुरानी की याद में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में शनिवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। दुरानी का दो अप्रैल को निधन हो गया था, वह 86 साल के थे। उनके चार दशक पुराने सहयोगी इंदर मलिक की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व क्रिकेटर, क्रिकेट कोच, खेल पत्रकार, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के अलावा दिल्ली के क्रिकेट प्रेमियों ने शरीक होकर दिवंगत दुरानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूनार्मेंट वास्तव में उम्मीदों पर खरा उतरा: वायुसेना प्रमुख चौधरी

**चंडीगढ़।** एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने शनिवार को कहा कि मार्शल ऑफ द इंडियन एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूनार्मेंट वास्तव में अंतरराष्ट्रीय मानकों की तुलना में खेल को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी स्तर तक बढ़ाने की अपनी उम्मीदों पर खरा उतरा है। वायुसेना प्रमुख ने कहा, यह जानकर खुशी हो रही है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रतिभागी टीमों के खेल मानकों और कौशल के स्तर में काफी वृद्धि हुई है। यह टूनार्मेंट वास्तव में हॉकी के खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तुलना में अत्यधिक प्रतिस्पर्धी स्तर तक ले जाने की अपनी उम्मीदों पर खरा उतरा है। टूनार्मेंट के चौथे चरण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे चौधरी ने रेलवे और चंडीगढ़ एकादश दोनों टीमों को रोमांचक फाइनल खेलने के लिये बधाई दी। इस करीबी मैच में रेलवे ने 5-4 से जीत दर्ज की।

## विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2023: राउंड-5

## नेपोमनिशी की वापसी डिंग को हराकर 3-2 से आगे

एजेंसी

**अस्ताना, कजाकिस्तान।** विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2023 के पांचवां राउंड एक बार फिर से एक बेहतरीन मुकाबले का गवाह बना और जहां पिछले राउंड में चीन के डिंग लीरेन नें शानदार वापसी करते हुए स्कोर बराबर किया था पिछले राउंड की हार से उबरते हुए रूस के यान नेपोमनिशी ने पांचवें राउंड में जीत दर्ज करते हुए एक बार फिर विश्व चैंपियनशिप में बढ़त बना ली और अब नेपो 3-2 से आगे हो गए है। सफेद मोहरो से खेल रहे नेपो नें एक बार फिर राय लोपेज ओपनिंग में भरोसा जताया खेल की 12 वीं चाल में अपने ऊंट से ओपनिंग से हटकर नयी चाल खेलते हुए डिंग को सोचने पर मजबूर कर दिया। शुरूआत से ही बोर्ड पर नेपो के मोहरो नें ज्यादा नियंत्रण लिया हुआ था




और डिंग के मोहरो के बीच खराब तालमेल के चलते 30वीं चाल में घोड़ो की अदला बदली के बाद नेपो ने मजबूत स्थिति हासिल कर ली और डिंग के राजा पर लगातार आक्रमण के चलते 48 चालों में जीत हासिल की। अब अगले राउंड में डिंग लीरेन सफेद मोहरो से खेलेंगे। 14 राउंड की विश्व चैंपियनशिप में अब 9 राउंड और खेले जाने बाकी है।

### पेज 1 का शेष

#### राज्य में भीषण...

**2600 मेगावाट तक है मांग :** झारखंड में 2600 मेगावाट बिजली की मांग है। दिन के समय ये मांग 2000 से 2200 मेगावाट रहती है। वहीं, बिजली की उपलब्धता 2200 से 2300 मेगावाट तक है। ऐसे में तीन से चार सौ मेगावाट तक की बिजली की कमी है। वहीं, पीक ऑवर के समय एनर्जी एक्सचेंज से 100 मेगावाट अतिरिक्त बिजली ली जा रही है। शुक्रवार को सेंट्रल एक्सचेंज से 140 मेगावाट बिजली मिली। ऐसे में बिजली की कमी के कारण अलग अलग इलाकों में घंटों लोड शेडिंग की जा रही है। **कहां से कितनी बिजली :** झारखंड में टीटीपीएस से लगभग 300 मेगावाट, सिकिदरी हाईडल पावर प्लांट से 100 मेगावाट, इंलैंड पावर से लगभग 50 से 60 मेगावाट उत्पादन किया जाता है। वहीं, सेंट्रल पुल से लगभग 700 मेगावाट बिजली दी जाती है। वहीं, राज्य के सात जिलों में डीवीसी की ओर से बिजली आपूर्ति की जाती है। ऐसे में अतिरिक्त बिजली पावर एक्सचेंज से खरीदकर पूरी की जायेगी।

#### आर्मी लैंड स्कैम: आरोपियों...

**एक और जमीन मामले में इडी कार्रवाई संभव :** बड़गाईं अंचल के चेशायर होम रोड की 60 कटठा जमीन पर भी इडी कार्रवाई कर सकती है। इडी के द्वारा गिरफ्तार पावर ब्रोकर के रूप में चर्चित प्रेम प्रकाश के करीबी पुनीत भार्गव ने इस जमीन पर करोड़ों रुपये लगाया था। बाद में यह भूमि शहर के बड़े रियल स्टेट कारोबारी को बेच दी गयी। चेशायर होम की जमीन खाता संख्या 37 और प्लॉट नंबर 28 के पेपर बाजार में भू- माफियाओं के पास मौजूद हैं। सभी इस जमीन पर अपनी- अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। जमीन की खरीद-बिक्री मात्र नौ करोड़ में की गई है, जबकि इसकी अनुमानत कीमत बाजार में 18 करोड़ रुपये बताया है। कोर्ट के आदेश पर सदर थाना में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है।

#### गुमला को पीएम...

**झारखंड के लिए पहला मौका :** यह पहला मौका है जब झारखंड के किसी जिले को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। पिछले एक वर्ष के अपने कार्यकाल में ही उपायुक्त सुशांत गौरव के प्रयासों से कई बेहतरीन कार्यों को गुमला में धरातल पर उतारा गया है। जिले में हर आम और खास व्यक्ति गुमला के समग्र विकास हेतु उपायुक्त सुशांत गौरव के जमीनी प्रयासों, संवेदनशील सोच एवं प्रशासनिक दक्षता की चर्चा कर रहा है। रागी मिशन को नयी ऊंचाई देना, एनीमिया उन्मूलन, टीबी मुक्त जिला की दिशा में प्रयास, दिव्यांगता पहचान एवं दिव्यांग कल्याण के लिए किये गए कार्य, पुस्तकालय क्रांति, खेल बैंक, शिक्षा क्षेत्र में अवसंरचनात्मक विकास, बांस शिल्पकारों का प्रशिक्षण एवं संवर्धन, टाना भगत समुदाय का बहुआयामी योजनाओं से आच्छादन, जिला से लेकर पंचायतों तक खेलों को बढ़ावा, पंचायतों का डिजिटाइजेशन, महिला स्वयं सहायता समूहों को बहुद्देशीय कार्यों में लगाना, मत्स्य पालन को नए आयाम देना, कृषि क्षेत्र में नवाचारी उपायों को अपनाना कुछ ऐसे उल्लेखनीय कार्य हुए जिसने गुमला की तस्वीर ही बदल गयी।

#### अतीक व अशरफ की ....

इस हमले में एक पुलिस कांस्टेबल भी घायल हुआ है, जिसका नाम मान सिंह है। दोनों के शवों को मेडकल कॉलेज के अंदर ले जाया गया है। ये हमला किसने की पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। इससे पहले गुरुवार को यूपी के झांसी में यूपी एसटीएफ ने अतीक अहमद के बेटे असद का एनकाउंटर कर दिया था। इसी के साथ शूटर गुलाम को भी ढेर किया गया था। एसटीएफ की टीम पिछले डेढ़ महीने से असद अहमद और गुलाम को ट्रेस कर रही थी। यह एनकाउंटर यूपी एसटीएफ के डिप्टी एसपी नवेंदु और डिप्टी एसपी विमल की अगुवाई में हुआ था।

## स्पीड न्यूज

### 24 घंटे में कोरोना के 10,763 नये मामले

**नयी दिल्ली।** देश में कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस महामारी के मामलों के बीच पिछले 24 घंटे में 10,763 नये मामले सामने आये है और इस दौरान संक्रमण से 21 लोगों की मौत हुई हैं। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 397 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,66,25,517 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 53,720 हो गयी है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,48,08,022 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,091 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 6,628 बढ़कर 4,42,23,211 पर पहुंच गया है।

### पाक में 14 रुपये तक बढ़ेंगे पेट्रोल के दाम!

**इस्लामाबाद।** नकदी संकट से जूझ रही पाकिस्तान सरकार पेट्रोल की कीमतों में 10-14 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ोतरी करने जा रही है। इससे पहले से ही आसमान छूती महंगाई से त्रस्त जनता पर और बोझ पड़ेगा। द न्यूज इंटरनेशनल ने उद्योग जगत के सूत्रों के हवाले से पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ने की आशंका जताई है। इसके मुताबिक, संघीय सरकार वैश्विक बाजारों में बढ़ती तेल कीमतों का हवाला देते हुए पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढा सकती है।

### कांग्रेस के हर विधायक से बात करेंगे रंधावा

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस में जारी राजनीतिक खींचतान के बीच प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा अगले हफ्ते पार्टी के हर विधायक से अलग- अलग संवाद करेंगे। पार्टी प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता के अनुसार, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी रंधावा के साथ रहेंगे।

### केरल : कुएं में गिरने से जंगली हाथी की मौत

**कोच्चि।** केरल के एनार्कुलम जिले में कोडनाड के पास जंगल के किनारे स्थित एक गांव में शनिवार तड़के एक जंगली हाथी की कुएं में गिरने से मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मादा हाथी पास के जंगल से भटककर गांव में आ गई और बाद में एक गहरे कुएं में मृत पाई गई।

### गंगानगर में तापमान 42.1 डिग्री पर पहुंचा

**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है जहां बीते 24 घंटे में सर्वाधिक अधिकतम तापमान गंगानगर में 42.1 डिग्री दर्ज किया गया। 18-19 अप्रैल को नया पश्चिमी विक्षोभ राज्य के ऊपर सक्रिय होने की संभावना है। श्रीगंगानगर सबसे गर्म स्थान के रूप में दर्ज किया गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# सूडान में राष्ट्रपति भवन पर कब्जा

## सेना-अर्द्धसैनिक बलों में झड़प, कई हवाई जहाज फूंके

एजेंसी

**खार्तूम।** सूडान में सत्ता पर काबिज सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच जारी घमासान भीषण हिंसा में तब्दील हो गया है। अर्धसैनिक बलों ने एक ओर जहां राष्ट्रपति भवन पर कब्जे का दावा किया है, दूसरी ओर वहीं आगजनी की चपेट में हवाई अड्डा भी आ गया है। कई हवाई जहाज जला दिये गए हैं।



सूडान में 2021 में सेना द्वारा तख्तापलट किए जाने के बाद से वहां के अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) और सेना के बीच घमासान जारी है। अब यह भीषण हिंसा में बदल गया है। सूडान की राजधानी में सेना मुख्यालय के पास गोलीबारी व धमाकों की आवाजें सुनी गयी हैं। आरएसएफ ने हवाई अड्डा अपने नियंत्रण में लेने की बात कही है। सेना ने कहा है कि आरएसएफ लड़ाके सैन्य मुख्यालय पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल नबील अब्दल्लाह ने कहा कि रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के लड़ाकों ने खार्तूम और सूडान के आसपास अन्य जगहों पर सेना के कई शिविरों पर हमला किया। झड़पें जारी हैं और सेना देश की सुरक्षा के लिए अपना कर्तव्य निभा रही है। इस बीच उत्तरी शहर मेरोव से भी गोलीबारी की जानकारी सामने आई है। टेलीविजन चैनलों पर सैन्य शिविर से उठते धुएं की तस्वीरें प्रसारित होती देखी गयी हैं।

आरएसएफ ने राजधानी खार्तूम में राष्ट्रपति भवन को पूरी तरह से नियंत्रित करने का दावा किया है। सेना व आरएसफ के बीच का घमासान डेढ़ वर्ष से अधिक समय से जारी है। सेना ने अक्टूबर 2021 में तख्तापलट किया था। तबसे वह संप्रभुता परिषद के जरिए देश को चला रही है।

सेना का नेतृत्व जनरल अब्देल फतह अल-बुरहान कर रहे हैं, जो संप्रभु परिषद के प्रमुख हैं। आरएसएफ की कमान परिषद के उपाध्यक्ष जनरल मोहम्मद हमदान डागालो के पास है। सूडान की सेना का मानना है कि आरएसएफ, अर्द्धसैनिक बल के तहत आती है और उसे सेना में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। ताजा झड़पों की वजह भी यही है।

### भारतीयों को बेहद सावधान रहने की सलाह

**नयी दिल्ली।** सूडान की राजधानी खार्तूम में बड़े पैमाने पर हिंसा के बाद सूडान स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और घरों में रहने की सलाह दी। दूतावास ने ट्वीट कर भारतीयों से शांत रहने और अद्यतन जानकारी का इंतजार करने का भी आग्रह किया। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया सभी भारतीयों के लिए सूचना। कथित गोलीबारी और झड़पों के मद्देनजर, सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने और तत्काल प्रभाव से घर के बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती है। कृपया शांत रहें और अद्यतन जानकारी की प्रतीक्षा करें।

# सेना के शीर्ष कमांडरों का सम्मेलन कल से

एजें

**पूर्वी लद्दाख में तीन साल से जारी गतिरोध की भी होगी समीक्षा**
**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19 अप्रैल को सम्मेलन को संबोधित करेंगे**

**नयी दिल्ली।** सेना के शीर्ष कमांडर सोमवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय सम्मेलन में चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और बल की युद्धक क्षमता बढ़ाने के तरीकों की व्यापक समीक्षा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि सम्मेलन में 13 लाख सैनिकों वाली सेना में सुधार की प्रक्रिया और विभिन्न उद्देश्यों के लिए कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स और वर्चुअल रियलिटी जैसी उच्च तकनीकों के उपयोग पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सम्मेलन में परिवर्तन वर्ष 2023 के तहत सेना की योजना, अग्निपथ योजना में हुई प्रगति और डिजिटलीकरण तथा स्वचालन पहलों पर चर्चा की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि चीन में भारत के राजदूत के तौर पर काम कर चुके पूर्व विदेश सचिव विजय गोखले की ओर से भारत-चीन संबंधों के भविष्य के संदर्भ में एक वार्ता भी आयोजित की जाएगी। यह सम्मेलन 17 से 21 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा जिसमें कमांडर पूर्वी लद्दाख में तीन साल से जारी गतिरोध के मद्देनजर वास्तविक नियंत्रण रेखा की समग्र स्थिति की समीक्षा करेंगे। सेना ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19 अप्रैल को सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह उच्च प्रौद्योगिकी, नवाचार, निगरानी के लिए समाधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रशिक्षण, रोबोटिक्स, वर्चुटल रियलिटी और परिचालन रसद पर केंद्रित उपकरणों के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे।

# डिनर टेबल से निकलेगा जलवायु परिवर्तन का हल

## मोदी ने दुनिया को दिया गुरुमंत्र, जनभागीदारी का किया आह्वान

एजेंसी

**▸▸ विश्व बैंक के मेकिंग इट पर्सनलः हाउ बिहेवियरल चेंज कैन टैकल क्लाइमेट चेंज को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित**



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक आंदोलन बनने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये रविवार कहा कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला केवल सम्मेलनों की मेज पर नहीं किया जा सकता। इस लड़ाई को हर घर में खाने की मेज पर भी लड़ना होगा। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से विश्व बैंक के कार्यक्रम मेकिंग इट पर्सनलः हाउ बिहेवियरल चेंज कैन टैकल क्लाइमेट चेंज को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने इस विषय के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव को स्वीकार किया और इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यह एक वैश्विक आंदोलन बन रहा है। चाणक्य को उद्धृत करते हुए प्रधानमंत्री ने मामूली कार्यों के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि अपने आप में, इस पृथ्वी के लिए किया जाने वाला प्रत्येक अच्छा कार्य मामूली लग सकता है। लेकिन जब दुनिया भर के अरबों लोग इसे एक साथ करते हैं, तो इसका प्रभाव बहुत बड़ा होता है। हमारा मानना है कि हमारी पृथ्वी के लिए सही निर्णय लेने वाले लोग हमारी पृथ्वी को बचाने के लिए लड़ाई में महत्वपूर्ण हैं। यही मिशन जीवन का मूल है।

श्री मोदी ने कहा कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में उन्होंने व्यवहारगत बदलाव की जरूरत के बारे में चर्चा की थी और अक्टूबर 2022 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव और उन्होंने मिशन लाइफ का शुभारंभ किया था। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि सीओपी-27 के परिणाम दस्तावेज की प्रस्तावना में भी स्थायी जीवन शैली और उपभोग के बारे में चर्चा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि लोग यह समझ लें कि केवल सरकार ही नहीं बल्कि वे भी योगदान दे सकते हैं, तो उनकी चिंता कार्रवाई में बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला केवल सम्मेलनों की मेज पर नहीं किया जा सकता। इस लड़ाई को हर घर में खाने की मेज पर भी लड़ना होगा। जब कोई विचार चर्चा की मेज से उठकर खाने की मेज पर पहुंचता है, तो यह एक जन आंदोलन बन जाता है। हर परिवार और हर व्यक्ति को इस बात से अवगत कराना होगा कि उनकी पसंद से पृथ्वी को बचाने की लड़ाई को विस्तार और गति प्रदान करने में मदद मिल सकती है। श्री मोदी ने भारत के उदाहरणों के साथ अपनी सोच की व्याख्या की और कहा कि जन आंदोलनों और व्यवहार में बदलाव के मामले में, भारत के लोगों ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान बहुत कुछ किया है। उन्होंने बेहतर लिंगानुपात, बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान, एलईडी बल्बों को अपनाने का उदाहरण दिया जो हर साल लगभग 3.9 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन से बचने में मदद करता है। लगभग सात लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को सूक्ष्म सिंचाई द्वारा कवर करके पानी की बचत करने का भी उन्होंने उल्लेख किया।

### कार्बन उत्सर्जन कटौती तेज करे अमीर देश : भूपेंद्र यादव

**नयी दिल्ली।** जापान के सप्पोरो में जलवायु, ऊर्जा और पर्यावरण के मुद्दे पर जी-7 मंत्रियों की हुई बैठक में भारत ने कहा कि वर्ष 2050 तक वैश्विक कार्बन उत्सर्जन नेट जीरो करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विकसित देशों को अपने उत्सर्जन में कटौती करने की दर को तेज करना होगा। जी-7 मंत्रियों के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि इससे भारत जैसे विकासशील देशों को अपने लोगों की जरूरतों को पूरा करने का अवसर मिलेगा । उन्होंने कहा कि साथ ही इससे जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक असर के खिलाफ तैयारी भी की जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण चुनौतियों से निपटने के लिए योजनाओं को लागू करने, वित्त और प्रौद्योगिकी तक पहुंच देने की जरूरत है। यादव ने कहा कि वर्ष 2050 में वैश्विक लक्ष्य उत्सर्जन को नेट जीरो को हासिल करने के लिए विकसित देशों को उत्सर्जन में कटौती करने की जरूरत है। इससे भारत जैसे विकासशील देशों को अपने लोगों को विकसित बनाने का अवसर मिलेगा जो उन्हें जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण गुणवत्ता में कमी और प्रदूषण से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए जरूरी है।

# कसारी-मसारी में अतीक अहमद के पुत्र असद का दफन हुआ शव

## जनाजे में नाना, मौसा सहित 35 रिश्तेदार हुए शामिल

एजेंसी

**प्रयागराज (उप्र)।** प्रयागराज के कसारी-मसारी स्थित कब्रिस्तान में शनिवार को माफिया अतीक अहमद के बेटे असद का शव भारी सुरक्षा के बीच दफनाया गया। उसके जनाजे में नाना और मौसा सहित कुल 35 करीबी रिश्तेदार शामिल हुए। कब्रिस्तान में अपर आयुक्त आकाश कुलहरी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। बाहर पुलिस ने बैरियर लगाया था। उसके आगे मीडिया के लोगों को भी जाने की इजाजत नहीं थी। आसपास के लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी गई थी। इससे सन्नाटा पसरा रहा। ड्रोन से भी निगरानी की गई। इसका कारण शाइस्ता के आने की सम्भावना थी।



कब्रिस्तान के अंदर पुलिस ने रजिस्टर रखा था। उसमें आईडी सहित नाम लिखकर ही कुछ लोगों को अंदर जाने दिया। उल्लेखनीय है पुलिस मुठभेड़ में मारे गए असद की मां शाइस्ता परवीन फरार है और उसके ऊपर 50 हजार का इनाम है। बेटे के मोह में उसके सरेंडर करने की सम्भावना जताई जा रही थी। पुलिस के मुताबिक अतीक के दो बेटे अली और उमर बाल सुधार गृह में हैं। भाई अशरफ भी जेल में है। बाकी शाइस्ता सहित अन्य नजदीकी परिवारी जन फरार हैं।

# टीएमसी के दो सांसदों के घरों पर सीबीआइ ने की छापेमारी

### शिक्षक भर्ती घोटाले के कई दस्तावेज बरामद

**कोलकाता।** सीबीआई ने स्कूल में नौकरी भर्ती घोटाले के संबंध में शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और बीरभूम जिलों में टीएमसी सांसदों जीवनकृष्ण साहा और विभास अधिकारी के घरों पर छापेमारी की। सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि सीआरपीएफ कर्मियों के साथ एक टीम ने मुर्शिदाबाद जिले के बुरवान में साहा के आवास पर छापा मारा और दस्तावेजों से भरा एक बैग जब्त किया, जिसके घोटाले से जुड़े होने का संदेह है। अधिकारी ने कहा कि बैग साहा के घर के पास जंगल से मिला। एजेंसी ने विभास अधिकारी के शहर के एमहर्स्ट स्ट्रीट स्थित फ्लैट और बीरभूम के नलहाटी स्थित आवास पर भी छापेमारी की।

### केजरीवाल बोले-अगर मैं भ्रष्ट हूं तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि मै भ्रष्ट हूं तो फिर दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है। केजरीवाल ने दावा किया भाजपा के नेता उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं और अगर पार्टी ने जांच एजेंसी को उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दिया है तो वह ऐसा करने से इनकार नहीं कर सकती है। केजरीवाल ने सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए मोदी पर भी निशाना साधा।

### अमृतपाल सिंह को शरण देने के आरोप में पंजाब में दो गिरफ्तार

**होशियारपुर।** अलगाववादी अमृतपाल सिंह को शरण देने के आरोप में पंजाब में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान होशियारपुर जिले के बाबक गांव निवासी राजदीप सिंह और जालंधर जिले के रहने वाले सरबजीत सिंह के रूप में की गई है। राजदीप सिंह और सरबजीत सिंह को शुक्रवार रात मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जिन्होंने उन्हें एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

पुलिस ने अमृतपाल सिंह और उसके संगठन वारिस पंजाब दे के सदस्यों के खिलाफ पिछले महीने कार्रवाई शुरू की थी। खालिस्तान समर्थक अमृतपाल 18 मार्च को जालंधर जिले में पुलिस के जाल से बच निकला था और वह तभी से फरार है।

# पायलट का नहीं आयेगा नंबर

एजेंसी

**शाह ने किया तंज, भ्रष्टाचार के पैसे से कांग्रेस का खजाना भर रहे हैं गहलोत**



**भरतपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राजस्थान में कांग्रेस में जारी कलह पर कटाक्ष किया और भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण सहित अनेक मुद्दों को लेकर राज्य की अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने गहलोत सरकार को राज्य की अब तक की सबसे भ्रष्टतम सरकारों में से एक करार देते हुए आरोप लगाया कि गहलोत भ्रष्टाचार के पैसे से कांग्रेस का खजाना भर रहे हैं और पायलट का कांग्रेस में नंबर नहीं आएगा। शाह ने दावा किया कि इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा राज्य में दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम व लोकप्रियता तथा भाजपा की विचारधारा के आधार पर चुनाव में उतरेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि गहलोत सरकार तीन डी के आधार पर चल रही है जिसमें पहले डी का अभिप्राय दंगा है, दूसरे डी का अभिप्राय महिलाओं से दुर्व्यवहार और तीसरे डी का अभिप्राय दलितों पर अत्याचार है। शाह शनिवार को यहां बूथ अध्यक्ष संकल्प महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट के बीच जारी राजनीतिक खींचतान पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि अभी ये दोनों लोग सत्ता के लिए लड़ रहे हैं, गहलोत जी लड़ रहे हैं जो (मुख्यमंत्री पद से) उतरना नहीं चाहते। पायलट जी कहते हैं मैं (मुख्यमंत्री) बनना चाहता हूंङ्क भइया काहे लड़ रहे हो सरकार तो भाजपा की बननी है। ये खामखा झगड़ा कर रहे हैं जो चीज है ही नहीं उसके लिए लड़ रहे हैं। शाह ने कहा कि पायलट जी आप कितना भी करो आपका नंबर नहीं आएगा। आपका योगदान, शायद जमीन पर गहलोत जी से थोड़ा ज्यादा हो सकता है मगर कांग्रेस के खजाने में गहलोत जी का योगदान ज्यादा है, आपका नंबर नहीं लगेगा।

# सारा खान ने शेयर की सिडनी ट्रिप की वीडियो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने अपनी सिडनी ट्रिप की एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है। वीडियो की शुरूआत में सारा कहती हैं, 'नमस्ते दर्शको'। इसके बाद सारा सिडनी घूमने निकल पड़ीं। वहां उन्होंने देसी लुक भी कैरी किया है। इसके अलावा सारा विदेश में अपने देसी अंदाज में 'चाका चक' गाने पर डांस करती हुई भी नजर आईं। सारा ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हारने का समय नहीं, हमेशा गतिमान। स्विम, वर्कआउट। यात्रा करें, अनुभव करें, सुधार करें'।

## ईद पर रिलीज होगी चिन्टू और काजल की फिल्म इश्क

**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू और अभिनेत्री काजल राघवानी की आने वाली फिल्म इश्क ईद के अवसर पर 21 अप्रैल को रिलीज होगी। साईदीप फिल्मस प्रस्तुत फिल्म इश्क के निमार्ता राजकुमार आर पांडेय हैं। फिल्म की कहानी और निर्देशन भी राजकुमार आर पांडेय ने खुद किया है। उन्होंने इस फिल्म को लेकर कहा कि इश्क एक फ्रेश लव स्टोरी है।हमने कहानी में प्रेम और सामाजिक बुनावट में उसकी स्थित को हकीकत का एंगल देते हुए तैयार किया है। हमारी फिल्म की जो कहानी है, वह आम तौर पर हमारे बीच अमूमन देखी जाती है। इस कहनी में जितना प्रेम और इमोशन है, उतना ही एक्शन और थ्रिल भी है। वहीं, फिल्म को लेकर चिंटू ने कहा कि मेरे लिए फिल्म इश्क बेहद महत्वपूर्ण है। इस फिल्म की कहानी ने मेरा दिल को छु लिया है। हमने इस फिल्म को पूरे शिद्दत से बनाया है। इसलिए उम्मीद है कि भोजपुरी के हमारे दर्शक इसे पसंद करेंगे। यकीन मानिए, इश्क जो भी एक बार देख लेगा, उससे जरूर भोजपुरी सिनेमा से प्यार हो जाएगा। राघवानी ने कहा कि फिल्म इश्क की कहानी ऐसी है कि मुझे भी इससे इश्क हो गया है। ऐसी फिल्में भोजपुरी सिनेमा का कद बढ़ाती हैं।










